सुप्रभात
रांची, मंगलवार
13.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 35



12 बेटी का इब्राहिम से अफेयर पर श्वेता तिवारी ने तोड़ी चुप्पी

### न्यूज डायरी

## डीजीपी आज करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता 13 अगस्त को नक्सली संगठन और स्प्लिंटर के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में एडीजी अभियान, आईजी अभियान, सीआरपीएफ आईजी स्पेशल ब्रांच के अलावा सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, एसटीएफ डीआईजी और एसपी बोकारो, चाईबासा,चतरा, लातेहार, गिरिडीह, लातेहार व पलामू भाग लेंगे। इन क्षेत्रों में कार्यरत सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों को भी बैठक में शामिल होने के लिये कहा गया है।

## राज्यपाल दुमका व सीएम रांची में करेंगे ध्वजारोहण

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उप राजधानी दुमका में जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के मोरहाबादी मैदान में ध्वजारोहण करेंगे। हेमंत सोरेन कैबिनेट के मंत्रियों द्वारा अपने-अपने जिले में ध्वजारोहण किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड के मंत्रियों द्वारा जिला मुख्यालयों में ध्वजारोहण किया जायेगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सोमवार को आदेश जारी किया।

## पलामू में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में सोमवार को बारिश के दौरान वज्रपात होने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। घटना पहाड़ी कला एवं नौगढ में हुई। दो महिलाएं जख्मी हैं। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। मृत एवं जख्मी महिलाएं खेतों में धानरोपनी कर रही थी। पहाड़ी कला में वज्रपात से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल है। दूसरी घटना लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नौगढ़ में हुई है, वहां एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो जाने की सूचना है। एक की पहचान सविता देवी के रूप में हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

## सुब्रतो कप : जूनियर गर्ल्स फाइनल में

**नयी दिल्ली।** मदर इंटरनेशनल स्कूल, रांची, झारखंड मंगलवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले जाने वाले 63वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में बांग्लादेश क्रीरा शिखा प्रोतिष्ठान (बीकेएसपी) से भिड़ेगा। सोमवार को तेजस फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में मदर इंटरनेशनल ने पिछले साल के उपविजेता जीएसएसएस, अलखपुरा, हरियाणा को एक रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में 4-2 मात दी, जबकि बांग्लादेश क्रीरा शिखा प्रोतिष्ठान ने मणिपुर के पोरोमपत सबल लीकाई हाई स्कूल को मीरा खातून की एकमात्र गोल की बदौलत हराया।

### बिहार में जहानाबाद के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में हादसा

# भगदड़ में आठ श्रद्धालुओं की मौत,दर्जनों की हालत नाजुक

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड स्थित वाणावर पहाड़ी पर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में रविवार की मध्य रात्रि को भगदड़ मच गयी जिससे इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में पांच महिला और तीन पुरुष हैं। वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए हैं, इनमें तीस की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि रात करीब एक बजे स्थानीय विक्रेताओं और श्रद्धालुओं के बीच किसी मुद्दे पर विवाद के बाद भगदड़ की घटना हुई। इनमें कुछ मृतकों की पहचान कर हो गयी है। वहीं कुछ लोगों का आरोप है कि लाठीचार्ज की वजह से भगदड़ मची। जानकारी के अनुसार सावन का चौथा सोमवार होने के कारण देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ थी। श्रद्धालु संकरे गंगा एवं गऊघाट मार्ग से बाबा सिद्धनाथ के दर्शन करने के लिए पहाड़ पर पहुंच रहे थे। अचानक मंदिर के पास अफरा-तफरी मची और लोग इधर-उधर भागने लगे।

नगर थाना प्रभारी दिवाकर विश्वकर्मा का कहना है कि कई स्रोत से जानकारी मिली कि भीड़ नियंत्रण में कई तरह की खामी रही। वरीय अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। घटना दुखद है। जांच में दोषी पाए गए लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



घटना के बाद घायलों को अस्पताल ले जा रहा एंबुलेंस और जुटी भीड़

### जल भरने के दौरान नदी में भगदड़, आपदा मित्रों ने दर्जनों महिलाओं को डूबने से बचाया



**पटना।** भागलपुर जिले में चौथी सोमवारी पर एसएम कॉलेज घाट पर नदी में जल भरने के दौरान श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गयी। इस दौरान कई लोग नदी में डूबने लगे, जिन्हें वहां तैनात जवानों ने बचाया। बता दें कि जलाभिषेक के लिए जल भरने के दौरान कुछ श्रद्धालु बैरिकेडिंग तोड़कर नहाने के लिए नदी में उतर गए। इसके बाद वहां भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी। इससे 50 से अधिक महिलाएं और लड़कियां नदी में डूबने लगीं, जिसके वहां तैनात आपदा मित्रों ने नदी में छलांग लगाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे के बाद जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वह नदी में बैरिकेडिंग से दूर रहें और सावधानी बरतें।

## बंगाल और असम में तेज रफ्तार वाहन ने 11 कांवरियों की ली जान

- उत्तर बंगाल में छह कांवरियों की सड़क हादसे में मौत जबकि असम के कोकराझार में सड़क हादसे में पांच बोलबम कांवरियों की मौत

**कोलकाता/असम।** पश्चिम बंगाल में बागडोगरा के मुनि चाय बागान इलाके में सोमवार सुबह सड़क हादसे में छह कांवर तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। यह हादसा 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। यह श्रद्धालु भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए पैदल जंगलीबाबा मंदिर जा रहे थे। रास्ते में एक बेकाबू कार ने इनको चपेट में ले लिया। हादसे में कुछ अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है।

उधर, असम के कोकराझार जिले के गोसाईगांव सब डिवीजन के चुगांव में सोमवार सुबह सड़क हादसे में पांच बोलबम कांवड़ तीर्थ यात्रियों की मौत हो गयी। इन लोगों को एक वाहन ने चपेट में लिया। चार लोगों की मौके पर और एक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हो गयी। यह लोग पूजा करने के बाद बोलेरो पिकअप में चढ़ रहे थे, तभी एक ट्रक उन्हें टक्कर मारने के बाद फरार हो गया।

## बैद्यनाथ धाम में 3 लाख से अधिक शिवभक्तों ने किया जलार्पण




### केंद्र ने पीड़ित राज्यों के साथ की समीक्षा बैठक

# नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बनी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में सोमवार को सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय नक्सलियों पर प्रभावी कार्रवाई करने की रणनीति बनायी गयी। समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने, सीमावर्ती राज्यों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समय-समय पर समन्वय स्थापित कर नक्सलवाद पर संयुक्त अभियान चलाने व तत्काल सुदृढ़ कार्रवाई करने की भी रूपरेखा बनायी गयी। इसके साथ ही उग्रवाद प्रभावित राज्यों के बीच समन्वय पर जोर दिया गया। वीसी के जरिये हुई बैठक में झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने प्राप्त सूचना को समय से साझा करने और नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की जरूरत बतायी। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद को लेकर की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधियों पर नकेल कसने और सभी स्तरों पर अंतरराज्यीय समन्वय बैठकों के लिए पुलिस तंत्र की कार्य योजना की रूपरेखा पर चर्चा की।

### समन्वय अभियान चलाने पर जोर

बैठक में आईजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर ने झारखंड के सभी सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय नक्सली गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए ससमय सूचना के आदान-प्रदान पर बल दिया। सीमावर्ती राज्यों ओड़िशा व छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों के दौरान समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर, आइबी के संयुक्त उप निदेशक उत्कर्ष प्रसून, विशेष शाखा के डीआइजी कार्तिक एस के अलावा नक्सल प्रभावित राज्यों के वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## लोकायुक्त व अन्य पदों पर 15 दिनों में नियुक्ति



**रांची।** मुख्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक रिक्त पदों पर नियुक्ति के मामले पर हाईकोर्ट में अब छह सितंबर को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि लोकायुक्त एवं अन्य पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया लगभग पूरी हो गयी है। नियुक्ति 15 दिनों के अंदर कर ली जाएगी। अदालत ने इस पर महाधिवक्ता को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई छह सितंबर को निर्धारित की।

बता दें कि संवैधानिक रिक्त पदों को भरने के लिए हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन एवं राजकुमार ने जनहित याचिका दायर की है। इस पर सुनवाई करते हुए पूर्व में अदालत ने सरकार को जल्द रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया था।

# झारखंड में मिला जासूस गिद्ध!

### गिद्ध के शरीर में बंधा है बांग्लादेशी ट्रैकिंग डिवाइस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के विष्णुगढ़ स्थित कोनार डैम के पास सोमवार को अत्याधुनिक डिवाइस लगा एक गिद्ध मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। इसके साथ उसके पैरों में लगी एक रिंग में बांग्लादेश की राजधानी ढाका लिखी है। ये गिद्ध अब चर्चा का विषय बना हुआ है। यह बात आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गयी कि एक जासूस गिद्ध हजारीबाग के विष्णुगढ़ में मिला है।


गिद्ध पर लगी डिवाइस पर नंबर और अंकित हैं और लिखा है कि ये मिलने पर किसे संपर्क करें। बांग्लादेश में सियासी तनाव, हिंसा के बीच एक गिद्ध का भारत कैसे पहुंचा इसी पर लोग चर्चा कर रहे हैं। डिवाइस भी बांग्लादेश का बना हुआ है जो जासूसी के क्रम में यहां पर पहुंचा।

काफी ऊहापोह की स्थिति के बीच इस गिद्ध का बारीकी से जांच की गयी। इस ट्रैकिंग डिवाइस की बारीकी से जांच करने पर उन तमाम अटकल पर विराम लग गया, जो कुछ देर के लिए शहर के लोगों के बीच खूब चर्चा में थी।




इधर पक्षी पर शोधकर्ता मुरारी सिंह ने इन तमाम अफवाहों पर विराम लगा दिया। मुरारी सिंह का कहना है कि ये गिद्ध काफी सफर तय करके आया है जो काफी थका हुआ भी लग रहा है। यह एक प्रकार ट्रैकिंग डिवाइस है जो सीधे सैटेलाइट से जुड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि इस गिद्ध पर यह ट्रैकर बांग्लादेश के खुलना में लगाया गया था। यह देखा जा रहा था कि गिद्ध प्रवास के लिए किन-किन स्थानों पर जाती है। भोजन की तलाश में इनका क्षेत्र कहां तक फैला हुआ है। इसी अनुसंधान को लेकर यह ट्रैकर लगाया गया होगा। यह गिद्ध बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल के खड़गपुर और धनबाद होते हुए हजारीबाग पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह अफवाह फैल रही है कि यह ट्रैकर जासूसी के लिए उपयोग में लाया जा रहा था जो गलत है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में भारत में भी पंछियों पर अन्वेषण और उनकी गिनती करने के लिए भी पैरों में एक चिन्ह लगाया गया था। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए और ऐसे पक्षियों को नुकसान न पहुंचाया जाये।

## जुमार नदी में डूबे छात्र का शव मिला



**रांची।** रांची की जुमार नदी में डूबे मनन विद्या स्कूल के दसवीं के छात्र पियूष का शव एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार को बरामद कर लिया। रविवार की रात को यह हादसा हुआ था। नदी पार कर रहे अपने दोस्त को बचाने के चक्कर में पीयूष पानी की तेज धार में बह गया था। उसका शव डूबने वाली जगह से करीब 4 किलोमीटर दूर बरामद हुआ। उसकी तलाश में रविवार से ही एनडीआरएफ की टीम जुटी हुई थी। स्थानीय गोताखोर भी तलाश कर रहे थे। पीयूष बिहार के गया जिला का रहने वाला था।

# हवलदार की हत्या कर अस्पताल से कैदी फरार

### जघन्य वारदात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कैदी मो. शाहिद अंसारी ने सोमवार की सुबह सुरक्षा में तैनात हवालदार चौहान हेंब्रम की लोहे की रॉड से मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। इस घटना के बाद अफरा-तफरी फैल गयी। घटना के बाद पूरे पुलिस-प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गयी। घटना की सूचना पाते ही हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष समेत कई पुलिस के वरीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। इधर फरार हत्यारे सजायाफ्ता को गिरफ्तार करने के लिए पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



हत्या कर फरार होने वाले कैदी पर हत्या के कई मामले बोकारो और धनबाद में दर्ज हैं। कुछ दिनों से उसका इलाज हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। जानकारी के अनुसार वो मूल रूप से धनबाद का रहने वाला है। उसकी उम्र लगभग 41 वर्ष है और इसका ताल्लुक प्रिंस गिरोह से भी होने की बात कही जा रही है।

ज्ञात हो कि शाहिद अंसारी पर धनबाद में हत्या और बलात्कार करने के आरोप में सजा हुई थी।

### एनआइआरएफ ने वर्ष 2024 के शैक्षणिक संथानों की रैंकिंग जारी की

# आइआइटी मद्रास को छठी बार देश का बेस्ट एजुकेशनल इंस्टीट्यूट का खिताब

- देश के टॉप-3 यूनिवर्सिटीज में आइआइएस बेंगलुरु, जेएनयू और जामिया को मिली जगह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एनआइआरएफ यानी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क ने शैक्षणिक संस्थानों की वर्ष 2024 की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें आइआइटी मद्रास लगातार छठी बार देश का बेस्ट एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बना है। वहीं देश के टॉप 10 एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स में 7 आइआइटी शामिल हैं। टॉप यूनिवर्सिटीज की रैंकिंग में बेंगलुरु का इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस पहले स्थान पर है। वहीं दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दूसरे और जामिया मिलिया इस्लामिया तीसरे स्थान पर है।

बता दें कि एनआइआरएफ हर साल कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज की कैटेगरी वाइज रैंकिंग जारी करता है। इस बार 46 कैटेगरी में रैंकिंग जारी की गयी है। वर्ष 2023 में ये रैंकिंग-11 कैटेगरी में जारी की गयी थी। इनमें सभी कॉलेज, विश्वविद्यालय, रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फामेर्सी, डेंटल, आर्किटेक्चर व लॉ कॉलेज हैं।



| ओवरऑल टॉप टेन | बेस्ट इंजीनियरिंग कॉलेज |
|---|---|
| 1. आइआइटी मद्रास | 1. आइआइटी मद्रास |
| 2. आइआइएमसी बेंगलुरू | 2. आइआइटी दिल्ली |
| 3. आइआइटी बॉम्बे | 3. आइआइटी बॉम्बे |
| 4. आइआइटी दिल्ली | 4. आइआइटी कानपुर |
| 5. आइआइटी कानपुर | 5. आइआइटी खड़गपुर |
| 6. आइआइटी खड़गपुर | 6. आइआइटी रूड़की |
| 7. एम्स नई दिल्ली | 7. आइआइटी गुवाहटी |
| 8. आइआइटी रूड़की | 8. आइआइटी हैदराबाद |
| 9. आइआइटी गुवाहटी | 9. एनआइटी तिरूचिरापल्ली |
| 10. जेएनयू नई दिल्ली | 10. आइआइटी वाराणसी |

### चिकित्सकों ने केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा, पांच मांगें रखीं

# सीबीआई जांच पर चिकित्सक अड़े मृतका को त्वरित न्याय दिलाये केंद्र

- कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ देशभर के चिकित्सकों में रोष

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ देशभर के चिकित्सकों में रोष है। देश भर के कई सरकारी अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरर्स हड़ताल पर हैं। इस बीच फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अविरल माथुर ने कहा कि पूरे देश के चिकित्सक आरजी कर मेडिकल कॉलेज के मामले में एकजुट हैं।

फोर्डा इंडिया के अध्यक्ष डॉ. अविरल माथुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फोर्डा ने गृहमंत्री को लिखे पत्र में पांच मांगें रखी हैं। इसमें रेजीडेंट डॉक्टरों को सुविधा देने, आरजी कर मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदार अधिकारियों का इस्तीफा लेने, डॉक्टरों के साथ पुलिस क्रूरता बंद की जाए, मृतका को त्वरित न्याय दिलाने के साथ, स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाना शामिल है। माथुर ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर कई अस्पताल में हड़ताल पर हैं। हमने आपातकालीन सेवाओं में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी है। विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की मांग है कि सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए। इस मामले की पारदर्शी तरीके से जांच हो और मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

महासचिव डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा कि फोर्डा ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को तुरंत हटाने की मांग की है। इसके साथ ही सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपनी हड़ताल तब तक जारी रखेंगे जब तक कि उन्हें लिखित आश्वासन नहीं मिलता।

उल्लेखनीय है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना गुरुवार-शुक्रवार की रात की घटी थी। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। गुरुवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे से वो गायब थीं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85000 रु./प्रति किलो |



# 15 माह से मानदेय नहीं, भुगतान को लेकर धरना पर अतिथि शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों को पिछले 15 माह से मानदेय नहीं मिल रहा है। इसे लेकर वह सोमवार से रांची विश्वविद्यालय परिसर में अनि?तकालीन धरना पर बैठ गए हैं। सुबह 11 बजे विभिन्न महाविद्यालयों से सभी शिक्षक रांची विश्वविद्यालय पहुंचे, परंतु कुलपति अजीत कुमार सिन्हा के विश्वविद्यालय में अनुपस्थिति के कारण उनसे वार्ता नहीं हो पाई। वार्ता नहीं होने पर संघ निर्णय लिया कि जब तक हमारा वेतन का भुगतान नहीं हो जाता है, तब तक हमलोग रांची विश्वविद्यालय परिसर में ही शांतिपूर्ण तरीके से धरना में बैठेंगे। मौके पर संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि उच्च एवं तकनीक की शिक्षा विभाग एवं रांची विश्वविद्यालय किसी को भी हमारी चिंता नहीं है। अब आर्थिक एवं मानसिक रूप से हमारी स्थिति इतनी नाजुक हो गई है। हमारे साथ किसी भी वक्त अप्रिय घटना घट सकती है। इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? जिस विभाग के सर्वोपरि स्वयं कुलाधिपति सह राज्यपाल हों, इस विभाग की जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री के हाथ में हो और उसके शिक्षकों को 15 महीना से मानदेय का भुगतान न किया जाए। यह उच्च शिक्षा के खोखलेपन को दशार्ती है। वहीं मांडर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक मनमोहन टुडू ने कहा कि जब परमानेंट शिक्षकों को 10 दिन का वेतन नहीं मिलता है, तो उसके लिए पूरी सरकार जोर लगा देती है। लेकिन आज हमें 15 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। सोचिए कि हमारी जिंदगी कैसे चल रही होगी? एक हमारे शिक्षक पैसे की कमी से अपना मोटर साइकिल बेच दिए हैं। वहीं हम लोग उधार में पैसा लेकर विश्वविद्यालय की सेवा कर रहे हैं। इसके बाद भी रांची विश्वविद्यालय हमारे लिए असंवेदनशील है।

मालूम हो कि रांची विश्वविद्यालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशन से वर्ष 2015-16 से इन नेट उत्तीर्ण कक्षा/घंटी आधारित अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति जीईआर बढ़ाने एवं शिक्षकों की कमी को देखते हुए की गई है।

इन्हीं के बदौलत कई विभागों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही सभी मॉडल कॉलेज की जिम्मेदारी इन्हीं पर है। धरना में सूरज विश्वकर्मा, अभिषेक आर्यन,विकास कुमार, शाहबाज आलम, मनीष मिश्रा, शिवकुमार, निहारिका महतो, दीपशिखा, श्वेता शाहदेव, प्रियंका, रंजू कुमारी, आलोक उत्पल, अनीश, डॉ सतीश तिर्की डॉक्टर अमित कुमार, डॉ चक्षु पाठक, डॉ सुषमा, आदि उपस्थित थीं।

## उत्पाद आयुक्त के पद पर अमित प्रकाश ने किया योगदान

**रांची।** उत्पाद आयुक्त के पद आईएएस अधिकारी अमित प्रकाश ने सोमवार को योगदान कर दिया। योगदान के साथ ही उन्होंने उत्पाद विभाग के अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी लोग अपने कतर्व्य का निर्बहन ईमनदारी से करें। बताते चलें कि बीते शनिवार को ही सरकार ने उन्हें उत्पाद आयुक्त की जिम्मेवारी सौंपी है।

## अरवा राजकमल ने भवन निर्माण सचिव का पदभार संभाला

**रांची।** राज्य के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (2008) के अधिकारी अरवा राजकमल ने भवन निर्माण विभाग के सचिव पद का सोमवार को स्वतः पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद राजकमल ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि राज्य सरकार के जितने भी भवन निमार्णाधीन है, उनके काम मे तेजी लायी जायेगी। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। साथ ही भवन निगम के लिए नयी योजनाएं भी लायी जायेंगी। पुराने भवनों के जीर्णोद्धार का भी काम किया जायेगा। नया सचिवालय भवन का निर्माण प्राथमिकता मे रहेगा। साथ ही एएलए फ्लैट के निर्माण कार्य मे तेजी लायी जायेगी।

## जेएसएलपीएस के नए सीईओ व मनरेगा कमिश्नर मंजूनाथ भजंत्री ने संभाला पदभार

**रांची।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के नए सीईओ के तौर पर सोमवार को मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार संभाला। रांची के इटकी रोड स्थित जेएसएलपीएस के दफ्तर में मंजूनाथ भजंत्री ने जिम्मेदारी संभालते हुए सबसे पहले विभाग के तमाम पदाधिकारी के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ किस तरीके से ग्रामीण महिलाओं को पहुंचाया जा सके, इसे लेकर कार्य योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। वहीं पूर्व सीईओ संदीप कुमार ने कहा कि उनका एक साल का कार्यकाल बेहतर रहा है और कई चीज सीख कर वह यहां से जा रहे हैं। संदीप कुमार ने मंजूनाथ भजंत्री को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

## एचआईवी मरीजों के साथ भेदभाव मिटाने को किया जाएगा जागरूक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को झारखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सभागार में इंटेंसिफाइड आइइसी कंपेन कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इस अभियान के लिए झारखंड सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आइइसी अभियान के माध्यम से झारखंड के लोगों को, विशेषकर युवाओं को एचआईवी और यौन संचारी रोगों को लेकर जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा एचआईवी मरीजों के साथ हो रहे भेदभाव के बारे में जागरूकता फैलायी जाएगी। 1 सितबंर से इस अभियान की शुरूआत हो जाएगी, जो 2 महीने तक चलेगा।

झारखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक पवन कुमार ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय स्तर, जिला स्तर, प्रखंड स्तर और ग्राम स्तर पर चलाया जाएगा। अभियान से संबंधित सभी विभाग भी अभियान का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, ताकि एचआईवी से जुड़ी सही जानकारी लोगों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने या गले लगाने से संक्रमण नहीं होता है और ना संक्रमित व्यक्ति के कपड़े पहनने या इसके साथ खाना खाने से होता है। इसलिए एचआईवी मरीज के साथ हो रहे भेदभाव को हमें रोकना है और लोगों को जागरूक करना है। मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मीडियाकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश की मीडिया संस्थानों से अनुरोध किया गया कि इस अभियान का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर करें। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, सीएसटी झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति डॉ बदल चंद भकत, उप निदेशक, बीएसडी सत्य प्रकाश प्रसाद, अपर परियोजना निदेशक, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, डॉ एसएस पासवान, एनएसएस प्रभारी, डीएसपीएमयू डॉ सोनाली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 1 सितबंर से होगी आइइसी अभियान की शुरूआत

## सीसीएल में दो दिवसीय राजभाषा तकनीकी कायार्शाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीसीएल में दो दिवसीय राजभाष तकनीकी कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को मुख्यालय स्थित प्रकाश हॉल में हुआ। कार्यशाला का विषय उच्च स्तरीय एमएस ऑफिस व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस था। कायार्शाला का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मुख?य वक?ता के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व मुख?य प्रबंधक, एडवांस माइक्रोसाफ्ट के विशेषज्ञ श्री ओम प्रकाश अग्रवाल थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि ऑफिस के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी कंम्प्यूटर की अनिवार्यता हो गयी है। आज की कार्यशाला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि तकनीक के साथ राजभाषा को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी पर है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला से भरपूर लाभ लेने की जरूरत है। सीखने के साथ-साथ अपने सहकर्मियों के साथ भी अर्जित ज्ञान साझा करें, तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य पूरा होगा।

महाप्रबंधक (अ.स्था/राजभाषा) संजय ठाकुर ने कहा कि हमारे दैनिक कार्यनिष्पादन में एमएस वर्ड,एक्सेल से संबंधित जो भी समस्या आती है वह इस कार्यशाला से निश्चय ही हल हो सकता है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ओम प्रकाश अग्रवाल कंम्प्यूटर की नवीनतम तकनीकों विशेषकर एमएस वर्ड के विभिन्न तकनीकी पहलुओं एवं टूल्स से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशाला में मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन महाप्रबंधक (अधि.स्था/राजभाषा) संजय ठाकुर, दिविक दिवेश, बलिराम सिंह एवम अन्य के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है।

## दल बदल व नेता प्रतिपक्ष मामले में भाजपा व मरांडी की याचिका हाईकोर्ट ने की निष्पादित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने दल बदल एवं सदन में नेता प्रतिपक्ष के मामले में मामले को लेकर दाखिल भाजपा एवं बाबूलाल मरांडी की याचिका को निष्पादित कर दिया। वहीं प्रदीप यादव की याचिका को एकल पीठ में स्थानांतरित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में अमर कुमार बाऊरी का चयन हो चुका है। ऐसे में अब इस याचिका की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए यह याचिका निष्पादित की जाती है।

वही राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के पद नियुक्ति के संबंध में कोर्ट ने राज्य सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में वर्तमान स्टेटस बताने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 अगस्त निर्धारित की है। इससे पहले सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया गया कि मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन और सूचना आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में आवेदन मांगा गया था, जिसकी अंतिम तिथि खत्म हो चुकी है। मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को लेकर आवेदकों के आवेदन की स्क्रुटनी का काम खत्म हो गया है, वहीं सूचना आयुक्त की नियुक्ति के मामले में स्क्रुटनी का कार्य चल रहा है। जल्दी सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

राज्य सरकार की ओर से संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के संबंध में स्टेटस बताने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई।

## डीसी-एसपी को सरकार का आदेश एनएच की सड़कों से हटायें अतिक्रमण

### सुप्रीम कोर्ट ने किया है अनिवार्य, जिले के अफसरों को करना होगा सहयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड अंतर्गत सभी नेशनल हाईवे से अतिक्रमण हटाया जायेगा। इसे लेकर राज्य सरकार ने सभी डीसी, एसपी को आदेश दे दिया है। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट से बीते 30 अप्रैल को एक वाद की सुनवाई में आदेश पारित हुआ था। इसमें सभी लोकल अथॉरिटी और पुलिस प्रशासन के लिए यह अनिवार्य किया गया था कि वे नेशनल हाइवे से अतिक्रमण हटाने में फील्ड के अधिकारियों का सहयोग करें। इसके बाद केंद्रीय सड़क, परिवहन और हाइवे मंत्रालय की ओर से 10 अप्रैल को ही झारखंड सहित सभी राज्यों को पत्र लिखा गया है ओर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए राष्ट्रीय उच्च पथों के किनारे से अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया। इसके लिए राज्यों की भूमिका तय की गयी। पथ निर्माण विभाग झारखंड के अपर सचिव ने यह स्पष्ट निर्देश जिले के उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को दिया है और अविलंब जिले अंतर्गत पड़ने वाले नेशनल हाइवे व स्टेट हाइवे इत्यादि से अवैध तरीके से घर-मकान-दुकान, ठेला-खोमचा लगाने वाले को हटाने की दिशा में उचित कार्रवाई को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन के तहत हर तरह के सुरक्षात्मक कदम भी उठाने को कहा है।

**हाईवे व एनएचएआई की सड़कों से हटेगा अतिक्रमण :** पथ निर्माण विभाग ने विभाग अंतर्गत सड़कों के साथ-साथ सड़क, परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय व एनएचएआई की सड़कों से भी अतिक्रमण हटाने को कहा है। अतिक्रमण की वजह से कई योजनाएं पेंडिंग चल रही है, ऐसे में विभाग ने प्राथमिकता से इन सड़कों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। जाम फ्री आवागमन के लिए सड़कों के लिए अवैध अतिक्रमण हटाया जायेगा।

### कई हाईवे परियोजना में अतिक्रमण

झारखंड में अभी सड़क निर्माण की कई बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है बरवाअड्डा-पानागढ़ सेक्शन जीटी रोड में धनबाद के गोविंदपुर और निरसा बाजार में अतिक्रमण की वजह से काम नहीं हो पा रहा है। इसी तरह ओरमांझी-गोला-बोकारो एक्सप्रेस-वे में भी कई जगह अवैध निर्माण है। इसके अलावा रांची-कुडू-वाराणसी फोरलेन रोड, कोलकाता-रांची-वाराणसी हाईवे सहित अन्य सड़क परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है।

## हरेक विस की तीन बीएलओ को किया जायेगा सम्मानित : के रवि कुमार

### लोकसभा चुनाव से संबंधित सांख्यिकीय रिपोर्ट पुस्तिका का भी हुआ विमोचन

### झारखंड में सैल्यूट टू बीएलओ और इलेक्शन क्विज कार्यक्रम की लांचिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** निर्वाचन आयोग के द्वारा सैल्यूट टू बीएलओ और इलेक्शन क्विज कार्यक्रम लॉन्च किया गया। सोमवार को निर्वाचन भवन में कार्यक्रम का पोस्टर लॉच आयोजन किया गया। इसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, ओएसडी गीता चौबे, इंडिया स्टैट के आरके ठकराल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा चुनाव की सांख्यिकीय रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। सीईओ ने बताया कि विधानसभा में चुनाव के दौरान बेहतर काम करनेवाले बीएलओ को सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत हरेक विधानसभा से तीन बीएलओ को सम्मानित किया जायेगा।

**16 अगस्त से इलेक्शन क्विज का रजिस्ट्रेशन शुरू :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि यूथ को चुनाव के प्रति मोटिवेट करने के लिए क्विज का आयोजन किया जा रहा है। इसका रजिस्ट्रेशन 16 अगस्त से 26 सितंबर तक चलेगा। 29 सितंबर को ऑनलाइन क्विज परीक्षा होगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी जिलों के विजेता प्रतिभागियों की ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता राजधानी रांची में होगी, जिसमें विजेता को प्रथम पुरस्कार 50000रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 20000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं प्रत्येक जिला के विजेता को 10000 रुपये दिए जायेंगे। इसमें झारखंड का कोई भी वोटर भाग ले सकता है। निर्वाचन से संबंधित व्यक्ति को छोड़ कर।

### सैल्यूट टू बीएलओ कार्यक्रम

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सैल्यूट टू बीएलओ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सीईओ ने बताया कि राज्य में 29562 बीएलओ हैं और चुनाव कराने में इनकी अहम भूमिका होती है। फील्ड में रहने वाले बीएलओ को सम्मानित करने के पीछे उन्हें मोटिवेट करना है। उन्होंने बताया हर विधानसभा क्षेत्र से तीन बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कहा कि कुछ बीएलओ को राज्यपाल से भी सम्मानित करवाया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### सीयूजे बाउंड्री वॉल पर जवाब नहीं आने से हाईकोर्ट नाराज कहा- स्टूडेंट्स की सुरक्षा पर नहीं दिख रही गंभीरता

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर झारखंड हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड अपना जवाब दाखिल करने में इंटरेस्टेड नहीं है। दो-तीन बार से सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा जा रहा है। सोमवार को फिर समय की मांग की गई है। अगर ऐसा है तो कोर्ट एचआरडी सचिव को सूचित करेगा की सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड अपना जवाब दाखिल नहीं करना चाहती है। कोर्ट ने कहा कि सीयूजे के नए भवन के निर्माण में करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। स्थानीय विवाद के कारण उसका बाउंड्री वॉल भी नहीं बन पाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी पूछा है कि वह सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के बाउंड्री वॉल के संबंध में अपना जवाब अब तक क्यों नहीं दाखिल की है। आवासीय विश्वविद्यालय होने के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए बाउंड्री वॉल जरूरी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त निर्धारित करते हुए सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड एवं राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दे कि अरुण कुमार दुबे की ओर से सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड का निर्माण जल्द पूरा कराने और भाड़े की भवन की बजाय सीयूजे के अपने नए भवन में चलाने का आग्रह किया है।

### आईएएस मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी हाईकोर्ट ने रद्द की

**रांची।** देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने भजंत्री के खिलाफ सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी रद्द कर दी है। निशिकांत दुबे ने अगस्त 2022 में भजंत्री के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर करायी थी। इसके बाद जीरो प्राथमिकी के आधार पर देवघर थाना में भजंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया था कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे, तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया। प्रार्थी का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं, इसलिए इससे संबंधित जीरो एफआईआर को रद्द किया जाए। दिल्ली में दर्ज करायी गई जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दी गई थी। जिसके आधार पर देवघर के कुंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### जज उत्तम आनंद के हत्यारों की बेल पर अंतिम सुनवाई आज

**रांची।** धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को अंतिम सुनवाई होगी। सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में दोनों दोषियों की याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सब्यसांची ने बहस की। दरअसल झारखंड में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम उत्तम आनंद की हत्या मामले में धनबाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने 22 जुलाई ऑटो चालक लखन वर्मा और उसके सहयोगी राहुल को को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार रूपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। सीबीआई कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

### पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, बाबूलाल व संजय सेठ को हाईकोर्ट से राहत 14 तक बरकरार

**रांची।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, संजय सेठ समेत 27 को हाईकोर्ट से मिली राहत 14 अगस्त तक बरकरार रहेगी। वर्ष 2023 में सचिवालय मार्च के दौरान इन नेताओं पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी रद्द कराने के लिए सभी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। सोमवार को सुनवाई के दौरान इस मामले में सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया गया। इस आग्रह को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने सुनवाई 14 अगस्त को निर्धारित की और पूर्व में इनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश बरकरार रखा। भाजपा की ओर से बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के विरोध में इस मार्च का आयोजन किया गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस, वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था और लाठीचार्ज भी किया था। सचिवालय तक मार्च पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास, अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी और राज्य के पार्टी सांसदों के नेतृत्व में शुरू हुआ था। पुलिस के मुताबिक पार्टी कार्यकताओं के एक समूह ने बोतलें और पत्थर फेंके, जिससे कुछ पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी घायल हो गए थे। भाजपा कार्यकताओं ने पुलिस बैरिकेड तोड़कर बलपूर्वक आगे बढ़ने की कोशिश की थी, जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े थे और प्राथमिकी दर्ज की थी।

### भगवान और सुनील को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग के आरोपी भगवान भगत और सुनील यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस अगस्टिन जॉर्ज मसीह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई के बाद जमानत प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व रांची के पीएमएलए कोर्ट और हाईकोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट में दोनों की ओर से कहा गया कि इस मामले में उनके खिलाफ ईडी के पास कोई साक्ष्य नहीं है, जबरन उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### छवि रंजन एवं विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर 23 को होगी सुनवाई

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद.फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और कारोबारी विष्णु अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर 23 अगस्त को सुनवाई होगी। मामले में ईडी को जवाब दाखिल करनी है। मामले की सुनवाई पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हो रही है। दोनों ने 19 जुलाई को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है। जानकारी हो कि छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में भी आरोपी हैं। इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में है। चेशायर होम मामले में भी कुछ दिनों बाद उनको रिमांड पर लिया गया। तब से छवि रंजन जेल में हैं। जबकि विष्णु अग्रवाल जमानत पर चल रहे हैं।

### घुसपैठिये बन गये हैं झामुमो के वोटर : बाउरी

रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को राज्य सरकार पर फिर बड़ा निशाना साधा है। श्री बाउरी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हेमंत सरकार कार्रवाई करने से डर रही है। ये घुसपैठिये झामुमो के वोट बैंक बन चुके हैं इसलिए राज्य सरकार इनका संरक्षक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये आदिवासी दलित समाज के लोगो की संपत्ति पर कब्जा कर रहे। बहन बेटियों से शादी कर के जमीन पर कब्जा कर रहे है। इतना ही नहीं हिंदू आबादी को अपना घर द्वार छोड़कर भागने को मजबूर कर रहे है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में तारानगर, गोपीनाथपुर, गाय बथान जैसे गांव में घुसपैठियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये राज्य को दीमक की तरह चाट रहे हैं और राज्य सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि एक तरफ उच्च न्यायालय ने घुसपैठियों के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुये राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिये है। फिर भी हेमंत सरकार इसकी लीपा पोती में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि बाहर में राज्य सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ से इंकार करती है। वही कोर्ट में एफिडेविट कर स्वीकार भी करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।

# बोलबम के जयकारों से गूंजा पहाड़ी मंदिर परिसर

**प्रातः 3 बजे सरकारी पूजा के बाद भक्तों के लिए पट खोला गया**

**लगभग 1.5 लाख श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया**

**संध्या में पहाड़ी बाबा का विशेष श्रृंगार एवं छप्पन भोग के साथ की गयी महाआरती**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चौथी सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर में बाबा का जलाभिषेक करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। रात्रि एक बजे से ही भक्त पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक के लिए कतारवद्ध दिखे, प्रातः तीन बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से, रुद्रा अभिषेक कर उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, रांची पहाड़ी विकाश समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय, प्रवक्ता बादल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा की गयी। पूजा उपरांत अरघा लगा कर सभी भक्तों के लिए पट खोला गया। लगभग 1.5 लाख श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया। बोलबम के जयकारों से पहाड़ी मंदिर परिसर गूंज उठा। पूरे मंदिर परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया गया। समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि सोमवार को रांची एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से भक्तों का जनसैलाब दिखा। समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि भक्तों के बीच महाप्रसाद को लेकर काफी उत्साह था, सभी भक्त कतारवद्ध होकर महाप्रसाद क्रय कर रहे थे। राजेश साहू ने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि कृपया महंगे आभूषण पहन कर भीड़ भाड़ में ना आये। सफल आयोजन में मुख्य रूप से पूर्व आयुक्त जटा शंकर चौधरी समिति के अध्यक्ष आईएएस पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, वित्त प्रभारी राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह, हेम सिंह, राजेन्द्र सिंह, अजय सिंह, अंकित, संजना शर्मा, मंदिर पुजारी मनोज मिश्रा, पिंटू बाबा, राधा मोहन पाठक, मंदिर स्टाफ प्रदीप ठाकुर, शेरू आदि लोग मौजूद रहे। यह जानकारी मंदिर प्रबंधन समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने दी।

## पहाड़ी बाबा की भव्य संध्या महाआरती

**महाआरती के बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का किया गया वितरण**

**तमाम अतिथियों को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्रावण मास की चौथी सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा संध्या 5:00 बजे पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की भव्य संध्या महाआरती की गई। महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजायमान हो गया उसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही तमाम अतिथियों को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया।

संध्या महाआरती में विशेष रूप से नन्द किशोर सिंह चंदेल, उज्जवल कुमार सिन्हा, रीना सिंह, कैलाशी, अरविंद सिंह, गीता सिंह, विनय सिंह, विपिन सिंह, डॉ मुकेश सिंह, मंजुला बेरा, अविनाश सिंह राजपूत, नीलू सिंह, संजय कुमार सिंह, राजू सिन्हा, संध्या देवी, सविता देवी, अलिशा सिंह, अमूल्य कुमार सिंह, हर्ष कुमार सिन्हा, सुनील यादव, विकास सिंह, अमन ठाकुर, सुनीता पांडे, दीपांजलि गर्ग, दीपमाला वर्मा, लखन कुमार, ललित साव, मनीष राणा, सुजाता वर्मा, राहुल, मोनू शर्मा, मंजुला बेरा, बासु बेरा, शिल्पी कुमारी वर्मा, नीलम शर्मा, अंजना सिन्हा, आरती वर्मा, धर्मेंद्र पाठक, शशि भूषण कौशिक, प्रीति रागनी सहित कई भक्तगण शामिल हुए।

### आखरी सोमवारी को भव्य महाआरती में 500 महिलाएं होंगी शामिल

मुख्य द्वार संध्या महाआरती के आयोजक नन्द किशोर सिंह चंदेल ने बताया कि श्रावण मास के आखरी सोमवारी को भव्य महाआरती 500 महिलाओं के द्वारा किया जाएगा, उसके महाभंडारा का प्रसाद वितरित किया जाएगा साथ ही अलौकिक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी।

## सुरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े शिव भक्त

**प्रातः 4 बजे मंदिर का पट शिवभक्तों के जलाभिषेक के लिए खोल दिया गया**



खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** स्वर्णरेखा नदी तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर चुटिया में श्रावण महीने के चौथी सोमवारी को प्रातः 4 बजे मंदिर का पट शिवभक्तों के जलाभिषेक के लिए खोल दिया गया। प्रातः से ही शिवभक्तों ने बड़ी संख्या में कतार बद्ध होकर शिवलिंग पर जलभिषेक किया। लगभग 25000 से भी ज्यादा शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। बोल बोम और हर-हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संध्या में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और महाआरती हूई।

विशेष आरती में धनबाद के डीएसपी दीपक कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाऐं एवं पुरुष शामिल हुए। आरती के उपरांत 111 किलो खीर का भोग वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, ऋतिक राज, संजयकुमार, कृष्णा साहु उर्फ गुड्डु, गुजा तिर्की, मनपुरण नायक, रतन लाल, शत्रु नायक, विक्रम साहू, धनंजय सिंह, रंजित राम, शत्रु नायक, शंभू साहू, राकेश कुमार साहू, दशरथ सिंह, नरेन्द्र साहू समेत सभी मंदिर कमिटी के सदस्य शामिल होकर पुजा अर्चना कर बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया।

### जिला मुख्यालय में कैबिनेट मंत्री फहरायेंगे तिरंगा

**रांची।** राज्य के कैबिनेट समन्वय विभाग ने सभी जिलों के डीसी को स्वतंत्रता दिवस के लिये आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कैबिनेट मंत्री अपने जिले में झंडा फहरायेंगे। मुख्य कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी और दुमका में होगा। इसके तहत चंपई सोरेन- सरायकेला-खरसांवा, डॉ रामेश्वर उरांव- लोहरदगा, सत्यानंद भोक्ता- चतरा, बैद्यनाथ राम- लातेहार, दीपक बिरूआ - पश्चिम सिंहभूम, बन्ना गुप्ता- पूर्वी सिंहभूम, डॉ इरफान अंसारी- जामताड़ा, मिथिलेश ठाकुर- गढ़वा, हफीजुल हसन- देवघर, बेबी देवी- बोकारो, दीपिक पांडेय सिंह - गोड्डा में तिरंगा फहरायेंगे।

## मॉल ऑफ रांची अपनी पहली वर्षगांठ पर कर रहा कई इवेंट्स



**आज शुरुआत प्रशंसित बैंड हैडपिक्ड के लाइव परफॉर्मेंस से होगी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मॉल ऑफ रांची अपनी पहली वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए कई इवेंट्स का आयोजन करेगा। सोमवार को मॉल के महाप्रबंधक सुब्रत सान्याल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि रांची के लोगों द्वारा पिछले एक वर्ष में मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए अत्यंत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन को यादगार बनाने के लिए कई शानदार इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरूआत आज शाम प्रशंसित बैंड हैडपिक्ड के लाइव परफॉर्मेंस से होगी। शॉपिंग फेस्टिवल का समापन एक बहुप्रतीक्षित लकी ड्रा के साथ होगा। जिसमें लोगों को स्टारकेड द्वारा प्रायोजित वनप्लस मोबाइल फोन, आर.जी. द्वारा सेलुलर वनप्लस टेलीविजन हाय डिजाइन हैंडबैगस, प्रेमसंस होंडा द्वारा होंडा स्कूटी, बाइक ग्रैंड प्राइस में सिंघानिया स्कोडा द्वारा स्कोडा स्लाविया कार सहित अन्य पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।

**खबर एक नजर में**

### राष्ट्रीय सनातन युवा मंच ने लगाया सेवा शिविर



**रांची।** राष्ट्रीय सनातन युवा मंच के द्वारा सावन माह के चतुर्थ सोमवारी को भी नि :शुल्क सेवा शिविर का आयोजन प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर लगाया गया। संस्था की ओर से 151/लिटर दुध का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य मे मुख्य रूप से विधायक सीपी सिंह ,रमेश सिंह, संदीप वर्मा, राहुल चौधरी, बालमुकुंद सहाय, वरुण साहू, के के गुप्ता,करन कर्मकार ,रानी मुसकान ,पंकज वर्मा, निशात पांडे, जितेन्द्र यादव, सुमी वर्मा, अराधना झा ,वीना श्री, अक्षय मिश्रा, साकेत सिंह, सागोरिका, अरुण, राहुल कर्मकार, कैलाश पंडित, विभु सिंह, प्रताप कर्मकार आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड ने पांच मंदिरों में नि:शुल्क पूजन सामग्री का किया वितरण



रांची। श्रावण मास के सोमवारी के अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड ने सरोवरनगर स्थित सूर्य मंदिर,शिव मंदिर,महामृत्युंजय मंदिर ,डैम साइड शिव मंदिर में दूध,बेलपत्र,फूल,भांग,सम्मी का पत्ता,अष्टगंध का नि :शुल्क वितरण किया। इस अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू,अशोक पाठक, कौशलेश कुमार प्रजापति,अजीत सिन्हा,र मुन्ना कुमार,ऋषभ कुमार,आयुष कुमार अग्रवाल,राष्ट्रीय सैनिक संस्था महिला विंग की स्वेता आर्य,अनुषा कुमारी,प्रेरणा कुमारी उपिस्थत थी।

### एमएमके हाई स्कूल में क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन



**रांची।** एमएमके हाई स्कूल में क्राफ्ट और ड्राइंग वर्कशॉप का आयोजन सोमवार को किया गया। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य छात्रों में कला और रचनात्मकता का विकास करना था। वर्कशॉप में कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और उन्होंने विभिन्न प्रकार की क्राफ्ट और ड्राइंग तकनीकों को सीखा। इस वर्कशॉप का संचालन अनुभवी कला शिक्षकों अनीता कुमारी द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रकार की कला शैलियों और तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने रंगों का प्रयोग, पेपर क्राफ्टिंग, पेंटिंग और स्केचिंग जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ तनवीर अहमद ने बताया कि इस प्रकार के वर्कशॉप्स बच्चों की कल्पनाशक्ति और उनके कला कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को नई चीजें सीखने का अवसर मिले। वर्कशॉप के अंत में, विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### छह डीएफओ का तबादला

**रांची।** रविवार को वन विभाग के छह अफसरों का तबादला किया गया। इसमें सिमडेगा के डीएफओ रोशन कुमार को कोडरमा भेज दिया गया है। सीएफआरआर और सीएफआर की 41 दावों की स्वीकृति के लिए उपायुक्त सहित सभी सदस्य सामुदायिक वन अधिकार पप्ता पर सहमति दे दी। लेकिन, डीएफओ ने पटटा देने से इनकार कर दिया। सरकार के खिलाफ काम करने के मामले में उनका तबादला कोडरमा किया गया।

### डकैती मामले में ठोस साक्ष्य के अभाव में चार बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को दुकान में डकैती मामले में ट्रायल फेस कर रहा चार आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत में सुनवाई के दौरान चारों आरोपियों संजीव लोहराए संजय लोहराए बलवंत सिंह एवं सुनील लोहरा पर लगे आरोप अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर सका। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने अदालत में पक्ष रखा था। उन्होंने बताया कि एक आरोपी बलवंत सिंह किसी और केस में गुमला जेल में बंद था। फैसले के समय उसको वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया था। अन्य तीन आरोपी जमानत पर था। चारों पर अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित पंकज कुमार अम्बष्ट की दुकान में 15 जून 2021 को डकैती हुई थी। सभी डकैत मास्क लगाये हुये था। करीब सात लाख रुपये की डकैती हुई थी। घटना को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया था। आरोपियों के पास से डकैती की राशि भी बरामद हुई थी। अभियोजन की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किया गया था। लेकिन, मामले के मुख्य दो गवाह जांच अधिकारी एवं सूचक पंकज अम्बष्ट की गवाही देने अदालत तक नहीं पहुंचा। इसका लाभ आरोपियों को मिला।

## केस का खुलासा करने वाले हुए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपने- अपने थाना क्षेत्रों में कांड का उद्भेदन करनेवाले पुलिसकर्मियों को ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। एसपी ने मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में अपराध कर्मियों के द्वारा एक कंटेनर को जलाने में शामिल अपराधकर्मियों को हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजने में शामिल पुलिस अवर निरीक्षक गोविंद कुमार थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज, पुअनि अजीम अंसारी थाना प्रभारी चान्हो, पुअनि राकेश कुमार, पुअनि दीपक कुमार मैक्लुस्कीगंज थाना, सअनि बलेन्द्र सिंह, तकनीकी शाखा, आरक्षी संतोष कुमार रजक, आरक्षी रंजीत कुमार तिवारी, चाआ 3618 अजय कुमार रवि, आरक्षी 1207 शशि मंडल बैक, आरक्षी 2403 सुख सागर सिंह शामिल हैं। वहीं तीन अपराधकर्मियों हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने में शामिल पुअनि अभिषेक राय थाना प्रभारी नगड़ी, पुअनि देवानंद कुमार यादव नगड़ी थाना, आरक्षी 1819 अमित कुमार, आरक्षी 2923 कौशल किशोर झा, आरक्षी 1556 संजय मिंज, आरक्षी 584 नित्यानंद साह, आरक्षी 1358 एतवा मुंडा, आरक्षी 2729 प्रमोद कुमार पासवान तथा राहे थाना क्षेत्र में अर्जुन महतो नामक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या करने में शामिल अभियुक्त को पश्चिम बंगाल, पुरुलिया से घटना घटित होने के सात घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजने में शामिल पुअनि फैज रब्बानी थाना प्रभारी राहे तथा पिंटू कुमार राहे थाना को मनोबल बनाए रखने हेतु पुरस्कृत किया गया।

## खुद जान देकर बचाई तीन दोस्तों का जान...

**मनन विद्या मंदिर के दसवीं कक्षा का छात्र पीयूष का शव एनडीआरएफ की टीम ने कर लिया है बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मनन विद्या मंदिर के दसवीं कक्षा का छात्र पीयूष का शव एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है। अपने दोस्त को बचाने के चक्कर में पीयूष पानी की तेज धार में बह गया। डूबने वाली जगह से करीब चार किलोमीटर दूर सोमवार को पीयूष का शव बरामद किया गया। पीयूष बिहार के गया जिला का रहने वाला था।

**हॉस्टल की दीवार फांदकर दोस्तों संग घूमने निकला था**

घटना शनिवार देर को हुई थी। जुमार नदी के बगल में संचालित मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल में 10वीं का छात्र था पीयूष सिंह। शनिवार रात करीब एक बजे चार दोस्तों के साथ हॉस्टल की दीवार फांदकर वह नदी की ओर घूमने गया था। इसी बीच नदी में गिरे अपने एक दोस्त को बचाने के लिए वह पानी में उतर गया था। इसी दौरान नदी की तेज धार में पीयूष बह गया था। रविवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। फौरन, पीयूष के परिजनों को इसकी सूचना दी गई।

**अपने दोस्त को बचाने के लिए कूदा था पीयूष**

सदर डीएसपी संजीव बेसरा के मुताबिक पीयूष, प्रताप कुमार, अभिषेक, वैभव और आशीष नाम के छात्र मनन विद्यालय के हॉस्टल में रहते थे। शनिवार रात करीब एक बजे पांचों छात्र हॉस्टल की दीवार फांदकर निकले और जुमार नदी को पार कर कहीं घूमने जाने की फिराक में थे। इसी बीच प्रताप और अभिषेक नदी पार करने लगे, लेकिन तेज बहाव में प्रताप नदी में डूबने लगा। यह देखकर पीयूष उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा। प्रताप को तो उसने बचा लिया, लेकिन वह खुद पानी में डूब गया।

### गांजा तस्कर इम्तियाज को दस साल की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट ने गांजा तस्कर इम्तियाज अंसारी को दोषी करार देते हुये दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, कोर्ट ने इम्तियाज पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की राशि जमा नहीं करने की तो दोषी को नौ महीने की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त पांच की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। इम्तियाज को वर्ष 2021 में 26 किलो गांजा के साथ रेलवे पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी 24 नवंबर 2021 को की गई थी।

## रांची नगर निगम के नये प्रशासक संदीप सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**रांची।** रांची नगर निगम के नए प्रशासक संदीप सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रशासक अमीत कुमार ने उन्हें प्रभार सौंपा और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, उप प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, सहायक प्रशासक मुकेश कुमार, चंद्रदीप कुमार, निहारिका तिर्की, निकेश कुमार, सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, निगम के अभियंतागण एवं अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### रांची में झमाझम बारिश

**रांची।** रांची-झारखंड की राजधानी रांची में सोमवार को मौसम का मिजाज बदला और दोपहर बाद झमाझम बारिश शुरू हो गयी। रांची के कुछ इलाकों में जोरदार बारिश हुई। कोकर, बरियातू, बूटी मोड समेत कई इलाकों में बारिश की पानी सड़कों पर भर गया। वहीं कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गयी। बारिश के बाद तापमान में थोड़ी गिरावट आयी, जिससे लोग गर्मी से राहत महसूस किये। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पि्मी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिले के कुछ भागों में जोरदार बारिश हुई। राज्य में 18 अगस्त तक बारिश की संभावना है। 15 अगस्त को लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। 14 से 16 अगस्त तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

## राष्ट्र जागरण का अभियान है हर घर तिरंगा कार्यक्रम : कर्मवीर सिंह

**भाजपा मुख्यालय में सोमवार को तिरंगा ध्वज स्टॉल का उदघाटन फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर किया गया**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा है कि राष्ट्र जागरण का अभियान है हर घर तिरंगा कार्यक्रम। श्री सिंह सोमवार को पार्टी मुख्यालय के गेट पर तिरंगा ध्वज स्टॉल का उदघाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिये। कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्र जागरण का ऐतिहासिक कार्यक्रम है। प्रत्येक भारत वासी आजादी के आंदोलन में जान की बाजी लगाने वाले लाखों स्वतंत्रता सेनानियों शहीदों को तिरंगा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की आन बान और शान है। इसको अपने अपने घरों पर लगाकर हर भारतवासी गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर घर तक ध्वज पहुंचे इसकी चिंता करते हैं। प्रदेश मुख्यालय में तिरंगा ध्वज आम नागरिक की सुविधा केलिये सशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को भारत की आजादी की लड़ाई एवं लाखों शहादत से परिचित कराना हम सभी का दायित्व है।

इस अवसर पर विकास प्रीतम, मनोज कुमार सिंह, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, रमाकांत महतो, राफिया नाज, राहुल अवस्थी, विवेक विकास, तारिक इमरान, मृत्युंजय पाठक, गुरविंदर सेठी,संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले में 507474 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य

# 25 से 27 अगस्त तक बच्चों को दी जायेगी पोलियो की खुराक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 25 से 27 अगस्त 2024 तक राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (पल्स पोलियो) को लेकर सोमवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि द्वारा पीपीटी के माध्यम से रांची जिला में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस को लेकर कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

रांची जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 25 अगस्त को बूथ पर तथा 26 एवं 27 अगस्त को



हाउस टू हाउस पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई जाएगी। पूरे जिले में 507474 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें शहरी इलाके में 208020 और ग्रामीण इलाके में 299454 बच्चे हैं। इसके लिए कुल 3893 बूथ बनाए जाएंगे, शहरी इलाके में 1170 और ग्रामीण इलाके में 2723 बूथ होंगे।

बैठक के दौरान डीसी ने योजना अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त मैनपावर है। सभी सुपरवाइजर की ट्रेनिंग कराने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि हाउस टू हाउस विजिट के दौरान आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, उन्हें भी प्रशिक्षण में शामिल करें। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिन बच्चों को पोलियो की खुराक नहीं मिली है उन्हें चिन्हित करने और अभियान के प्रचार-प्रसार को लेकर भी डीसी द्वारा उचित व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान पोलियो का खुराक पीने के बाद होने वाले सामान्य साइट इफेक्ट्स की जानकारी सुपरवाइजर को दें ताकि वो अभिभावकों को समझा सकें कि घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के सम्मानित/प्रतिष्ठित लोगों को भी शामिल करने की बात कही, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को लाभ मिल सके। समाहरणालय में आयोजित बैठक में सिविल सर्जन रांची प्रभात कुमार, डीआरसीएचओ, विभिन्न प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद सेबी की शाख दांव पर : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी एंड कंपनी के घोटाले की रेलगाड़ी की रफ्तार थम नहीं रही है। घोटाले की लंबी श्रृंखला खड़ी करने वाली मोदी सरकार लगातार स्वतंत्र संस्थाओं का उपयोग अपने मित्र व्यापारिक घराने को बचाने में कर रही है। उन्होंने कहा है कि हिडनबर्ग के ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिस तरह से भी सेबी जैसी संस्था की शाख दांव पर लग गई है, उससे देश के निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आखिर ऐसी कौन सी स्थिति है कि अडानी ग्रुप के खिलाफ सेबी की चल रही जांच अभी पूरी नहीं हुई है और उनके नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं। सेबी प्रमुख का इस मामले में सीधा नाम आना देश के लोगों के बीच संशय को जन्म दे रहा है। प्रधानमंत्री की चुप्पी और भाजपा नेताओं द्वारा सेबी प्रमुख का बचाव भाजपा को भी संदेहास्पद वित्तीय अनियमिताओं के घेरे में ला रहा है, जिसकी जांच संयुक्त संसदीय समिति से करानी चाहिए।

सोनाल शांति ने कहा है कि अडानी महा घोटाले की जांच आखिर क्यों नहीं कराई जा रही है। केंद्र की मोदी सरकार आखिर क्यों इतनी बेबस है की जांच कराने से डर रही है। देश के आम निवेशकों की बजाय देश के चंद उद्योगपतियों को बचाने का प्रपंच आखिर किसके इशारे पर रचा जा रहा है, अगर इसकी जांच होती है तो देश की सत्ता पर काबिज कई सफेदपोश भाजपा नेताओं के चेहरे सामने आएंगे।

उन्होंने कहा है कि देश के करोड़ों ईमानदार निवेशकों के नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा प्रधानमंत्री मोदी,सेबी प्रमुख या किसी और के सिर पर इसका ठीकरा फोड़ा जाएगा, जनता यह जानना चाहती है। निर्लजता की हद तो यह है कि इतने बड़े मामले के सामने आने के बाद भी सेबी प्रमुख का इस्तीफा न दिया जाना यह दशार्ता है कि सैया भये कोतवाल तो अब डर काहे का। यह आशंका है कि पिछले 10 साल में केंद्र के उच्च पदों पर नियुक्ति रेगुलेटर सहित संवैधानिक संस्थाओं में दखलअंदाजी में अडानी कंपनी का हाथ हो सकता है। शायद इसलिए अडानी महा घोटाले की जांच जेपीसी से नहीं कराई जा रही है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस की आज होगी बैठक



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में मंगलवार को महासचिव, प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष की बैठक पूर्वाह्न 10.30 अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय दिल्ली में रखा गया है। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी शामिल होंगे। इसके प›ात झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गिरीश चोड़नकार, सदस्य पुनम पासवान और प्रकाश जोशी के साथ प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर हर विधानसभा पर विस्तार पूर्वक चर्चा करेंगे।

स्पीड न्यूज

## लगातार आठवीं बार अजय चुने गए सचिव शेखर बने कोषाध्यक्ष



बेरमो। कथारा चार नंबर दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रबुद्ध जनों की बैठक श्याम नंदन मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन तपेश्वर चौहान ने किया। बैठक में पूर्व सचिव अजय कुमार सिंह के द्वारा वर्ष 2023 का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया साथ ही सर्वसम्मति से समर्थन प्राप्त कर पूर्व की कमेटी को अध्यक्ष के आदेश अनुसार भंग किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक में चर्चा की साथ ही बैठक में काफी मंथन के बाद सर्व समिति से महाप्रबंधक कथारा को संरक्षक परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार को अध्यक्ष थाना प्रभारी राजेश प्रजापति को सह रक्षक अजय कुमार सिंह को सचिव चंद्रशेखर प्रसाद को कोषाध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष के पद पर मथुरा सिंह यादव तपेश्वर चौहान देवेंद्र यादव बिरजा लाल सहायक सचिव एम एन सिंह विजय यादव देवाशीष आश सुजीत मिश्रा सह कोषाध्यक्ष संतोष सिंनहा का चयन किया गया। बैठक में सर्व समिति से सहयोग राशि 1100 रुपया तय किया गया। बैठक में अपनी बात रखते हुए अजय कुमार सिंह ने कहा इस वर्ष भी पूजा का आयोजन आकर्षक एवं भव्य रूप से करने के लिए सभी लोगों का सहयोग जरूरी है क्योंकि यह सार्वजनिक पूजा है और पूजा से मन को शांति और सुकून प्राप्त होती है। बैठक में अजय कुमार सिंह मथुरा सिंह यादव बालेश्वर गोप दशरथ महतो देवेंद्र यादव एम एन सिंह चंद्रशेखर प्रसाद विजय यादव हेमंत प्रसाद सुरेश ठाकुर जयदेव यादव देवाशीष आश सुजीत मिश्रा बिरजा लाल विजय चौहान प्रमोद यादव मुकेश गिरी विजय नायक विनेशवरी नोनिया भीखम कुमार एश मंडल विजय चौहान धनेश्वर यादव गंगा सहित मंदिर के पुजारी गुप्तेश्वर पांडे रवि पांडे आदि शामिल थे।

## छाई प्वाइंट में कार्यरत मजदूरों को बैठाया गया



बेरमो। बेरमो के बोकारो थर्मल नूरी नगर छाई प्वाइंट मे काम करने वाले लगभग 50,60, मजदूरों को कंपनी द्वारा बैठा दिया गया। इसी मामले को लेकर सोमवार को अहले सुबह से ही मजदूरों ने छाई पॉइन्ट में अपने हक अधिकार के लिए तथा काम मांग रहे थे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। चर्चा का विषय यह है कि खास तौर पर बैठाया हुआ एक मजदूर जावेद अंसारी ने अपने बीबी और एक साल की छोटी बच्ची को लेकर कड़कड़ाती धूप में तीरपाल के भरोसे धरना मै बैठे हुए हैं। मौके पर सोभरण बैठा, बीरेंद्र महतो, भुनेश्वर महतो, दीपेश महतो, अनील महतो, प्रेमचंद महतो, नितेश कुमार, मो. गुलसरीफ, बीटू कुमार, पप्पू महतो, हसन रजा, सुखदेव महतो, सोमर महतो, मो नाजिम अंसारी, जितेंद्र महतो सूरेस महतो, मुकेश महतो, बिनित कुमार, प्रकाश महतो, संतोष महतो, रोशन कुमार, चोमन महतो, महरू महतो, संतोष महतो आदि उपस्थित थे।

## जीजीईएस कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी के छात्रों का शैक्षणिक दौरा

बोकारो। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कैंपस में आईसीएआर आईआईबी घटखटंगा रांची के बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के 28 छात्रों की टीम अपने कोर्स लीडर वैज्ञानिक सूर्यकांत मानिक तथा तीन प्राध्यापकों के साथ स्टडी टूर पर आयी। उनका यह दौरा उनके कोर्स करिकुलम का हिस्सा है।

# वार्ड-46 की समस्या से अवगत हुए आदित्य विक्रम जयसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट आदित्य विक्रम जयसवाल ने सोमवार को राजधानी रांची के वार्ड-46, अमरावती कॉलोनी, आउटर रेलवे एरिया में महिला समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में स्थानीय महिलाओं ने शौचालय का अभाव एवं हरमू नदी के प्रदूषित पानी बस्ती में घरों में घुसने व अन्य जन समस्याओं से अवगत करायी। महिलाओं ने कहा कि वार्ड-46, अमरावती कॉलोनी, आउटर रेलवे एरिया में 15 से 20 घर अवस्थित है। शौचालय का घोर अभाव है। बारिश के दिनों में भयावह दृश्य बन जाता है, जन-जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। महामारी की स्थिति पैदा हो जाती है। वहीं हरमू नदी का प्रदूषित पानी



हमारे घरों में घूस जाता है। जिसके वजह से बहुत ही परेशानी होती है।

बैठक में झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि वार्ड-46, अमरावती कॉलोनी, आउटर रेलवे एरिया में निवास करने वाले लोग आज भी अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। शौचालय का अभाव, साफ-सफाई, पेयजल , लाइट की सुविधा से आज भी यहां के लोग कोसे दूर हैं। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि बहुत जल्द नगर निगम आयुक्त से बातचीत कर शौचालय सुविधा एवं साफ-सफाई करवाने हेतु मांग करूंगा। इसके साथ ही बेसिक मूलभूत सुविधा मुहैया कराने तक प्रयासरत रहुंगा। बैठक में कृष्णा सहाय, राजेश, शांति देवी, सावित्री देवी, सीमा देवी सहित अन्य शामिल थीं।

## फिरोज हत्याकांड में 20 अगस्त को आयेगा फैसला

**रांची।** पैसे की लेनदेन में पार्षद पति फिरोज उर्फ रिंकू की हत्याकांड में अदालत 20 अगस्त को फैसला सुनायेगा। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख 20 अगस्त निर्धारित की है। फिरोज की हत्या 16 अप्रैल 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में हिन्दपीढ़ी के खेत मुहल्ला निवासी बिल्डर मो मुर्शीद आयुब, इरशाद उर्फ राइडर, हैदर अली, रेहान खान उर्फ सितन एवं फिरदौस उर्फ बबलू राइडर ट्रायल फेस कर रहा है। बड़ा तालाब स्थित 15 डिसमिल जमीन विवाद को लेकर हत्या की गई थी। विवादित जमीन पर कंस्ट्रक्शन के दौरान मृतक फिरोज ने 20 लाख निवेश किया था। निर्माण पूरा होने के बाद वह ब्याज समेत 45 लाख की मांग कर रहा था। इसी पर उसकी हत्या की साजिश मुर्शीद ने रची।

# झारखंड राजद की लड़ाई पहुंची पटना, प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग पर राबड़ी आवास पर प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में पहले से ही बेहद कमजोर संगठन के चलते सिर्फ एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गयी राष्ट्रीय जनता दल के अंदर का विवाद सोमवार को पटना की सड़कों पर सार्वजनिक हो गई। करीब एक महीना पहले राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव द्वारा पार्टी से छह वर्षों के लिए निलंबित किये गए पलामू के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा और राजद जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजू भुइंया अपने दर्जनों समर्थकों के साथ तख्ती बैनर लेकर पटना पहुंच गए।

पटना पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल से निलंबित नेता मोहन विश्वकर्मा ने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव पर राज्य में पार्टी को कमजोर करने, तानाशाही रवैया अपनाने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष बदलने की मांग की है। पटना से मिली



जानकारी के अनुसार पलामू के दोनों नेताओं की मुलाकात बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से हुई है। उन्होंने दोनों नेताओं की पूरी बात सुनी है और इस मामले पर जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात कर पार्टी हित में फैसला लेने की कही है।

**लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पार्टी की गोपनीयता भंग करने का लगा था आरोप :** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पलामू जिला राजद अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा पर पार्टी की गोपनीयता को भंग करने का आरोप लगा था। इस दौरान पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजू भुईयां को भी पद से हटाया गया था। मोहन विश्वकर्मा का एक वीडियो भी तब वायरल हुआ था जिसमें वह पार्टी नेताओं के खिलाफ गाली गलौज और धमकी देते करते नजर रहे थे।

# विधानसभा में तिरंगा यात्रा गोड्डा विधायक की उपस्थिति में प्रारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** विधानसभा में तिरंगा यात्रा की शुरूवात गोड्डा भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा और गोड्डा विधायक अमित मंडल की गरिमामयी में उपस्थित में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन के नेतृत्व में किया गया।

यह कार्यक्रम पथरगामा के बालिका उच्च विद्यालय के गेट से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक पथरगामा के पास डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा स्थल की सफाई करके समाप्त किया गया। कार्यक्रम में जिला के महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, राजेश टेकरीवाल, जिला उपाध्यक्ष लालबहादुर सिंह, पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, संजीव टेकरीवाल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, जिला मंत्री नितेश सिंह, रामनरेश यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजा भगत, पथरगामा मंडल अध्यक्ष गोलू पंडित उपस्थित थे।

## बिना रूट पास के ई-रिक्शा चलाने वालों पर कार्रवाई

# 13 ई-रिक्शा जब्त

**नो पार्किंग में खड़े कई चार पहिया वाहनों को हटाने व नहीं हटाये जाने पर कानूनी कार्रवाई संबंधी पम्पलेट चिपकाया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को जाकिर हुसैन पार्क में बिना रूट पास के ई-रिक्शा चलाने वाले के खिलाफ जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना रूट पास के 13 ई-रिक्शा को जब्त किया गया। साथ ही कांके रोड में स्कूल बस के चालकों के विरूद्ध ड्रंकन टेस्ट अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 12 स्कूल बस के ड्राइवर का ड्रंकन टेस्ट किया गया। इसमें कैराली स्कूल का बस जेएच-01-एएम-4156 के चालक ड्रंक टेस्ट पर पॉजिटिव पाया गया, जिसके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। वहीं रेडियम चौक से जेल चौक, लालपुर चौक और डंगरा टोली चौक तक नो पार्किंग में खड़े चार पहिया वाहनों के विरूद्ध जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई चार पहिया वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा पाया गया, जिसपर अविलंब गाड़ी हटाने व नहीं हटाये जाने पर कानूनी कार्रवाई किये जाने संबंधी पम्पलेट चिपकाया गया। पम्पलेट चिपकाये जाने के बाद भी चार पहिया वाहन संख्या सीजी-15-डीके-4397 और जेएच-01-इडब्लू-2231 नो पार्किंग स्थल से नहीं हटाने पर टो करके लालपुर यातायात थाना में कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा गया। ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक-द्वितीय शिव प्रकाश कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान लालपुर थाना, यातायात पुलिस पदाधिकारियों, पुलिसकर्मी व होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर का निबंधन व पंद्रह सेंटर्स के रिन्यूअल की स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सलाहकार समिति (पीसी एंड पीएनडीटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने, स्थान परिवर्तन एवं अस्पतालों के सील सीजर पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और 15 सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति प्रदान की गई।

निबंधन के लिए तीन और रिन्यूअल के लिए चार अल्ट्रासाउंड सेंटर का भ्रमण कर प्रतिवेदन के आधार पर निर्णय लेने की सहमति बनी। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान समिति द्वारा 08 संस्थानों को



मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, 10 चिकित्सकों की ज्वाइनिंग, 05 संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने एवं दो अस्पतालों का सील सीजर खोलने का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान राहुल कुमार सिन्हा ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए. कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन, रांची डॉक्टर प्रभात कुमार, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी, समिति सदस्य एवं जिला समन्वयक राकेश कुमार राय उपस्थित थे।

## जमशेदपुर में हवाई अड्डा निर्माण के लिए केंद्र को नहीं मिला प्रस्ताव : वाजपेयी

**रांची।** झारखंड सरकार ने जमशेदपुर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए अब तक कोई प्रस्ताव नहीं दिया हैण जब भी राज्य सरकार हवाई अड्डा स्थापित करने के विषय में कोई प्रस्ताव नगर विमानन मंत्रालय को देगी। उस पर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा पॉलिसी 2008 के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जायेगा। असल में यह जानकारी नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापू ने झारखंड के भाजपा प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई को दी है। श्री वाजपेई ने जमशेदपुर में हवाई अड्डा के लिए झारखंड द्वारा केंद्र को भेजे गये प्रस्ताव के बारे में 25 जून को लेटर भेजकर जानकारी मांगी थी। इसी पर मंत्री ने यह जवाब भेजा है कि झारखंड से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, केंद्र ने ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा पॉलिसी 2008 तैयार की है। यह देश में नये ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिये दिशा-निर्देश, प्रक्रिया और शर्तें प्रदान करता है।

# बेरमो विधायक जयमंगल ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह ने अपने विकास कार्यों को रफ्तार देते हुए नगर परिषद फुसरो के विभिन्न वार्ड में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास विधिवत पूजा कर, नारियल फोड़ कर, फीता काट कर किया। वार्ड संख्या 13, 14 तथा 15 करगली बाजार चौक तीन मुहान स्थान पर नागरिक सुविधा मद से स्वीकृत पेवर ब्लॉक विछाव का शुभ शिलान्यास किया। भवन निर्माण विभाग के तहत फुसरो स्थित राजकीय मध्य विद्यालय न्यू भागलपुर फुसरो में विद्यालय भवन का नवीनीकरण एवं स्कूल के बगल के खाली जमीन पर



नए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नये भवन का कार्य 97.63 लाख रुपए से किया जाएगा। नगर परिषद के वार्ड वार्ड संख्या 07 और 8 पेवर ब्लॉक विछाव कार्य के लिए सेन्ट्रल कॉलोनी डिसपेन्सरी के पास शिलान्यास किया। नगर परिषद के वार्ड वार्ड संख्या 09 और 10 में पेवर ब्लॉक विछाव कार्य के लिए कारीपानी में शिलान्यास किया। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना अंतर्गत स्वीकृत बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के राजाबंगला सीएसएफ केम्प के बगल ढोरी में स्वास्थ्य उप केन्द्र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक सिंह ने कहा कि आज लगभग 3 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। साथ ही करीब एक करोड़ रुपए की लागत से न्यू भागलपुर स्कूल में नया भवन का निर्माण किया जाएगा। कहा कि सारी योजनाएं जरूरत के हिसाब से जनता की मांग पर दी गई है।

## स्वतंत्रता दिवस पर समिति के कार्यालय में होगा झंडोत्तोलन

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को समिति के संयोजक ज्ञानदेव झा की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 15 अगस्त को समिति के कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह सह झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रातः 10 बजे किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि रांची नगर निगम के निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इस बैठक में जयन्त झा, संयोजक ज्ञानदेव झा, उदित नारायण ठाकुर, मृत्युन्जय झा, पूर्णेन्दु ठाकुर, कृतेश झा, अमरनाथ झा, कुणाल रंजन, चितरंजन सिंहा ,सुनील सिंहा, आशुतोष झा, आशु झा, अंजनीकांत झा, पवन झा, अनूप झा, छवि झा, इशांक झा, डॉक्ट्र पंकज रॉय, सुबोध झा,अवधेश मिश्रा, धर्मेंद्र झा, अशोक मिश्रा, रमेश भारती, भानु कच्छप, बिमल कच्छप, अशोक पाण्डेय आदि थे।

# मंत्री के साथ वार्ता में नहीं बनी बात हड़ताल पर अड़े जुडको के कर्मचारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जुडको के पदाधिकारियों-कर्मचारियों की हड़ताल लगातार छठे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण शहरी विकास की योजनाओं की गति धीमी हो गई है। जुडको कर्मी वेतन और मानदेय में बढ़ोत्तरी को लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण फाइलों की रफ्तार भी धीमी हो गई है।

सोमवार को जुडको के पदाधिकारियों व कर्मियों ने नगर विकास मंत्री हफीजुल अंसारी से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। मुलाकात के बाद जुडको के कर्मियों ने बताया कि मंत्री की ओर से कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला। इस कारण हड़ताल पर डटे रहने का फैसला लिया गया।




### इन योजनाओं का काम हो रहा प्रभावित

- कांटाटोली फ्लाईओवर, रांची शहर में रविंद्र भवन (टाउन हॉल) और ट्रांसपोर्ट नगर योजना
- हजारीबाग और देवघर सेप्टेज का उद्घाटन सितंबर में होना है, पर काम आगे नहीं बढ़ पा रहा।
- गुमला-सिमडेगा नगर परिषद में फिस्कल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 31 अगस्त तक पूरा करना है।
- शहरी आजीविका मिशन के कार्यों को 30 सितंबर तक पूरा करना है।
- एरिया लेबल फेडरेशन के शत-प्रतिशत लक्ष्य को 30 सितंबर तक हर हाल में पूरा करना है।
- पीएम आवास योजना शहर के छत स्तर तक बने घरों को 31 अगस्त तक पूरा कराना है।

स्पीड न्यूज

## डकरा में देवप्रभा पॉलीक्लिनिक का उद्घाटन



**खलारी।** डकरा झारखंड कंपलेक्स देवप्रभा पॉलीक्लिनिक का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पॉलीक्लिनिक के प्रबंधक सीसीएल के सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीडी चौधरी ने बताया कि इस पॉलीक्लिनिक में शिशु रोग विशेषज्ञ के अलावा महिलाओं के सुरक्षित डिलीवरी की व्यवस्था की गई है। मौके पर परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, डॉक्टर प्रभा कुमारी, श्रमिक नेता ललन सिंह, मिथिलेश सिंह, सुनील कुमार सिंह, डीपी सिंह, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, अशोक सिंह, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, अशर्फी राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में सीसीएल कर्मचारी की मौत

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना के कामगार 28 वर्षीय करण कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना सोमवार की शाम करीब 4 बजे की है। करण ड्यूटी समाप्त कर अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए डकरा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की गई। मौके पर श्रमिक प्रतिनिधि कृष्णा चौहान, शैलेश कुमार, इकबाल हुसैन ,धीरेंद्र प्रताप सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, विनय सिंह मनकी, सुनील कुमार सिंह, जगन्नाथ महतो, उदय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# सीआइपी के गार्ड को मिली धमकी, सुरक्षा व्यवस्था ठप

## सिक्योरिटी कंपनी के एरिया मैनेजर पर लगाया तानाशाही कर पैसे वसूलने का आरोप

### आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** केंद्रीय मनः चिकित्सा संस्थान सीआइपी कांके पिछले 20 दिनों से विवादों के साये में है। इसका मुख्य कारण है नई सिक्योरिटी एजेंसी इंटेलिजेंस सिक्योरिटी आफ इंडिया का कार्यभार संभालने का। बताते चले कि जब से यह नई एजेंसी आई है तब से निदेशक डॉक्टर तरुण कुमार व एजेंसी के कर्ताधर्ता एरिया मैनेजर अजय कुमार सिंह, सुपरवाइजर केके महली सहित कई लोग यहां कार्यरत सिक्योरिटी महिला पुरुष सुरक्षाकर्मियों को भयादोहन तानाशाही कर प्रत्येक सुरक्षाकर्मी से 40-40 हजार रुपए कार्य के एवज में वसूली करने में लगे हैं। नहीं देने पर इन्हें बार-बार नौकरी से हटा देने जान से मार देने की तक की धमकी दी जा रही है। सोमवार को हद तो तब हो गई जब लगभग 11 बजे सुबह सिक्योरिटी एजेंसी के आए लोगों ने एक सुरक्षा कर्मी को जान से मारने की धमकी देकर एजेंसी द्वारा दिए फॉर्म शीघ्र भरकर देने और पैसा 40 हजार शीघ्र देने को कहा। सुरक्षाकर्मी को गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सभी सुरक्षा कर्मियों ने सुबह 11 से शाम 4 तक कार्य बहिष्कार कर दिया और निर्देशक कार्यालय के बाहर जमा होकर जमकर नारेबाजी की। कहा कि निदेशक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। सिक्योरिटी कंपनी के एरिया मैनेजर अजय कुमार सिंह और सुपरवाइजर केके महली वअन्य कर्मियों से जबरन पैसा की वसूली करवा रहे हैं। इस संबध में गार्डो से पूछे जाने पर बताया कि सुबह लगभग 11 बजे सुरक्षा एजेंसी के भेजे कुछ लोग एक गार्ड सरवर आलम के पास पहुंचे। गाली गलौज कर धमकी दिया कि एजेंसी को 40-60 हजार जमा किये हो। उसके बाद फिर से रजिस्ट्रेन के लिये अलग से सभी गार्ड 25 हजार जमा कर दो नही तो तुम सभी को जान से मार देगें। इसके बाद सरवर ने सभी गार्डो को घटना की सूचना दी।



### गार्डों ने मांगे अपने-अपने पैसे

एंजेसी के एरिया मनैजर मौके पर पंहुच कर सभी गार्ड को रजिस्ट्रेशन फार्म भरने को दिया। उसके बाद उसमे नियम व शर्त के तीन पन्ना को पढ़कर जो गार्ड के नियमविरुद्ध था उसे देख सभी सुरक्षा गार्ड और उग्र हो गये। गुस्साएं सभी गार्डो ने रजिस्ट्रेशन फार्म फाड़कर फेंक दिया। वहीं कार्यरत सभी गार्ड ने अजय सिंह को घेर लिया और उससे नौकरी के नाम पर लिये गये 40-60 हजार की मांग करने लगे।

### आरोप बेबुनियाद

इंटेलिजेंस सिक्योरिटी ऑफ इंडिया के एरिया मैनेजर अजय कुमार सिंह ने बताया कि मुझ पर पैसे लेने का लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। सुपरवाइजर केके महली के विरुद्ध शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। कई दिनों से चले आ रहे सिक्योरिटी कंपनी के विवाद को भी सुरक्षा कर्मियों के साथ मिल बैठ कर के समाप्त कर लिया जाएगा।

## 400 फीट ऊंचे गगारी पहाड़ पर भोलेबाबा का जलाभिषेक

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के गगारी पहाड़ में 400 फिट पर स्थित बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने को रांची जिला के विन्नि प्रखंड से जलाभिषेक करने भक्तगण पहुंच रहे हैं। श्रावण माह की चैथी सोमवारी को जगन्नाथपुर रांची से दर्जनों की संख्या में पहुंचे भक्तो ने भोलनाथ पर जलाभिषेक किया। साथ ही आसपास के मनोरम छठा की प्रषंसा भी किए। सावन मेला समिति गगारी के जीतेंद्र बेदिया ने बताया कि यहां के बाबा भोलनाथ की पूजा व जलाभिषेक करने वालों की मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि प्रत्येक दिन काफी संख्या में भक्त गगारी पहाड़ पहुंच रहे हैं।

## केंद्रीय टीम ने मायापुर पंचायत का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के केंद्रीय जांच दल खलारी प्रखंड के मायापुर और लपरा पंचायत क्षेत्रों में चल रहे मनरेगा कार्य का औचक निरीक्षण में पहुँचे। इस दौरान केंद्रीय जांच दल टीम ने पंचायत के मायापुर के राजेंद्र उरांव का मुर्गी शेड,लालमणि देवी का गाय शेड,गुरुचरण लोहरा का आम बागवानी,मोहन गंझू का डोभा का स्थल निरीक्षण किया गया।वही पंचायत लपरा में रूपन देवी का डोभा, रामू उरांव का बिरसा सिंचाई कूप,एवं सुनीता देवी का गाय शेड का स्थल निरीक्षण किया गया तथा पंचायत भवन लपरा में उक्त योजनाओं के अभिलेख के साथ 7 पंजी का जांच किया गया।



जांच दल में केंद्र से श्री एस.एन मिश्रा उप सचिव एवं श्रीमती रुचि सिन्हा परियोजना पदाधिकारी मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार राज्य दल से उप निदेशक श्री अनुपम भारती मनरेगा कोषांग,एवं जिला सहायक परियोजना पदाधिकारी जयश्री तिर्की उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड से प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ता, रविरंजन कुमार, प्रेमचंद मुर्मू, प्रवीण उरांव, पंचायत सचिव विपिन कुमार वर्मा एवं रिशु कुमारी,ग्राम रोजगार सेवक लाममोहन राम, विश्वरंजन कुमार, कुणाल कुमार, सुधीर कुमार, सुजीत कुमार,महबूब आलम आदि मौजूद थे।

# रक्षा बंधन कर नशामुक्त भारत निर्माण की दिलायी शपथ

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने वरिष्ठजनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की कलाई पर रक्षाबंधन (राखी) बांध कर नशामुक्त भारत निर्माण व प्र्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही लोगों से नषापान त्यागने व नारायणी (ईष्वर) नश करने की अपील किया। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के किसान कोल्ड स्टोर गांगुटोली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंची ब्रह्माकुमारी बीके इंदु ने समाज के विभिन्न सामाजिक क्षेत्र के लोगों के कलाई में राखी बांधी और रक्षाबंधन के महत्व बताया। उन्होंने कहा कि राखी कलाई में बांधने का अर्थ है कर्म हाथों से होता है और आप का कर्म अच्छा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार में रक्षाबंधन के अलावा लोगों को कोई भी बंधन स्वीकार नहीं हैं। उन्होंने मनुष्य के जीवन में रक्षाबंधन के अलावा सांसारिक व ईश्वरीय बंधन को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि राखी को भाई-बहनों के प्रेम के प्रतिक है। भाई को रक्षासूत्र बांधने वाली बहन की रक्षा करने का दायित्व बोध कराती है। उन्होंने शारीरिक रक्षा, रहस्य रक्षा, धनरक्षा व धर्मरक्षा सहित पांच रक्षा को जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर केंद्र व राज्य सरकार से पुरस्कृत प्रगतिशील किसान शिवनारायण साहू, सेवानिवृत शिक्षक गोविंदलाल गुप्ता, शिवशंकर लाल गुप्ता, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, डॉ ओपी साहू, डॉ मृनाल मंजरी, ओमप्रकाश राव, प्राकाश जायसवाल, प्रमेश्वर साहू, मनोज साहू, नोना पाहन, उमाशंकर साहू, प्रभु मंडल,नरेश तिवारी, अजित गुप्ता, रेणु साहू, कौशल्या देवी, लिलावती साहू, लक्ष्मण उरांव उपस्थित थे।

## हाथियों के झुंड ने कोकाडीह गांव में मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के कोकाडीह गांव में रविवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने काफी नुकसान किया है। गांव के गुरुचरण सिंह मुंडा घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। घर में रखा धान को निकाल कर मन भर खाया। धान जीतू प्रमाणिक का भी था। गांव के किसान कर्मा महतो, संतोष महतो, लखन महतो, नागेंद्र महतो, सहोदर महतो,अमीन महतो, प्रदुम महतो, एक चापानल क्षतिग्रस्त किया। सूचना पर वनपाल दिलीप मुंडा ने किसानों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया हैं।



## बुद्धिजीवी मंच व पेंशनर समाज का भिक्षाटन

**इटकी।** प्रखंड के बदहाल और संसाधनविहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पदस्थापन और संसाधन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर इटकी बुद्धिजीवी मंच और पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे आंदोलन के तीसरे और अंतिम चरण में सोमवार को मुख्य शिवालय प्रांगण के समीप भिक्षाटन किया गया। आंदोलनकरियों ने ग्रामीण बैंक रोड व कॉलेज रोड का भ्रमण कर दुकानदारों से भीख मांगा। इस दौरान सोमवारी की पूजा करने आई महिलाओं ने भी राशि देने के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र डॉक्टर का पदस्थापन किए जाने की मांग का समर्थन किया। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण उक्त स्वास्थ्य केंद्र में स्थापना काल से ही आवश्यक संसाधनों की भारी कमी है। भिक्षाटन में प्राप्त राशि को मंगलवार को सिविल सर्जन रांची को भेजा जाएगा जिसकी प्रति सरकार के आला अधिकारियों को समर्पित की जाएगी।

# शिवसेना प्रमुख ने महादानी मंदिर में किया श्रृंगार पूजा

### शिवभक्तों में श्रद्धा-भक्ति की दिखी अद्भुत मिसाल

राजू कुमार सिंह



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में चौथी सोमवारी को श्रावणी मेला और श्रृंगार पूजा महोत्सव के दौरान शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने अपनी धर्मपत्नी मंजू देवी, पुत्री यशस्वी सिंह,पुत्र यशवर्धन सिंह के साथ मिलकर महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा किया। विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से महारानी बाबा का श्रृंगार किया। शिवसेना के सैकड़ो कार्यकताओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रृंगार पूजा महोत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान भजन-कीर्तन मंडली ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। शिवसेना के तत्वाधान में आयोजित श्रृंगार पूजा के दौरान महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार कराया। यजमान के रूप में दीपक सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मंजू देवी सहित बच्चों ने धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। श्रृंगार पूजा के पूर्व रुद्राभिषेक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। श्रृंगार पूजा के दौरान दिनेश्वरी देवी, शिवसेना के महामंत्री संदीप मुखर्जी, शिवम सिन्हा, कमैनी सिंह, सिद्धेश्वर भारती, जितेन्द्र सिंह, गुड्डू सिंह, नारायण सिंह, नरेश साहु, घोमा सिंह, प्रकाश सिंह, भजन सम्राट मोती लाल गुप्ता, विजय गोसाईं, मधु गोप, रणधीर सिंह, राजू सिंह, ईश्वर बडाईक, रवि सिंह, शशी गोप, श्रृंगार पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय टंडन, रामनाथ महतो, सोमा नायक, राजेन्द्र रौनियार, मदन राम, देवेन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम यादव, विनोद कुमार, उमेडंडा से आए प्रसिद्ध भजनकर्ता सुदामा नायक, राजेन्द्र देव सिंह, मनोज मिश्रा, अनिल नायक, चंद्रभूषण नायक, राकेश पासवान, मुकेश नायक बालेश्वर सोनी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हरि कीर्तन एवं भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

## झारखंड पब्लिक स्कूल के टॉपर विद्यार्थी सम्मनित




**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में (टेस्ट परीक्षा) आवधिक परीक्षा 2 का रिजल्ट वितरण किया गया। इस परीक्षा में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों का परिणाम पत्र दिया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक क्लास के टॉपर बच्चों को साथ में अभिभावक गण को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले विद्यार्थियों में से ऋतिक उरांव, आदित्य कुमार, हर्षित कुमार चौहान ,अंजली कुमारी, आर्या प्रधान, समृद्धि कुमारी अंजली कुमारी ,अंकुर कुमार, आयशा परवीन, सिमरन कुमारी, जवाला कुमारी , नीता कुमारी सपना मिंज, जुलिता कुमारी, सुहाना कुमारी, सोनू कुमार,सृष्टि कुमारी ,आफरीन परवीन एवं आराध्या कुमारी को स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक चौहान द्वारा बधाई दी गई।

**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
**JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com**

**e-Procurement Notice – 2nd Call**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of 02 Nos. of 100 bedded Hostel for PVTG in Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 29.08.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc. jharkhand.gov.in.

Sd/-
(Aditya Ranjan) State Project Director
Jharkhand Education Project Council

Ref. No.: JEPC/CIV/03/844/2023/2940 Ranchi, Date : 08.08.2024
PR 332477 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला योजना)**
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)**

विधायक मद अन्तर्गत बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य सुविधा हेतु दो अदद एम्बुलेंस क्रय हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ अति अल्पकालीन निविदा (VERY SHORT TERM TENDER) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म **दिनांक 20.08.2024 के अपराह्न 12:30 बजे तक** शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं **दिनांक 20.08.2024 के अपराह्न 02:30 बजे** प्राप्त निविदा को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला योजना पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR 332594 (Planning and Development) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
**PR 327080 REO(24-25).D**

पत्रांकः– दिनांक–

अति अल्पकालीन ई–पर्नुनिविदा संख्याः–24/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 45/ STPKG/13/ 2023 -24 | गुलजारबाग से बलथोरा तक भाया–सुमुटोंगरी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल०–4.100 कि०मी०)<br>एस०एच० खेलारी रॉंची से खेलारी रेलवे स्टेशन भाया–हुटाप बस्ती, मुण्डा धोरा, नारायण धोरा एवं खेलारी थाना पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल०–5.685 कि०मी०)<br>ठाकुरगांव–काठीटांड़ एस०एच० पथ से मदना बगीचा से माण्डर सीमाना भाया ठाकुरगांव थाना (गुरगाँई से खिजुरटोला भाया मुरूमगढ़ा एवं पतराटोली) पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल०–9.695 कि०मी०) | 14,87,18,500.00 | चौदह करोड़ सतासी लाख अठारह हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 15 माह | पंचम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–14.08.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–20.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–22.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR.NO.332536 REO(24-25):D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची**
Email – ddoranchi@gmail.com

**-: ईच्छा की अभिव्यक्ति :-**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत् गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों को 02/05/10 दुधारू गाय की योजना, पशुआहार एवं चारा विकास योजनान्तर्गत हस्तचालित चैफ कटर एवं विद्युत चालित चैफ कटर, प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत मिल्कींग मशीन, पनीर एवं खोआ मेंकिंग यूनिट, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, डीप बोरिंग एवं काऊ मैट यूनिट योजना का आवेदन पत्र प्राप्त कर जिला गव्य गव्य विकास कार्यालय, राँची में जमा करने हेतु स्थानीय समाचार पत्रों में PR No. 329281 Animal Husbandry (2024-25) D दिनांक– 12.07.2024 के माध्यम से आवेदन पत्र जमा करने हेतु दिनांक–05.08.2024 तक तिथि निर्धारित की गई थी।

उक्त के संबंध में कहना है कि राँची जिला के कुछ प्रखण्डों से आवेदन पत्र अभी तक अप्राप्त है इसलिए इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों को सूचित किया जाता है कि उक्त योजना का आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची से प्राप्त कर जमा करने की तिथि का विस्तार करते हुए **दिनांक–17.08.2024 तक अपराह्न 05.00 बजे तक** निर्धारित की जाती है।

पूर्व में प्रकाशित सूचना में दिये गये अहर्त्ता एवं शर्त के अनुरूप योजना का लाभ लेने हेतु संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित आवेदन पत्र भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
राँची

PR 332497 Animal Husbandry (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

**ई-अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई-अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्याः–05/RI/2024-25/RWD/KHUNTI, दिनांक-12.08.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. योजना का नाम :–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/ पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-21/ 2023-24 | तोरपा<br>तोरपा<br>तोरपा<br>तोरपा<br>तोरपा<br>तोरपा<br>तोरपा | 1. L026 नावाटोली से पाटपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.710 कि०मी०)।<br>2. L023 कुमाँग से पैरा कोकया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.750 कि०मी०)।<br>3. L062 कुटाम से अलंगकेल (VR95) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.732 कि०मी०)।<br>4. L056 डोड़मा से तिरिलपीढ़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.224 कि०मी०)।<br>5. L024 तिरला से बरकाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.410 कि०मी०)।<br>6. L053 डोड़मा गोविन्दपुर पथ से ओंकरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.100 कि०मी०)।<br>7. PWD पथ से चन्दरपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.975 कि०मी०)। | 12,80,46,200.00 (बारह करोड़ अस्सी लाख छियालीस हजार दो सौ रू० मात्र।) | 25,62,000.00 (पच्चीस लाख बासठ हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | द्वितीय। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.08.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.08.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं० :– 9431170803।
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरुप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR.NO.332510 Rural Work Department(24-25):D

# कंगाल होता पाकिस्तान

कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान की माली हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। जिन्ना के सपनों का यह देश एक बार फिर दिवालिया होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसका प्रमुख कारण पाकिस्तान पर लदा कर्ज का भार है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को संसद में बताया है कि करीब 16 साल में पाकिस्तान का सार्वजनिक ऋण 61.4 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ चुका है। यह ऋण 2008 में 6.1 लाख करोड़ रुपये था, जिसके 2024 के अंत तक 67.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। पाकिस्तानी वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने प्रश्नकाल के दौरान संसद के साथ डेटा साझा किया। मंत्री ने सीनेट को बताया कि पाकिस्तान पर कर्ज के बढ़ने में विभिन्न कारकों ने भूमिका निभाई, जिसमें 10.2 ट्रिलियन रुपये का प्राथमिक घाटा, 32.3 लाख करोड़ रुपये का ब्याज व्यय और विनिमय दर/लेखा समायोजन शामिल हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, जून 2024 के अंत तक वाणिज्यिक बैंकों का कुल ऋण 38,531 अरब रुपये था, जो कुल ऋण का 22.8% है। वाणिज्यिक बैंकों ने जून 2024 तक सरकारी क्षेत्र को 27,246 अरब रुपये उधार दिए थे। जबकि, वाणिज्यिक बैंकों से निजी क्षेत्र को दिए गए ऋण 8,776 अरब रुपये थे। जून 2024 में आंतरिक ऋण 43.4 लाख करोड़ रुपये और बाहरी ऋण 24.1 लाख करोड़ रुपये था। इसलिए, आंतरिक ऋण 40.2 लाख करोड़ रुपये और बाहरी ऋण 21.3 लाख करोड़ रुपये बढ़ गए। सीनेट के साथ साझा किए गए विवरण से पता चलता है कि प्राथमिक घाटे के कारण ऋण 10.2 लाख करोड़ रुपये, ब्याज व्यय के कारण 32.3 लाख करोड़ रुपये और अन्य चीजों के कारण 18.9 लाख करोड़ रुपये बढ़ गए।

# यूनुस की चुनौती

आने वाला वक्त बताएगा कि 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस निर्विवाद लोकप्रियता के बावजूद अराजक बांग्लादेश को कितनी जल्दी सामान्य बना पाते हैं। निश्चित रूप से उथल-पुथल से गुजरते देश में स्थिरता लाना एक कठिन चुनौती होगी। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि विश्वविख्यात अर्थशास्त्री और गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले यूनुस मौजूदा हालात में एक बेहद विश्वसनीय विकल्प के रूप में सामने आए हैं। यह अच्छी बात है कि उन्होंने कहा कि देश मे हिंसा व अशांति रहने से यह दूसरी आजादी निरर्थक साबित हो सकती है। वहीं उन्होंने भारत से बेहतर रिश्तों की भी जरूरत बतायी है। साथ ही उन्होंने आंदोलनकारियों को लगातार जारी हिंसा के क्षेत्रीय प्रभावों को लेकर भी चेताया है। जाहिर है यूनुस की प्राथमिकता तात्कालिक रूप से सामान्य स्थिति की बहाली, कानून और व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने तथा कमजोर व अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा तय करना होगी। बांग्लादेश तथा विश्व में मिले सम्मान व विश्वास से अर्जित अधिकार का वे कितने प्रभावशाली ढंग से उपयोग अराजकता समाप्त करने में कर पाते हैं, इसी बात पर उनकी सफलता निर्भर करेगी। निस्संदेह, बांग्लादेश में निरंकुश शासन से उपजे असंतोष ने सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। अब यूनुस जैसे प्रगतिशाली व उदार व्यक्ति के हाथ में कमोबेश सत्ता की बागडोर आना निश्चित रूप से भारत के भी हित में होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत सरकार भी इस रचनात्मक परिवर्तन के प्रति सकारात्मक रुख दिखाएगी। जाहिर है आने वाले दिनों में उनका नेतृत्व ही तय कर सकेगा कि बांग्लादेश कट्टरपंथियों व सेना के चंगुल से मुक्त होकर एक नई शुरूआत की ओर बढ़ सकेगा।

# इस बाढ़ और जल प्रलय से सीखने की जरूरत





**- मनोज शर्मा**

> चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।....और अब शासन, संवैधानिक कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए हाईपावर कमेटी के संचालन में लगातार अनैतिक हस्तक्षेप कर रहा है।

**नदियों** के अविरल-निर्मल पक्ष की अनदेखी करते हुए उनकी लहरों पर व्यावसायिक सवारी के लिए जलमार्ग प्राधिकरण। पत्थरों के अवैध चुगान व रेत के खनन के खेल में शामिल खुद शासन-प्रशासन के नुमाइंदे। गंगा की जमीन पर पटना की राजेन्द्र नगर परियोजना। लखनऊ में गोमती के सीने पर निर्माण। दिल्ली में यमुना की जमीन पर विद्युत संयंत्र, अक्षरधाम, बस अड्डा, मेट्रो अड्डा, रिहायशी-व्यावसायिक इमारतें आदि आदि। प्रकृति विरुद्ध ऐसे कृत्यों के दुष्परिणाम हम समय-समय पर भुगतते रहते हैं; बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा खुद अपने तथा समय-समय पर अदालतों द्वारा तय मानकों, कानूनों, आदेशों व नियमों की धज्जियां उड़ाने के काम जारी हैं। इसकी ताजा बानगी दो खास सड़क परियोजनायें हैं: चारधाम और गंगा एक्सप्रेस-वे।

**चारधाम ऑल वेदर रोड : मानकों की अनदेखी**

बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा के मुख्य तीर्थ यही हैं। ये चारों धाम क्रमशः अलकनंदा, मंदाकिनी, भगीरथी और यमुना के उद्गम क्षेत्र में स्थित हैं। चारों धामों को आपस में जोड़ने वाली सड़कों पर वाहनों की गति तेज करने के लिए चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना नियोजित की गई है। परियोजना के नियोजक, परियोजना की सड़कों को 12 मीटर चौड़ा करने की जिद पर अड़ें हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित रवि चोपड़ा की अध्यक्षता वाली हाईपावर कमेटी ने चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना की सड़कों की चौड़ाई को 5.5 मीटर तक सीमित करने की सिफारिश की है। इस सिफारिश का आधार, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 23 मार्च, 2018 को जारी एक परिपत्र है। जबकि केन्द्र सरकार ने अपने ही परिपत्र को यह कहते हुए नकार दिया है कि परिपत्र भविष्य की परियोजनाओं पर लागू होता है, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर नहीं।

**हिमालयी हितों पर भारी निजी हित**

पूछने लायक सवाल है कि यदि परिपत्र में दिए मानकों का मंतव्य पर्यावरणीय क्षति को न्यून करना है तो फिर उन्हे लागू करने के लिए वर्तमान और भविष्य में भेद करने का औचित्य ? ऐसे में सत्तारुढ़ दल पर किसी खास के हितों के लिए पर्यावरणीय हितों की अनदेखी का आरोप लगे तो क्या गलत है ?

गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।....और अब शासन, संवैधानिक कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए हाईपावर कमेटी के संचालन में लगातार अनैतिक हस्तक्षेप कर रहा है। उत्तराखण्ड शासन भी पर्यावरण संबंधी मानकों व वैज्ञानिक आधारों की बजाय, बहुमत-अल्पमत आधारित राय का राग अलाप रहा है, मामला विचाराधीन होने के बावजूद निर्माण कार्य को जारी रखे हुए है। श्रीनगर गढ़वाल से मुनि की रेती तक के नदी तटीय क्षेत्रों पर कुछ प्रतिबंध संबंधी अधिसूचना जारी कर जरूर दी गई है, किंतु निमार्ता एजेन्सियां भी निर्माण के दौरान मलवे को नदी भूमि पर डंप करने से नहीं चूक रही। वन कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए दरख्तों को काटने से भी उन्हे कोई परहेज नहीं है। जल-विद्युत परियोजनाओं के निर्माण तथा संचालन के दौरान हिमालयी हितों की अनदेखी पहले से जारी है ही।

यह उत्तराखण्ड की सरकार ही है, जो अपने ही प्रदेश में जन्मी यमुना-गंगा को जीवित मानने वाले अपने ही प्रदेश के हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। क्या प्रकृति हितैषी कदमों को दलों के आने-जाने अथवा कारपोरेट स्वार्थों से प्रभावित होना चाहिए ? नहीं, किंतु भागीरथी घाटी को पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील घोषित करने वाली अधिसूचना के मूल मंतव्य की अनदेखी कर तैयार जोनल मास्टर प्लान इसी रवैये का प्रदर्शन है। राज्य के एकमात्र शिवालिक हाथी रिजर्व संबंधी लागू अधिसूचना को भी रद्द करने की तैयारी की खबरें भी अखबारों में है। क्या हम यह बर्दाश्त करें कि ये सभी न तो वर्ष उत्तराखण्ड आपदा-2012 के कारण हुए भयावह नुकसान के कारणों से कुछ सीखने को राजी हैं और न ही भूगर्भीय प्लेटों में बढ़ती टकराहटों से संभावित विध्वंसों की आहटों से तिस पर मजाक करता यह बयान कि शासन गंगा की अविरलता-निर्मलता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है !!

दुःखद है कि गंगा का उपहास सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। गोमती किनारे लखनऊ के बाद, अब मथुरा में राया नगर बसाने के बहाने यमुना रिवरफ्रंट योजना को क्या कहें ? गोमुख की चाहे एक बूंद, प्रयागराज न पहुंचती हो, लेकिन राजनैतिक बयान गोमुख से प्रयागराज को सड़क मार्ग से जोड़ने के शासकीय इरादे पर अपनी पीठ ठोंक रहे हैं। इस इरादे को पूरा करने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को जमीन पर उतारने का काम शुरू हो गया है।

पुनः प्रस्तुत गंगा एक्सप्रेस-वे

गौर कीजिए कि गंगा एक्सप्रेस-वे का प्रस्ताव पहली बार वर्ष 2007 में अस्तित्व में आया था। तब इसका रूट नोएडा से बलिया तक 1047 किलोमीटर लंबा था। सर्वप्रथम इसे उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ रोकने के उपाय के रूप में प्रस्तावित किया गया था। विरोध होने पर लोक निर्माण विभाग ने इसे सड़क के रूप में प्रस्तावित किया था। गंगा-यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण बाद में अस्तित्व में आया। कर्जदाता विश्व बैंक ने इसमें खास रुचि दिखाई। कालातंर में गंगा एक्सप्रेस-वे को गंगा के लिए नुकसानदेह मानते हुए उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इसकी पर्यावरणीय मंजूरियों को रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही इसका काम ठ्प्प पड़ गया।

अब योगी सरकार ने गंगा से 10 कि.मी. की दूरी पर निर्मित करने के बदलाव के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर दिया है। मुआवजा राशि को भी पहले से कई गुना ज्यादा कर दिया गया है।

## खास बात

### खुदीराम बोस सबसे कम उम्र में चढ़े फांसी

**डॉ. आनंद सिंह राणा**

'एक बार विदाई दे मां, घूरे आसी..हंसी हंसी पोरबो फांसी देखबे भारतवासी! (ओ मां मुझे एक बार विदा दो तनिक घूमकर आता हूं...हंसता-हंसता फांसी के फंदे में चढ़ जाऊंगा और सारे भारतवासी देखेंगे)। महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस की ये पंक्तियां जहां एक मार्मिक संवेदना उत्पन्न करती हैं तो दूसरी ब्रितानी सरकार के विरुद्ध स्वदेश के लिए सर्वस्व अर्पित करने की प्रेरणा देती हैं। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के उपरांत महारथी खुदीराम बोस ही प्रथम क्रांतिकारी थे जो सबसे कम उम्र(18 वर्ष 8 माह 8 दिन )में फांसी पर चढ़ा दिये गये थे। ये वही बंगाल है जहां से राष्ट्रवाद की भावना प्रबल हुई थी, परंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बंगाल बिखर रहा है, अपने ही अपनो को मिटा रहे हैं, यह देख कर खुदीराम बोस की आत्मा भी रोती होगी। इसलिए स्वाधीनता के अमृतकाल में महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान की गाथा जन- जन तक पहुंचना ही चाहिए।

वे लोग कोई और ही थे। कौन थे? ये दीवाने, कौन थे? वे पागल, जिन्हें केवल एक प्रेम, देश प्रेम था। जिन्हें केवल एक धुन राष्ट्र धुन थी और जिनका केवल एक लक्ष्य था भारत मां की स्वतंत्रता! फिर चाहे स्वयं का शरीर बेड़ियों में जकड़ कर कोड़ों से क्यों ने उधेड़ दिया, जाए लेकिन तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें गाते हुए फांसी पर झूल जाने वाले कई नामों को हम जानते भी नहीं। जिन्हें जानते हैं उन्हें भी प्रकारांतर से कभी आतंकवादी, लुटेरा डकैत और फासिस्ट कहा गया। इसी कड़ी में खुदीराम बोस भी आते हैं। 18 साल 8 माह 8 दिन की बांकी उम्र में फांसी का फंदा चूम लिया। इस महारथी का नाम था खुदीराम बोस। पं. बंगाल के मिदनापुर जिले में बाबू त्रैलोक्यनाथ बोस धर्मात्मा कायस्थ थे। उनकी पत्नी लक्ष्मीप्रिया देवी भी एक हाथ से धैर्य-धर्म को थामें रखतीं और दूसरे हाथ में स्वदेश प्रेम की डोर लिए चलतीं। यह शुभ संस्कारों का ही प्रभाव था कि 3 दिसम्बर 1889 के दिन जब बोस दंपति के घर बालक ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा खुदीराम अर्थात शुभ लक्षणों वाला और यह नाम सार्थक हुआ।

# नियति की मार

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

तो क्या अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे।हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए? अपने अंदर झांकिए। दैवीय होता है समय का सबक। हैरान होकर कुछ और जानने-समझने का अहसास एक बार फिर जिंदा कीजिए।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### विदेशी साजिश

**बांग्लादेश** में आरक्षण को लेकर चला छात्र आंदोलन कालांतर में हिंसक हो गया। अंततः सेना ने सत्ता पलट कर दिया। यह कोई अचानक होने वाली घटना नहीं है। यह विदेशी शक्तियों के जरिए बांग्लादेश की सेना के माध्यम से सरकार को हटाने का षड्यंत्र रचा गया था। बांग्लादेश भारत संबंधों की निकटता चीन पाकिस्तान को खल रही थी।

**– रविशंकर, गढ़वा**

### दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं

**हिन्दुओं** के मंदिरों में तोड़फोड़ व बर्बरता की जो घटनाएं बांग्लादेश में घटित हुई हैं वह बहुत बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रही है। मुस्लिम देशों में भारतीयों पर इस तरह हमले बहुत से सवालों को जन्म दे रहे हैं। भारत को इस हिंसा व हिन्दुओं पर बर्बरता पर आवाज उठानी चाहिए। भारत के विपक्षी दल इस हिंसा पर क्यों चुप हैं। यह सवाल महत्वपूर्ण है।

**–हरिहर सिंह चौहान,रांची**


**जनजातिय** जनसंख्या में लगातार कमी आ रही है। मैं 2009 से लगातार इस बात को उठा रहा हूं। बांग्ला देश से आये घुसपैठियों ने संथाल का डेमोग्रामी बिगाड़ कर रख दिया है।

**– निशिकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफइनल मुकाबले में हरियाणा को 4-2 से पराजित कर दिया है। टीम को जीत की अग्रिम बधाई। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





ये व्यक्तित्व की गरिमा है कि,
फूल कुछ नहीं कहते..
वरना,
कभी कांटों को मसलकर दिखाईये।

**– अमिताभ बच्चन**

# भारतीय जनमानस को अभी बहुत कुछ सीखना होगा



**अजय दीप वाधवा**

अभी मैं बैंगकॉक और कराबी के दस दिनों के दौरे से लौटा हूं। वैसे तो ये थाईलैंड के दो शहर हैं, पर इनसे भारत वा भारतीयों को बहुत कुछ सीखना चाहिए। वैसे तो भारतीय थाईलैंड में नाइट लाइफ का मजा लेने जाते हैं, पर यहां देखने और सीखने को बहुत कुछ है। बैंगकॉक थाईलैंड की राजधानी है और कराबी भारत के गोवा के जैसा टुरिस्ट स्थान है। दोनों शहरों पर आपको पूरी दुनिया के लोग मिलेंगे। मेरी मुलाकात दोनों जगहों पर जापान, चीन, बंगला देश, यूएई, मलेशिया, सिंगापुर, बर्मा, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों के नागरिकों से हुई। पूरे देश में आपको विदेशी दिन रात घूमते नजर आ जायेंगे, कोई भी ड्रेस पहने; कोई भी टोकने वाला या घूरने वाला नजर नहीं आयेगा। सब टूरिस्ट आपको अनुशासन के साथ घूमते नजर आएंगे। हां, कुछ भारतीय अवश्य अनुशासनहीनता करते नजर आ सकते हैं। पर पुलिस की उन पर सख्त नजर होती है। वहां ट्रैफिक तो बेहद अनुशासित हैं। गाडियां एक दूसरे के पीछे चलती हैं, सड़क पर बने निशान को वे कभी भी क्रॉस करते नजर नहीं आएगी। भारत में उल्टे साइड से गाड़ी चलाना बेहद आम है, पर वहां ऐसा एक बार भी नजर नहीं आयेगा। कोई भी ट्रैफिक नियम नहीं तोड़ता। बैंगकॉक में गाड़ियों की संख्या दिल्ली या मुंबई से ज्यादा होगी, पर अनुशासन उनके पूरे शहर को बेहद सुंदर और आकर्षक बनाता है। पूरे यात्रा में मुझे एक बार भी हॉर्न की आवाज सुनाई नही दी; वहां कोई हॉर्न नहीं बजाता। अगर आप सड़क पार करेंगे तो दोनों तरफ ट्रैफिक स्वयं रूक जाएगा। कोई हॉर्न नहीं बजाएगा, कोई भी ओवरटेक नहीं करेगा। दोनों शहरों में एक भी स्थान पर या कहीं भी कोई भी सड़क पर गड्ढा नजर नहीं आयेगा। टूटी सड़क को देखने के लिए मेरी आंखें तरस गईं। अभी वहां बरसात का मौसम था, पर भारी बरसात के बाद कहीं भी सड़क पर पानी जमा हुआ नजर नहीं आया। सड़कें इतनी अच्छी बनी हैं और सीवेज सिस्टम इतना अच्छा है कि पानी जमने की कोई समस्या ही नहीं है। आपको कहीं भी कीचड़ भी नजर नहीं आयेगा। वहां गाड़ियां भी बेहद साफ सुथरी हैं क्योंकि पक्की सड़कों के कारण कहीं भी धूल नहीं है। साथ ही, चूकि गाडियां अनुशासन में चलती हैं, तो आपको किसी भी गाड़ी में डेंट नजर नहीं आयेगा; सभी गाडियां साफ सुथरी और चमकती नजर आएंगी। लोग भी वहां बहुत साफ सुथरे नजर आते हैं। आपको किसी भी व्यवसाय में लगे किसी भी व्यक्ति के कपड़े गंदे नजर नहीं आएंगे। स्वयं को साफ सुथरा रखने की कला हमें वहां से सीखनी चाहिए। स्त्रियां वहां बहुत सक्षम हैं। आपको रात भर लड़कियां आधुनिक वस्त्र पहन कर दुकानदारी करती, सड़कों पर घूमती, टैक्सी चलाती आदि नजर आएंगी। घूरना, फिकरे कसना, छेड़खानी करना आदि शायद वहां के लोग नहीं जानते। एक बात जो मुझे विचित्र लगी कि किसी भी एयरपोर्ट के प्रवेश द्वार पर कोई सुरक्षा कर्मी नहीं नजर आया। मैने थाईलैंड में तीन एयरपोर्ट से यात्रा की , पर किसी के भी प्रवेश पर कोई सुरक्षा नहीं थी। कोई भी व्यक्ति आराम से अंदर जा सकता है। पर मैने किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से एयरपोर्ट में घुसते नहीं पाया। अनुशासन के मामले में हम भारतीय इस एशियन देश से कोसों पीछे हैं और वहां से काफी कुछ सीख सकते हैं। लिखने को शायद बहुत कुछ है पर वह अगलेआलेख में लिखूंगा।

( कॉस्ट अकाउंटेंट , रांची)

## मोटिवेशन

# मनु ने लौटाया शूटिंग का स्वर्णिम दौर

## ओलंपिक

**योगेश कुमार गोयल**

पेरिस ओलंपिक के आठवें दिन भारत का प्रत्येक व्यक्ति ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद लगाए बैठा था और ये उम्मीदें टिकी थी भारत की ह्यमिरेकल गर्लह्न मनु भाकर पर। पूरी उम्मीद थी कि ह्यमिरेकल गर्लह्न मनु भाकर ओलंपिक में अपनी ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी करते हुए इस स्पर्धा में भी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में कामयाब हो सकती हैं लेकिन इस बार वह पदक जीतने से थोड़ा सा चूक गई और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में 40 में से 28 शॉट्स लगाने के साथ चौथे स्थान पर रही और इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में मेडल की हैट्रिक लगाने का उनका सपना भी अधूरा रह गया। दरअसल तीसरे और चौथे स्थान के शूटर के बराबर प्वाइंट थे। इसके बाद मनु और हंगरी की मेजर वेरोनिका के बीच शूटऑफ हुआ, जिसमें मनु केवल तीन निशाने ही लगा पाई जबकि हंगरी की शूटर ने चार बार टारगेट को हिट किया और उसी के साथ मनु पदक की रेस से बाहर हो गई। पेरिस ओलंपिक के आठवें दिन मनु का लक्ष्य ओलंपिक में एक नया इतिहास रचना था लेकिन वह पदक हासिल करने से मामूली सी पीछे रह गई। वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में हार के बाद मनु का कहना था कि उनके ऊपर इस इवेंट को लेकर काफी दबाव था। हालांकि 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मिली इस हार के बावजूद भारत की इस इकलौती निशानेबाज ने वो खुशियां और गर्व के पल देश को दिए हैं, जिसकी ओलंपिक शुरू होने के समय तक शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

मनु ने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक में तीन अलग-अलग शूटिंग स्पधाओं में हिस्सा लिया और तीनों में ही उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया। 3 अगस्त को जब मनु वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में खेलने उतरी तो हर नजर उन्हीं के प्रदर्शन पर केंद्रित थी। भले ही वह यह मुकाबला हार गई लेकिन कुल तीन शूटिंग स्पधाओं में से उन्होंने अपने जोश और जज्बे के साथ दो में कांस्य पदक जीतकर भारत में शूटिंग के सुनहरे दौर को वापस लाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मनु की ही बदौलत भारत ने पहली बार शूटिंग में किसी एक ओलंपिक सीजन में तीन मेडल हासिल किए हैं। विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा में अनेक पदक जीतने के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर मनु ने ऐसा अविस्मरणीय इतिहास रचा, जो उनके अलावा ओलंपिक के 124 वर्षों के इतिहास में अब तक भारत का कोई भी अन्य एथलीट नहीं कर पाया। पेरिस ओलंपिक में मनु ने जिस तरह का जबरदस्त प्रदर्शन किया और अपने मैचों के दौरान जिस प्रकार का ह्यधाकड़ह्न खेल दिखाया, उसी के कारण उन्हें अब मनु भाकर के साथ-साथ ह्यमनु धाकड़ह्न भी कहा जाने लगा है।

मनु से पहले कोई भी पुरुष या महिला एथलीट एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने में सफल नहीं हुआ है। देश की आजादी से बहुत पहले ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 में आयोजित हुए ओलंपिक में 200 मीटर फरार्टा और 200 मीटर बाधा दौड़ में कुल दो रजत पदक जीतकर एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने का रिकॉर्ड बनाया था और उम्मीद थी कि मनु 124 साल पुराने उस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकती हैं लेकिन ह्यमिरेकल गर्लह्न मनु भाकर की ओलंपिक में ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी नहीं हो पाई। हालांकि पहला कांस्य पदक जीतने के साथ ही वह ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला शूटर बन गई थी और उस पदक के साथ ही मनु ने शूटिंग में भारत के पदक के 12 वर्ष के सूखे को भी खत्म किया था। मनु से पहले 2012 के लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में एक-एक पदक जीते थे।

ओलंपिक के 124 वर्ष के इतिहास में मनु से पहले भारत को शूटिंग में केवल 4 पदक ही नसीब हुए थे। शूटिंग में 2004 के एथेंस ओलंपिक में राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रजत पदक जीता था, उसके बाद 2008 के बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण पदक भारत के नाम किया और 2012 के लंदन ओलंपिक में विजय कुमार ने रजत और गगन नारंग ने कांस्य पदक जीता था।

# आक्रोशित परिजन पहुंचे विद्यालय, किया विरोध

## बच्ची को स्कूल में बंद कर शिक्षकों का घर चले जाने का मामला


विद्यालय पहुंचे परिजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** गत 10 अगस्त को आदर्श मध्य विद्यालय कटकमसांडी में हुई घटना को लेकर आक्रोशित पीड़ित छात्रा चांदनी के अभिभावक सहित कटकमसांडी के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को मिडिल स्कूल पहुँचे औ? स्कूल के प्रधानाध्यपिका अंजना पांडेय को घटना के बावत जबाव तलब किया।बच्ची के पिता विकास ठाकुर तथा दादा अशोक ठाकुर ने पूछा कि आखिर मेरी बच्ची को क्लाश में बंद कर सभी शिक्षक घर कैसे चले गये।इसके साथ बड़ी दुर्घटना होती तो इसकी जबाबदेही किस पर होती।इस पर प्रधानाध्यपिका अंजना पांडेय ने अपनी गलती नही मानते हुए स्कूल के पारा शिक्षकों पर ही दोष मढ दिया। जिसका स्कूल पारा शिक्षकों ने एक स्वर में विरोध दर्ज किया और कहा कि स्कूल का दायित्व प्रभारी पर होती है हम लोग नियमानुसार सहयोग करते है। इधर अभिभावको ने एक स्वर में अंजना पांडेय को हेडमास्टर के चार्ज से हटाने व लापरवाही तथा संवेदहीनता को लेकर विभागीय कार्यवाई का मांग किया है।दूसरी ओर मामले की गंभीरता को लेकर डीएसई हजारीबाग आकाश कुमार ने हेडमास्टर अंजना पांडेय से स्पस्टीकरण पूछा है साथ ही बीईईओ डोमन मोची को जाँच कर रिपोर्ट मांग है।डीएसई के पत्र के आलोक में बीईईओ डोमन मोची व बीपीओ गजला परवीन,सीआरपी शिशुपाल सिंह,ओमप्रकाश,मो एयाज,श्रीकांत कुमार,संतोष कुमार स्कूल पहुँच कर मामले की हर पहलू की जांच किया साथ छात्रा चांदनी कुमारी को बुलाकर मामले की घटना क्रम की विस्तृत जानकारी ली।बीईईओ ने जांच रिपोर्ट डीएसई को भेजने तथा विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की बात कहा।इधर अभिभावकों ने इस मामले से डीसी,डीईओ व राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग किया है। दूसरी ओर मामले की जानकारी मिलने पर पंचायत की मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय,पूर्व विधायक किशोरी राणा,कांग्रेस के नेता राजकिशोर सिंह,मासस के रघुनंदन सिंह,पूर्व जिप सदस्य कुलदीप सिंह भोगता,कटकमसांडी पश्चिमी के जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी के प्रतिनिधि कारू राम,नीतिश कुमार सिंह,गौतम कुमार,प्रमोद पांडेय आदि भी स्कूल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घटना को गम्भीर बताते हुए हेडमास्टर पर सख्त विभागीय कार्रवाई करने की मांग विभागीय अधिकारियों से किया साथ ही अभिभावकों की बैठक बुलाकर स्कूल की व्यवस्था में सुधार की भी बात कहा।

## खैरा करमा हाइ स्कूल किचन शेड निर्माण में अनियमितता का आरोप


आरोप लगाते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा पंचायत के खैरा करमा विद्यालय परिसर में डीएमएफटी विभाग के ओर से 2400000/- चौबीस लाख रुपए की राशि से किचन सेड का निर्माण में ग्रामीणों द्वारा अनिमयत्ता का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों में बालेश्वर महतो, राजेश प्रसाद, कैलाश कुमार, अरुण कुमार ,भुनेश्वर महतो,वार्ड सदस्य उमेश कुमार ,समाज सेवी अरविंद केशरी ने कहा की विद्यालय में जो किचन सेड का निर्माण किया जा रहा है उसमें निर्माण कार्य में लगाए जाने वाला सामग्री गुणवता पूर्ण नही है रसोई घर बनने से पहले ही टूटना फूटना शुरू होकर दीवाल हिलने लग गया ऊपर वाले के सहारे ही यह कार्य किया जा रहा है समयानुसार दीवाल में पटवन पानी और छड़ सिमेंट की कम मात्रा दिया जा रहा है। यहां किचन सेड के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया जा रहा है। वही उन्होंने यह भी कहा की यदि संवेदक द्वारा किचन सेड को बेहतर तरीके से नहीं बनाया गया तो हम सभी ग्रामीण सबंधित विभाग को लिखित आवेदन देकर जांच करवा कर विभागीय कार्यवाही करने की आग्रह करेंगे। मौके पर खैरा मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार समाज सेवी अरविंद केशरी महिलाओ में रीता देवी, संगीता देवी, मीना देवी, रूबी देवी, पार्वती देवी, लीलावती देवी, सीता देवी गीता देवी समेत अन्य कई ग्रामीण महिलाएं पुरुष शामिल थे।

## 2024-25 के लिए सर्वोदय निकेतन में छात्र संसद गठित

**कुजू।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त डटमा मोड़ स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 हेतु छात्र संसद का गठन किया गया। विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा युवा नेता मुन्ना यादव को लोगों ने दी जन्मदिन की बधाई

**बरही।** बरही विधानसभा के भाजपा के युवा नेता सह ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मुन्ना यादव को उनके जन्मदिन पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और स्थानीय जनता ने बड़ी संख्या में उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मुन्ना यादव ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह इस समर्थन और प्यार के लिए आभारी हैं और पार्टी और समाज के हित में हमेशा तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुन्ना यादव ने सामाजिक सेवा के अपने प्रयासों को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

### अपनायें आयुर्वेद सदा रहे निरोग : बिनोद

**बरही।** बरही प्रखंड के कोनरा में बरही थाना के समीप आयुर्वेद जागरूकता अभियान के तहत के आयुर्वेदा दावा की दुकान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रत्याशी और बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान के आयुर्वेदा के डॉ. विकास गिरी ने बिनोद विश्वकर्मा का बुके और माला देकर सम्मान किया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री विश्वकर्मा ने आयुर्वेद की गुणवत्ता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को आयुर्वेद अपनाने के लिए प्रेरित किया, यह बताते हुए कि आयुर्वेद के माध्यम से गंभीर बीमारियों का उपचार संभव है और यह स्वस्थ जीवन जीने का एक सशक्त माध्यम है।

### भाजपा कार्यकताओं ने निकाला टाटीझरिया में तिरंगा यात्रा

**टाटीझरिया।** भाजपा प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार टाटीझरिया भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से निकलकर होलंग चौक गया ,वहां से गुलाब चौक होते हुए पार्टी कार्यालय में समाप्त हुआ। यात्रा के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रनाथ भाई पटेल थे।

### सौन्दा बस्ती बितका बाउरी हत्याकांड की जांच करने पहुंचे बोकारो रेंज के आईजी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा बस्ती टिपला निवासी सह कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी चर्चित हत्याकांड की जांच को लेकर रविवार को बोकारो रेंज के आईजी माइकल राज सौंदा बस्ती पहुंचे। इस दौरान आईजी ने सौंदा बस्ती घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही बितका बाउरी के घर पहुंचकर आईजी ने उनकी पत्नी सपना देवी से घटना के बावत पुछताछ की। मालूम हो कि 26 फरवरी 2023 को सौन्दा बस्ती टिपला निवासी सह कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि 40 वर्षीय राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी का हथियार बंद अपराधियों ने सौंदा बस्ती जैन पेट्रोल पंप के समीप रात्रि करीब साढे.सात बजे छह गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### शीतला मंदिर में चल रहे सात दिवसीय महाशिवपुराण संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर में चल रहे सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का रविवार को समापन हो गया। महाशिवपुराण कथा का समापन रुद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण कर हुआ। जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सह मां दुर्गा के उपासक कथा वाचक पंडित राम कुमार पाठक के द्वारा महाशिवपुराण की कथा का वाचन किया गया। साथ ही सामूहिक पार्थिव शिवलिंग के साथ रुद्रा अभिषेक कर भुरकुंडा ग्राम वासियों के लिए मंगलकामना की गयी।

## राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सड़कों पर निकली भव्य रैली

# तिरंगा हमारी राष्ट्रीय पहचान और गौरव का प्रतीक है : मनोज यादव


मनोज यादव व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता तिरंगा हाथ में लिए हुए बरही के चारो सड़कों पर मार्च करते नजर आए। यात्रा की शुरूआत धनबाद रोड अनुमंडलीय अस्पताल से हुई और चारो रोड घूमकर बरही चौक पर जाकर समाप्त हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी व पूर्वी मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने देशभक्ति के नारों के साथ जनता को संबोधित किया और लोगों से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा, तिरंगा हमारी राष्ट्रीय पहचान और गौरव का प्रतीक है। इस यात्रा के माध्यम से हम देशवासियों को यह संदेश देना चाहते हैं कि हमें अपने देश और उसके प्रतीकों पर गर्व है। यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, और इसे लेकर भाजपाइयों में उत्साह देखा गया। कहा कि स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाए। भाजपा के पूर्व विधायक मनोज यादव ने इसे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का सुनहरा अवसर बताया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, नारायण यादव, बरही पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी, बरही पूर्वी मण्डल अध्यक्ष विजय यादव, विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, चौपारण पूर्वी मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, अर्जुन रविदास, मोती लाल चौधरी, राजन यादव, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह, सुरेंद्र रजक, प्रवीण सिंह, गजाधर प्रसाद, बालेश्वर साव, शैलेश सिन्हा, रंजीत भुइया सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## खूंखार कैदी की गिरफ्तारी की मांग

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव विक्की कुमार धान ने प्रशासन से मांग की है कि शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल के कैदी वार्ड से फरार हुए खूंखार कैदी शाहजद अंसारी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। आज, 12 अगस्त 2024 को विक्की कुमार धान ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के होनहार जवानों और पुलिस अधिकारियों को निशाना बनाना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि शाहजद अंसारी ने हवलदार चौहान हेम्ब्रम की हत्या कर कैदी वार्ड से फरार हो गया, जो बेहद निंदनीय है। विक्की कुमार धान ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने बड़े और खतरनाक अपराधी की सुरक्षा में केवल एक हवलदार तैनात करना प्रशासन की लापरवाही को दशार्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए और कैदी वार्ड में कम से कम तीन जवानों को सुरक्षा में तैनात किया जाना चाहिए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0–1, रॉंची**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 19/2024–25 जिसका पी0आर0 नं0 – 331956 NREP (24–25)_D Group-10 नामकुम प्रखण्ड के अन्तर्गत वार्ड नं0 02 अमेठिया नगर में अजय घोष जी के घर से उमेश कुमार के घर होते हुए मैक्स अस्पताल तक तथा ए0के0 तिवारी के घर तक नाली निर्माण कार्य "पथ" के स्थान पर "नाली" हो गया है जिसे आंशिक सुधार करते हुए, नामकुम प्रखण्ड के अन्तर्गत वार्ड नं0 02 अमेठिया नगर में अजय घोश जी के घर से उमेश कुमार के घर होते हुए मैक्स अस्पताल तक तथा ए0के0 तिवारी के घर तक पथ निर्माण कार्य किया गया है। जिसे "नाली" के स्थान पर "पथ" पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 332498 (NREP) 24-25 (D) एन0आर0ई0पी0–1, रॉंची।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि –पत्र**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –EE/RDSD/LATEHAR/08/2024-25 जिसका PR NO- 332123 (Rural Development)24-25 (D) में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) क्रमांक–2.में अंकित वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 08.08. 2024 के स्थान पर वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 13.08.2024 पढ़ा जाय।
(2) क्रमांक–3. में अंकित ई–निविदा प्राप्ति की तिथि– 08.08.2024 से दिनांक–18.08..2024 के स्थान पर ई–निविदा प्राप्ति की तिथि–दिनांक–13.08.2024 से दिनांक–21.08.2024 पढ़ा जाय।
(3) क्रमांक–5. में अंकित ई–निविदा खोलने की तिथि–20.08.2024के सीन पर ई–निविदा खोलने की तिथि–23.08.2024 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
PR 332544 (Rural Development)24-25*D लातेहार


# चौथी सोमवारी पर शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

### भक्ति जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी आसपास का क्षेत्र

## सयाल में 21 किलो दूध से भगवान शिव का हुआ रूद्राभिषेक, हरियाली-खुशहाली की हुई कामना


पूजा-अर्चना में शामिल श्रद्धालु महिला-पुरूष


शिवलिंग पर जलाभिषेक करती श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में श्रावण माह के चौथी सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों की अपार भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दूध व जल से शिवलिंग का जलाभिषेक कर, फल-फूल, बेलपत्र व प्रसाद चढ़ाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान ऊः नमः शिवाय, हर हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के समक्ष मथा टेक अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि, और हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर, सयाल मोड शीतला मंदिर, पटेलनगर शिव मंदिर, गायत्री मंदिर, हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, सयाल-उरीमारी स्थित शिव मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही जुटे रहें। वहीं भुरकुंडा, रिभर साईड, लपंगा, चैनगडा, सौंदा डी, हॉस्पीटल कॉलोनी, कुरसे, चिकोर, लादी, देवरिया, मतकमा, पाली, निमी, सुद्दी, बलकुदरा, बासल आदि क्षेत्रों के शिवालयों में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुख-शांति की कामना की। इधर तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इसमें सैंकड़ों लोगों ने पूजा किया। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर में जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी मां दुर्गा के उपासक पंडित रामकुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इधर सिद्धेश्वर नाथ प्राचीन शिव मंदिर सयाल मंदिर कमेटी द्वारा 21 किलो दूध से भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया गया। पूजा के दौरान हर-हर महादेव, जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ सहित आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। रूद्राभिषेक में शामिल मंदिर कमेटी की अध्यक्ष पम्मी कुमार, उषा शर्मा, सोनी देवी, अर्जुन सिंह कई सदस्य शामिल थें।

## सावन माह की चौथी सोमवारी पर कुजू में भव्य जलाभिषेक यात्रा

**कुजू।** सावन माह के चौथे सोमवारी पर विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल, हिंदु जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य जलाभिषेक यात्रा निकाला गया। जलाभिषेक यात्रा को लेकर अहले सुबह से ही क्षेत्र के श्रद्धालु टूटी झरना मंदिर पहुंचे। जहां पंडितों द्वारा यजमानों को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। बाद में कलशों में जल भरा गया। इसके बाद गाजे- बाजे के साथ जलाभिषेक यात्रा का शुभारंभ हुआ। जलाभिषेक यात्रा टूटी झरना मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कुजू शिव मंदिर में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना किया। जलाभिषेक यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल थे। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही थी। जलाभिषेक कर बाहर निकल रहे श्रद्धालुओं के बीच शरबत व प्रसाद का वितरण किया गया।

## खीर प्रसाद का किया गया वितरण

**बड़कागांव।** प्रखंड के प्रसिद्ध व आस्था का केंद्र बुढ़वा महादेव मंदिर में सावन मास की चौथी सोमवारी के अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज भी कांवड़ियों की सेवा में लगे रहें।

## निकाला गया कलश यात्रा

**कटकमदाग।** शिव मंदिर कूद में जलाभिषेक के बाद रुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य रूप से कलश यात्रा ग्रामीणों के द्वारा किया गया जिसमें 500 से अधिक ग्रामीण महिलाएं भाग ली।

## राधे राधे महिला मंडली ने मनाया सावन महोत्सव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित प्राचीन श्रीश्री राधा कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर में रविवार की देर शाम राधे राधे महिला मंडली द्वारा सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पुरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। महोत्सव में सर्वप्रथम श्रीराधा कृष्ण की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महिलाओ द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर छप्पन भोग अर्पित की गई। पूजा के दौरान आराध्य देवी देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्रगूंजता रहा। इस दौरान महिलाओं ने सावन के गीत,भजन संगीत व नृत्य कर खुब आनन्द उठाया।


**जिला समादेष्टा का कार्यालय,**
**झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा**

**आम सूचना**

जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा का विज्ञापन सं0–01/2023 के आलोक में गृह रक्षक के नवनामांकन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का स्क्रुटनी के पश्चात मास्टर चार्ट तैयार कर लिया गया है। स्क्रुटनी में आवेदन पत्र अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण/ आवश्यक कागजात संलग्न नही रहने के कारण रद्द किया गया है। स्वीकृत, अस्वीकृत/रद्द आवेदन पत्रों की सूची अभ्यर्थियों का दावा–आपत्ति प्राप्त करने हेतु सामाचार पत्र में प्रकाशित किया जाना है।

स्वीकृत, अस्वीकृत/रद्द आवेदन पत्रों पर दावा–आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा सामान्य शाखा, कोडरमा (उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा) में दिनांक 17–08–2024 तक समर्पित किया जा सकता है।

स्वीकृत, अस्वीकृत/रद्द आवेदनों की सूची वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे देखा जा सकता है।

ह0/–
PR 332520 District(24-25)#D उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा



**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/ 10/2024-25**

| S.No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 50 शैयया अल्पसंख्यक छात्रावास मदरसा इस्लामिया अरबिया सोस, चान्हों, रॉंची। | 3,12,51,800.00 | 6,25,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 02 | 50 शैयया अल्पसंख्यक छात्रावास आइडियल अकादमी ऑफ नर्सिंग एजुकेषन, दलादली चौक, रॉंची। | 3,12,51,800.00 | 6,25,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 03 | 50 शैयया अल्पसंख्यक छात्रावास इमारत पब्लिक स्कूल, लाधमा रोड, पिस्का नगड़ी, रॉंची। | 3,12,51,800.00 | 6,25,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 04 | 50 शैयया अल्पसंख्यक छात्रावास जामिया इस्लामिया मदरसा, ग्राम–रड़गॉव, पंचायत–रड़गॉव, प्रखण्ड–तमाड़, रॉंची। | 3,12,51,800.00 | 6,25,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 05 | 50 शैयया अल्पसंख्यक छात्रावास इदरीस मेडिकल हॉस्टल, जोरातालाब रोड, बरियातु, रॉंची। | 3,12,51,800.00 | 6,25,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 06 | 50 शैयया अल्पसंख्यक छात्रावास अलजेबर पारा मेडिकल कॉलेज, ब्राम्बे, माण्डर, रॉंची। | 3,12,51,800.00 | 6,25,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 07 | 50 शैयया अल्पसंख्यक छात्रावास दारूलउलूम इस्लाम नगर, जाड़ी बानापीढ़ी, रॉंची। | 3,12,51,800.00 | 6,25,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1.अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–20.08.2024
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–21.08.2024 से 28.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **निविदा खोलने की तिथि–29.08.2024 को 5.00 बजे अपराह्न।**
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉंची। ई–निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0– 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. **निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।**
10. **इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची/भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड रॉंची में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।**

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रॉंची।
PR 332562 (Panchayati Raj) 24-25 (D)

# जलवायु परिवर्तन और भारतीय राजनेताओं की अगंभीरता

पिछले 15 वर्ष में भारत में 3 लाख हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत रूप से जारी है। इतनी चिंताजनक स्थिति के बावजूद वर्तमान आम चुनाव में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने, या ज्यादा से ज्यादा चुनाव मैनिफेस्टो में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

**कुलभूषण उपमन्यु**



**संयुक्त** राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट गत सप्ताह जारी की है, जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ और तूफान से प्रभावित हुए। दो हजार लोग काल का ग्रास बन गए। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है बल्कि उनकी भयानकता को भी बढ़ाया है, जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाज, अर्थ व्यवस्था, और मानव जीवन पर पड़ा है।

जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों जैसे कि जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगुनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ आई। चीन की बाढ़ और भारत में सूखे से 65 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। चीन में 140 वर्षों का वर्षा का रिकार्ड टूट गया।

वहीं दक्षिण पश्चिमी चीन भारी सूखे की चपेट में रहा। भारत में लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया और 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई।

एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव पाए गए हैं। यानी ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुणा वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है।

जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन के कारण हुई भारी तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है ,जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है फिर भी काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। पूर्व चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं में होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है कि बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है, या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है, या वह किसान जिनकी फसल खुले में में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बन सकती है।

इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों और फसल किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित श्री धान्य फसलों कोदा, रामदाना, स्वांक, बाजरा, आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है। किन्तु कार्बन उत्सर्जन करने वाली ऊर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण क्षमता में आ रही कमी की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं।

आम मतदाता निजी आर्थिक लाभ से ज्यादा सोचने को तैयार नहीं है। इस लिए राजनीतिक दल भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं। हिमालय के नाजुक परिस्थिति संतुलन के दृष्टिगत यह मामला हिमालय में और भी ज्यादा संगीन हो जाता है। किन्तु हम प्राकृतिक आपदा का बहाना गढ़कर आत्मसंतुष्टि कर लेते हैं या खुद को धोखा देते रहते हैं। जबकि हम सब समझते हैं कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित गलतियों का नतीजा है। फिर भी हम न तो आत्मसंयम से अनावश्यक वस्तुओं, पदार्थों के उपयोग से बचना चाहते हैं न ही सरकारों के सामने अपनी पर्यावरण विषयक चिंताओं को रख कर दबाव बना कर नीतिगत बदलाव की मांग रखना चाहते हैं। सरकारें अपने आप विकास को सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर से नाप कर आगे बढ़ती हैं उन्हें पर्यावरण जैसे मुद्दे उतने लुभावने नहीं लगते। दुनिया भर में सरकारें जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर टालमटोल करते हुए, शमार्ते हुए कुछ थोड़ा बहुत कार्य करती रहती हैं। कुछ गंभीरता जब आपदाएं आती हैं तब दिखाई देती है। धीरे-धीरे प्रकृति के ऊपर दोषारोपण करके समस्या भूल जाते हैं।

इस बार कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ने ही इस मुद्दे पर कुछ लक्ष्य अपने चुनाव घोषणा पत्र में रखे हैं। किन्तु पिछले अनुभव के आधार पर ज्यादा आशा नहीं जगती है। शिमला में 2009 में जलवायु कॉन्क्लेव हुआ था, उसके साथ ही हिमालयी परिस्थिति तंत्र को बचाने के लिए कुछ लक्ष्य तय किए गए थे। किन्तु दोनों प्रमुख दलों को पर्याप्त समय मिलने के बावजूद विशेष प्रगति इस दिशा में नहीं हो सकी। वैश्विक स्तर और हिमालय के स्तर पर जलवायु परिवर्तन की चुनौती के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के चलते अब समय आ गया है जब कि इस मुद्दे पर आम जनता और राजनीतिक दलों को चुनावी राजनीति के केंद्र में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लिया जाना चाहिए, ताकि सरकार गठन के बाद इस मुद्दे पर समुचित कार्य किया जा सके और सरकारों की जवाबदेही भी तय हो।

(लेखक, जल-जंगल-जमीन के मुद्दों के पैरोकार हैं।)

# बांग्लादेश में हिन्दू मारे जा रहे, यूएन को सिर्फ गाजा और सूडान की चिंता

**डॉ. मयंक चतुवेर्दी**

इस्लामिक अतिवादियों, उपद्रवियों और आतंकवादियों ने छात्र आन्?दोलन के नाम पर बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के इस्तीफे के बाद कई जगहों पर हिंदुओं पर हमले करना जारी रखा है। आधिकारिक तौर पर 500 से अधिक हिन्दू मंदिरों, सैकड़ों घरों और हजारों व्यापारिक प्रतिष्ठानों को शरिया की चाह रखनेवाले और गैर मुस्लिम को अपना शत्रु समझनेवाले मुसलमानों ने निशाना बनाया है। हिन्दुओं की संपत्ति लगातार लूटी जा रही है। उनकी हत्या की जा रही है और उनके शवों को लटकाया जा रहा है। दूसरी ओर हिन्दू महिलाओं के साथ सामूहिक रेप हो रहे हैं। ये जिहादी इस्लामवादी बच्चियों को भी नहीं छोड़ रहे और इस प्रकार की घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं । कई कट्टरपंथी तो साफ तौर पर हिन्दुओं को निशाना बनाने की बात कहकर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा हिन्दुओं को निशाना बनाया जा सके।

ये इस्लामवादी यहां तक नीचता पर उतर आए हैं कि पिटनेवाले का हिन्दू होना कन्फर्म हो जा रहा है कि इसका खतना नहीं हुआ, सभी ओर से उसे जान से मार देने के लिए टूट पड़ रहे हैं । पिछले तीन दिन में इस प्रकार के अनेक वीडियो सामने आ चुके हैं और अत्याचार के ये वीडियो लगातार सामने आते ही जा रहे हैं ।ऐसे में गाजा पर, हमास और फिलिस्तीनियों के नाम पर इजराइल की सैन्य कार्रवाई को लेकर आंसू बहानेवाले मानवाधिकार संगठनों, यूनिसेफ समेत अन्य वैश्विक संस्थाओं की हिन्दू अत्याचार पर चुप्पी बहुत चुभ रही है। जबकि कहने को ये अपने आप को मानवाधिकार का सबसे बड़ा झण्डाबरदार मानते हैं । यूएन का बयान आया भी तो वह हिन्दुओं के ऊपर हो रहे कई दिन के अत्याचार के बाद ।

दरअसल, अभी यूनाइटेड नेशन (यूएन) जिसकी अधिकारिक वेबसाइट पर तमाम मानवीयता का दावा करनेवाली स्टोरी तैरती नजर आ रही हैं, लेकिन यदि कुछ उसमें गायब है तो वह है हिन्दू अत्याचार से जुड़ी बांग्लादेश की एक भी स्टोरी का वहां नहीं पाया जाना । सबसे ज्यादा यूएन यदि मानवीयता के नाम पर कवरेज किसी को देता दिख रहा है तो वह गाजा है। उसके बाद दूसरे नंबर पर सूडान की समस्याओं का निदान है, उसके लिए किए जा रहे कार्य हैं । वहीं दिनांक 07 अगस्त के ताजा अपडेट में संयुक्त राष्ट्र को चिंता अफगान महिलाओं की सबसे ज्यादा दिखाई दे रही है और इसलिए वह 'ऑस्ट्रेलिया सरकार, अफगान हत्याओं के लिए मुआवजा दे', मानवाधिकार विशेषज्ञ्ल शीर्षक से स्टोरी कर रहा है । वह कवरेज दे रहा है ह्यगाजा में स्कूलों पर इजराइली हमलों में तेजी पर गम्भीर चिन्ताह्न शीर्षक के माध्यम से वहां की इस्लामिक जनता की चिंता उसे है, यह बताने की ।यूनाइटेड नेशन (यूएन) को इस वक्त सबसे ज्यादा लेबनान, सीरिया गोलान पहाड़ियां और ईरान की राजधानी तेहरान में हुए हमलों से पूरे क्षेत्र में टकराव भड़कने की आशंका सता रही है। इसे मुस्लिम बच्चों और महिलाओं की चिंता है। इससे जुड़े सभी मानवाधिकार कार्यकर्ता और संगठन इन्हीं पर फोकस कर कार्य करते नजर आ रहे हैं, जैसा कि इसने अपनी रिपोर्ट्स में अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बताया है, लेकिन उसे बांग्लादेश में जो अमानवीयता-अत्याचार हो रहा है, वह दिखाई नहीं दे रहा ।

हालांकि कुल तीन स्टोरी बांग्लादेश पर यूएन ने करवाई हैं, किंतु ये सभी सतही हैं। सामान्य डेटा है इसमें । यहां हिन्दुओं पर जो भयंकर अत्याचार हो रहे हैं, उस पर एक शब्द भी यूएन के माध्यम से अब तक नहीं बोला गया और न ही कोई स्टोरी फ्लेश की गई है । जबकि यूएन अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर यह दावा जरूर करता दिखा है कि यूएन न्यूज यानी कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मानवीय कहानियां यही साझा करना उसका अहम कार्य है। दूसरी ओर वास्तविकता में यहां यही दिखाई दे रहा है कि उसे ईसाईयत और इस्लाम से जुड़े लोगों की चिंता सबसे अधिक है, उनके मानवाधिकार उसे याद हैं, जैसा कि उसकी वेबसाइट ˘ में देखा जा सकता है लेकिन वैश्विक मानवाधिकार की पैरोकार बननेवाले इस संगठन को हिन्दुओं के अत्याचारों से कोई भी लेना-देना नहीं है।

यही हाल यहां दूसरे सबसे बड़े बच्चों और महिलाओं के वैश्विक मंच होने का दावा करने वाले उनकी सर्वाधिक चिंता जतानेवाले संगठन ह्ययूनिसेफह्न का नजर आ रहा है । कहने को इस संगठन का दावा है कि दुनिया के हर देश में उनके वॉलंटियर एवं पेड वर्कर्स हैं, जिनके माध्यम से यह बच्चों एवं महिलाओं के हित में चहुंमुखी और सर्वाधिक कार्य करता है, लेकिन बांग्लादेश हिन्दू हिंसा पर ये संगठन भी पूरी तरह से गायब है, कहीं कोई आवाज इसकी सुनाई नहीं दे रही। ये पूरी तरह से चुप नजर आ रहा है ।

इसे भी आज यदि किसी की सबसे ज्यादा चिंता हो रही है जैसा कि दिखाई भी दे रहा है तो वह गाजा में रह रहे मुसलमान हैं। वे ही इस यूनिसेफ संगठन की नजरों में सबसे बड़े पीड़ति हैं, इसलिए ही यह अधिकारिक तौर पर स्टोरी को पहले स्थान पर रखकर चल रहा है। इसके बाद जो विशेष स्टोरी महिलाओं एवं बच्चों के हित में यहां देता दिख रहा है, उसमें भी अफ्रिका के सूडान, हेती एवं अन्य देश शामिल हैं लेकिन बांग्लादेश के इस्लामिक जिहादियों से प्रताड़ति होते बच्चे और महिलाएं कहीं भी अपनी स्टोरी या दर्द भरी दांसता में (यूनिसेफ) इसके यहां अपनी जगह नहीं बना सके हैं।

इसी तरह से कई वैश्विक एवं स्थानीय मानवाधिकार संगठनों, मानवाधिकार समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल एवं अन्य की पहली प्राथमिकता में गाजा, फिलीस्तीन अफ्रीका, अफगानिस्तान एवं अन्य इस्लामिक देश एवं युरोपियन देश तो हैं, लेकिन बांग्लादेश में हिन्दू प्रताड़ति और अत्याचार से अपनी जान गंवा रहे हैं, यह उनके लिए भी कोई महत्व नहीं रखता है। जबकि वास्तविकता बांग्लादेश में सर्वत्र भयावह है। ढाका के धामराई में एक हिंदू परिवार के घर पर 100-150 इस्लामिक चरमपंथियों की एक भीड़ आती है, घर को तोड़ देती, सारी संपत्ति लूट लेती है और घर में बने मंदिर को क्षत-विक्षत कर दिया जाता है। हिंदू परिवार पर हुए हमले की इस घटना को बांग्लाादेशी अखबार ढाका ट्रिब्यून ने प्रकाशित किया है। यहां ऐसे अनेक परिवारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

प्रश्न यह है कि ये सब कुछ बांग्लादेश में आरक्षण समाप्त करने के लिए छात्र आंदोलन के नाम पर हो रहा है ! एक सवाल लगातार उठ रहे हैं, कि आखिर छात्र आंदोलन इतना हिंसक क्यों हो गया आज यह सवाल उठना बहुत लाजमी भी है क्योंकि छात्रों के प्रदर्शन का मकसद सिर्फ आरक्षण को खत्म करना नहीं दिखा है, इससे इतर इसकी आड़ में इस्लाम का अतिवादी चेहरा दुनिया को दिखाना और यहां के अल्पसंख?यकों को समाप्?त करके शरिया राज की स्?थापना करना दिखाई दे रहा है !

जिस सरजिस आलम, छात्र नेता की बात जोरशोर के साथ शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए आंदोलन में केन्द्रीय भूमिका निभाने को लेकर हो रही है, उसके बारे में भी यह सामने आ चुका है कि उसका मूल मकसद छात्र आन्दोलन एवं अवाम को भड़काकर बांग्लादेश में शरिया आधारित इस्लाम की स्थापना करना है। सरजिस आलम ने फेसबुक पोस्ट में लिखा था, कल का राष्ट्र इस्लाम होगा, संविधान अल कुरान होगा - इंशा अल्लाह₹। जब उसकी इस पोस्?ट से इस पूरे आन्दोलन का पदार्फाश हुआ तो उसने फिर दूसरा चेहरा दिखाना शुरू कर दिया और इसलिए इस सरजिस आलम ने अपना फेसबुक पोस्ट डिलीट कर दिया। लेकिन बांग्लादेश को शरिया राष्ट्र में बदलने की उसकी मंशा अब दुनिया के सामने उजागर हो चुकी है। शरिया देश में गैर मुसलमानों को देना होगा जजिया, गैर मुस्लिम लड़कियां और महिलाएं होंगी गनीमत की संपत्ति, यौन दासब'ग्लादेशी पत्रकार सलाह उद्दीन शोएब चौधरी इस बारे में जानकारी देते हुए लिख रहे हैं, कि ₹सरजिस आलम बांग्लादेश में जिस इस्लाम की स्थापना करना चाहता है, उस शरिया देश में हिंदुओं और गैर-मुस्लिमों को जजिया देना होगा, जबकि गैर-मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं को

## पिछले 10 साल में पांच हजार से अधिक भयावह हिन्दू विरोधी घटनाएं घटीं



**पिछले 10 साल में पांच हजार से अधिक भयावह हिन्दू विरोधी घटनाएं घटीं**

इस सब के बीच बड़ी और दुखभरी बात यह है कि दुनिया में एक देश जिसमें कि एक करोड़ से अधिक हिन्दू आबादी है, आज उनके घर लूटे जा रहे हैं, उनसे जीवन जीने का हक छीना जा रहा है, उन्हें अपना गुलाम बनाने पर ये इस्लामवादी मुसलमान मजबूर कर रहे हैं या फिर उन्हें अपना सब कुछ छोड़कर बांग्लादेश से बाहर जाने को कह रहे हैं। दुखद है कि इन सभी हिन्दुओं पर होता अत्याचार वैश्विक स्तर पर बड़े बड़ों को जो अपने को शक्तशाली कहते हैं, उन्हें दिखाई नहीं दे रहा है। हर साल दुगार्पूजा पर इन्हें (हिन्दुओं को) निशाना बनाया जाता है। भारत में कुछ सांप्रदायिक मामले होते हैं तो हिंसा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर शुरू हो जाती है। 1992 में भी निशाना बनाया गया था, जब अयोध्या में बाबरी मस्जिद को गिरा दिया था और पिछले 10 सालों में यहां पर कम से कम 05 हजार से अधिक हमलों की रिपोर्ट हुई है , जिसमें बर्बरता, आगजनी और लक्षित हिंसा शामिल है।

### सरकार बदली, हालात नहीं, अभी बांग्लादेश के 27 जिलों में अमानवीय अत्याचार

अभी तख्तापलट की स्थिति में यहां पर 27 जिलों में हिन्दुओं को मुस्लिम भीड़ ने अपना निशाना बनाया है। कई तस्वीरें विचलित करने वाली हैं।

हालांकि, कई जगहों पर भीड़ को दूर रखने की पूरी कोशिश करते हुए, कुछ लोग मंदिरों के बाहर पहरा देते देखे जा रहे हैं। उनके भी वीडियो सामने आए हैं लेकिन फिर बाद में वे वीडियो भी आ रहे हैं कि वहां जैसे ही भीड़ पहुंचती है, उसने सभी कुछ नष्?ट कर दिया, जो मंदिर को बचाने के लिए पहले खड़े दिखाई दे रहे थे, वे भी फिर गायब हो गए । फिलहाल कोई मानवाधिकार संगठन हिंदुओं की रक्षा के लिए यहां दिखाई नहीं दे रहा है । इसमें भी दुख इस बात का सबसे अधिक यह है कि भारत में भी वह वर्ग जो अल्?पसंख?यक अत्?याचार के नाम पर या अन्?य विवाद पैदा कर बार-बार आंसू बहाता, सड़कों पर निकलता, अधिकारों की बात करता हुआ दिखाई देता है, यहां वह वर्ग भी चुप्पी साधकर बैठा हुआ है।

### सेक्युलर जमात का दोगलापन

यूएन, यूनिसेफ तो छोड़ ए भारत के इन कथित सेक्युलरों के मुंह बंद होने पर आज इनका दोगलापन साफ दिखाई दे रहा है। इस सेक्युलर जमात में से वह भीड़ भी आज होते हिन्दू अत्याचार पर चुप और गायब है जो भारत में छोटी-छोटी बातों को बड़ा बनाकर हिन्दुओं के विरोध में लगातार एक प्रोपेगेंडा तथा नैरेटिव खड़ा करती है । जिन्होंने हमास के समर्थन में, गाजा में हिंसा के नाम पर इजराइल के विरोध में, फिलिस्तीन के हक में और न जाने ऐसे कितने ही वीडियो बना डाले। सोशल मीडिया पर अभियान ले चला डाले तथा लम्बी-लम्बी पोस्ट उनके समर्थन में लिखी हैं; यहां ये सभी बांग्?लादेश में हो रहे हिन्दू अत्याचार पर मौन दिखाई दे रहे हैं।

अब इसे क्या कहें? मानवता की हत्या या संवेदनशीलता की मौत, जोकि हिंसा को हिंसा नहीं मानते, उसमें भी पंथ, मजहब, धर्म और मत देखते हैं और लाशों पर चुप रहते तथा हर वक्त अपने हित की राजनीति करते हैं।

# दिवारों पर वर्टिकल फार्मिंग



**निधि सिंह**

**यह** तो सभी को पता है कि खेती जमीन पर की जाती है। लेकिन अगर आपको पता चले कि दुनिया नें कुछ ऐसी जगहें भी हैं। जहां दीवारों पर खेती की जाती है, तो शायद आप हैरान रह जाएं। वहीं आपको बता दें कि दुनिया में ऐसी कई जगह हैं जहां दीवार भी खेती होती है। इसे वर्टिकल फार्मिंग कहते हैं। यह धीरे धीरे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। इसी बीच आज हम आपको इससे जुड़ी तमाम जानकारी बताने जा रहे हैं। तो आइए इसे विस्तार से जानते हैं।

**यहां वर्टिकल फार्मिंग होती है**

आपको बता दें कि इजरायल के साथ साथ और भी कई देश हैं जहां वर्टिकल फार्मिंग होती है। दरअसल यहां खेती के लिए जमीन कम है। जिस वजह से यहां के लोग दीवार पर खेती करना बेहतर समझते हैं। इस टेकनीक को इजरायल, अमेरिका, चीन और भी कई देश इसे अपना रहे हैं।

**कंप्यूटर को यूज किया जाता है**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीवार पर खेती करने के लिए कंप्यूटर को यूज किया जाता है। इसके लिए छोटे छोटे गमलों नें पौधे लगाकर दीवारों पर इस तरीके से लगाया जाता है कि वो गिरे नहीं। इसकी सिंचाई करने के लिए कंप्यूटर का यूज किया जाता है। गेंहू अनाज को उगाने के लिए यूनिट्स को दीवारों से थोड़ी देर के निकाल कर फिर से दिवार पर लगा दिया जाता है। इन फसलों को उगाने के लिए बूंद बूंद की सिंचाई की टेकनीक को अपनाया जाता है।

**ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है**

इस टेकनीक को देशों में अपनाया जा रहा है। इससे जमीन की बचत तो होती हैं। साथ घर का तापमान भी सही रहता है। इससे इसके आसपास के वातावरण में खुश्बू भरा होता है। वहीं वर्टिकल फार्मिंग से ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है।

# घर में फिटनेस के लिए हो एक कोना

**कुसुम पी**

फिट इंडिया मूवमेंट पूरा हुआ। इस दौरान आधा घंटा रोज, फिटनेस की डोज का नारा दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से फिटनेस पर ध्यान देने की अपील की। असल में फिटनेस की शुरूआत हमें घर से ही करनी होगी। जिस तरह बेडरूम, ड्राइंगरूम स्टडी-रूम हमारे घर में होते हैं उसी तरह हमें अब फिटनेस रूम पर भी ध्यान रखना होगा।

जानकार कहते हैं कि आज अनेक घरों में ही जिम बनाने का चलन बढ़ा है। बेशक यह काम सबके बस की बात नहीं। एक तो स्पेस की किल्लत, दूसरे महंगे उपकरणों का रखना खासा खचीर्ला होता है। इसके अलावा फिटनेस के लिए मशीनरी का सही उपयोग भी आना चाहिए। जानकार कहते हैं कि सबसे जरूरी है अपने अंदर फिटनेस की ललक पैदा करना। इसके लिए आप घर के एक कोने को ह्यफिटनेस कॉर्नरह्न बना सकते हैं। असल में सामान्यतः आम घरों में गेस्ट रूम, ड्राइंगरूम आदि को ही प्राथमिकता दी जाती है। हालांकि अब स्टडी रूम का चलन भी बढ़ा है। इसी तरह फिटनेस रूम भी बनाया जाना जरूरी है। या फिटनेस के लिए एक कोना।



**घर के काम में भी छिपा है फिटनेस का राज**

इन दिनों बच्चे घर पर ही हैं। पढ़ाई के अलावा जो समय उन्हें मिलता है, उस दौरान वे घर के काम में अपने माता-पिता या अन्य सदस्यों की मदद कर सकते हैं। जानकार कहते हैं कि घर के कामों जैसे कि झाड़ू, पोछा, आटा गूंथना, बागवानी जैसे तमाम काम ऐसे हैं जिसमें आपको सुकून मिलेगा और फिटनेस भी रहेगी। घरवाले मिलकर किसी दिन मास्टर सफाई का भी कार्यक्रम रख सकते हैं। इस दिन घर का हर सदस्य अपने हिस्से का काम कर ले। अगर चाहें तो अपने घर का लेआउट भी बदल सकते हैं।

**क्या करें-**

जानकार कहते हैं कि अगर पर्याप्त जगह है तो आप एक कमरे को ही फिटनेस रूम बना सकते हैं। इसके लिए आप वहां कुड डंबल, स्प्रिंग वाली रस्सी जैसी कुछ चीजें रख सकते हैं। अगर ऐसा न हो तो आप एक कोने को ही फिटनेस कॉर्नर बनायें। यहां आप एक आसन ही रख लें जिस पर बैठकर आप रोज सुबह योगासन आदि करें। घर में जितने सदस्य हैं, उनके लिए एक-एक आसन बना हो सकता है। उन पर बैठकर आप अनुलोम-बिलोम, प्राणायाम जैसे कुछ यौगिक क्रियाएं कर सकते हैं।

बच्चों की एक्सरसाइज के कुछ सामान भी आप वहां रख सकते हैं ताकि बच्चों को हर दिन उस कोने को देखकर अपनी फिटनेस की याद आये और वह इसके लिए तैयार रहे।

# 14 को विभाजन विभीषिका दिवस पर जिला स्तरीय संगोष्ठी करेगी भाजपा

- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा ने की व्यापक तैयारी
- विभिन्न मंडलों में जमशेदपुर महानगर ने भेंट की राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा
- बढ़ते महिला अत्याचार पर 14 को महिला मोर्चा करेगी उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन
- सांसद विद्युत महतो ने लोगों से घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील की
- मंगलवार को कदमा गणेश पूजा मैदान से गोलमुरी शहीद स्थल तक भाजयुमो निकालेगी विशाल तिरंगा यात्रा, शामिल होंगे सांसद विद्युत महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस मनाने का फैसला किया है। यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होकर तीन दिनों तक चलेगा। वहीं, भाजपा 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस मनायेंगी। इस निमित्त, सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रेस-वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में हर घर तिरंगा अभियान पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता को



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते सांसद विद्युतवरण महतो व अन्य।

संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि भाजपा की ओर से पिछले कई वर्षों से 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से देश की एकता और अखंडता के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर यह अभियान स्वतंत्रता दिवस को महापर्व के रूप में मनाने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के तहत भाजयुमो के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। वहीं, 13 से 14 अगस्त तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित महान क्रांतिकारियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा। जमशेदपुर शहर में अधिक से अधिक लोगों के घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाए इस उद्देश्य के साथ 50 हजार से अधिक तिरंगे भाजपा की ओर से उपलब्ध कराया जा रहा है। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि 11 से 14 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान हमारे पार्टी की पहल पर यह कार्यक्रम राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत होकर आमजनों के लिए महापर्व बने, इसके लिए भाजपा ने सभी स्तरों पर व्यापक तैयारी की है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि शहर के सभी नागरिकगण अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर 13 अगस्त से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सम्मानपूर्वक लगाएं और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि देश में भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र राजनीति संगठन है जो राष्ट्रवादी सोच के आधार पर कार्य करती है। इस नाते संगठन के कार्यकर्ता भी राष्ट्र प्रथम का ध्येय लेकर हमेशा कार्य करते रहे हैं। 13 से 14 अगस्त तक पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाएंगे एवं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। सभी मंडलों में भाजपा कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही, जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीतारामडेरा मंडल क्षेत्र अंतर्गत ईस्ट बंगाल कॉलोनी में जिला स्तरीय गोष्ठी आयोजित कर विभाजन की त्रासदी पर चर्चा की जाएगी एवं बंटवारे की त्रासदी में प्राण गंवाने वालों लोगों को नमन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में बढ़ते महिला अपराध और अत्याचार की घटना पर महिला मोर्चा के तत्वावधान में 14 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### जंगली हाथी के आतंक से चांडिल के लोग परेशान

**चांडिल।** रविवार की देर रात चांडिल बाजार में आए जंगली हाथी के आतंक से चांडिल के लोग परेशान हैं। मालूम हो कि एक सप्ताह पहले भी जंगली हाथी ने चांडिल में आतंक मचाया था। रविवार रात को चांडिल के कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस दौरान चांडिल बाजार, मस्जिद मोहल्ला, सिकली के लोग जंगली हाथी के कारण रात हर डरे सहमें रहे। चांडिल के पंचायत समिति सदस्य रजिया सुल्ताना ने वन विभाग से इस क्षेत्र से हाथी को भगाने तथा बचाव हेतु पटाखा टॉर्च देने की मांग की है।

### श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल में मना सावन महोत्सव



**जमशेदपुर।** श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल की बिष्टुपुर, बागबेड़ा और घाघीडीह शाखाओं की शिक्षिकाओं ने प्राचार्या श्रीमती पूर्णिमा त्रिपाठी, उप-प्राचार्या डा रंजना कुमारी एवं समन्वयक डा बबिता तिवारी के निर्देशन में सावन महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये और एक-दूसरे से खुशियां बांटी। इस अवसर पर श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल के महासचिव डा हरिबल्लभ सिंह आरसी ने मुख्य अतिथि के रुप में अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति से ही सृष्टि का संचालन होता है। इसलिए मां की बड़ी महिमा है। माता शब्द से ही पृथ्वी को,भारत को, वेद को संबोधित करते हैं। श्रावण महोत्सव नारी शक्ति जागरण का महोत्सव है। कार्यक्रम के अंत में स्वरुचि भोज आयोजित किया गया।

### इनर व्हील क्लब ने सबर जनजाति के बीच बांटी खुशियां

**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने पूर्वी सिंहभूम के बाराबंकी में रहने वाले सबर जनजाति के बच्चों और महिलाओं के साथ मजेदार और उल्लासपूर्ण और कुछ मौज-मस्ती का समय बिताया। उनसे बात की, डांस किया और उन्हें नाश्ता परोसा। महिलाओं के बीच कुछ सुहागन हैम्पर्स वितरित किये गये। स्नैक्स और अन्य सामान पूनम वर्मा और रितु प्रसाद द्वारा प्रायोजित थे।

### सहारा सिटी कॉलोनी वासियों ने किया जलार्पण

**जमशेदपुर।** सहारा सिटी मानगो की कॉलोनी वासियों ने आज सोमवारी के दिन डिमना लेक से जल लेकर कॉलोनी स्थित श्रीश्री 1008 श्री शिव हनुमान मंदिर में बाबा का जलाभिषेक एवं आरती की गयी, उसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम साधु शरण के पुत्र ने की। मंदिर के पुरोहित पंडित अनिरुद्ध बाबा ने मंत्रोच्चार कर बाबा की आरती की। इस यात्रा की अगुवाई मंदिर के कोषाध्यक्ष साधुशरण सिंह, केश्वर साहू, श्रीकांत रंजन, अखौरी अनिल सिन्हा, एस एन पाल, अभिषेक प्रताप सिंह एवं कॉलोनी के सचिव सुशील कुमार सिंह ने किया। इसमें सैकड़ों कॉलोनी की सम्मानित महिलाओं ने हिस्सा लिया।

# होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम लॉन्च

## सरायकेला में पर्यटन और सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले में सुरक्षा को बढ़ावा देने और पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कोल्हान के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआइजी) मनोज रतन चोथे, आईपीएस ने होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम लॉन्च किया और होटल क्रूज में आयोजित एक कार्यक्रम में पर्यटन नोडल पुलिस अधिकारी की शुरुआत की। यह पहल जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) और सरायकेला जिला पुलिस के बीच सहयोग का परिणाम है, जो जिले में कानून प्रवर्तन और पर्यटन प्रबंधन में क्रांति लाने वाली है।

कार्यक्रम में बोलते हुए डीआइजी मनोज रतन चोथे ने इस होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम




के जिले में पुलिसिंग और अपराध प्रबंधन पर पड़ने वाले कई लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सिस्टम होटल मेहमानों की निगरानी प्रक्रिया को काफी हद तक सरल बना देगा, जिससे अपराध गतिविधियों को ट्रैक करना और प्रबंधित करना आसान हो जाएगा। डीआइजी ने यह भी सुझाव दिया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) भविष्य में सुरक्षा उपायों को और अधिक मजबूत करने के लिए थंब-आधारित चेक-इन सुविधा को पेश करे।

डीआइजी चोथे के अनुसार, एक समर्पित पर्यटन नोडल पुलिस अधिकारी की शुरुआत से जिले की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर दीर्घकालिक लाभ होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केरल और कश्मीर जैसे राज्यों में पहले से ही चालू समर्पित टूरिस्ट पुलिस थाना की स्थापना अगले कदम के रूप में की जायेगी।

मुख्य अतिथि, मुकेश कुमार लुनायत, आईपीएस, ने जमशेदपुर में सिटी एसपी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान वेरिफिकेशन सिस्टम के लाभों के अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम ने होटल मेहमानों की वास्तविक समय में निगरानी को काफी आसान बना दिया है और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार किया है। लुनायत ने यह भी घोषणा की कि अगले सात दिनों के भीतर पूरे जिले में इस सिस्टम को पूरी तरह से लागू किया जायेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरायकेला, झारखंड का पहला जिला है जहां पर्यटन पुलिस शुरू की गयी है, जो 112 हेल्पलाइन या समर्पित टूरिस्ट पुलिस के माध्यम से पर्यटकों को 24/7 सहायता प्रदान करेगी।

जेएचआरए ने सबसे पहले जमशेदपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से संपर्क किया था ताकि होटल मेहमानों के लिए पुलिस वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सरल बनाया जा सके। मौजूदा सिस्टम ने कानून प्रवर्तन के लिए अपराध गतिविधियों की निगरानी में महत्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न की थीं। इसके जवाब में, राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) झारखंड, के संयुक्त निदेशक किशोर के नेतृत्व में, एक अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर समाधान विकसित किया गया।

किशोर ने बताया कि जमशेदपुर देश का पहला जिला था जिसने ऐसा वेरिफिकेशन सिस्टम लागू किया, जिसने वास्तविक समय में मेहमान डेटा संग्रह की प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया, जिससे होटल व्यवसायियों और पुलिस दोनों को लाभ हुआ।

## नवजीवन कंपलेक्स बारीडीह में धूमधाम से मना सावन महोत्सव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को नवजीवन कॉम्लेक्स, बारीडीह के महिला मोर्चा अध्यक्षा श्रीमती मौसमी सिन्हा द्वारा सावन माह के अंतिम सोमवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, कविता पाठ, रैम्प वॉक तथा लजीज व्यंजन प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत लॉटरी के माध्यम से रूपाली नाग को सावन क्वीन घोषित किया गया एवं कविता घोष को रैम्प वॉक के पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौसमी सिन्हा, रंजना वर्मा, शंपा, पुष्पा, रेणुका, रूंकी, बबली, नंदिनी, कृष्ण पॉल, लता, सुतापा, रिंकू, शिखा, प्रीति तथा रीमा का बहुमूल्य योगदान रहा।

## एक शाम हिंदी भोजपुरी के नाम कार्यक्रम में कवियों ने रचना पाठ से बांधे रखा शमां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** त्रयंबक महादेव मंदिर (बड़ा हनुमान मंदिर) मानगो में संत तुलसी दास जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मंदिर समिति के तत्वाधान में एक शाम हिंदी भोजपुरी के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन 11.08.2024 रविवार संध्या को आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी सह उद्योगपति विकास सिंह एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिक्षाविद् जटाशंकर पांडेय और उपस्थित कवियों ने मां सरस्वती और संत तुलसी दास की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलन



कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी एवं उद्यमी विकास सिंह, डॉ जटाशंकर पांडेय व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर स्वागत भाषण श्री शिव प्रकाश शर्मा ने किया। कवियत्री निर्वदिता श्रीवास्तव ने मां शारदे का आशीर्वाद लेते हुए उनके चरणों में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की। इसके बाद समस्त कवियों द्वारा एक गीत हिंदी और एक गीत भोजपुरी में प्रस्तुत कर बहुत ही सुंदर माहोल बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोता अंत तक काव्य पाठ का आनंद लेते रहें और करतल ध्वनि से कवियों का हौसला बढ़ा रहे थे जिससे कवि कवियत्री आनंद विभोर हो कविता पाठ किये। कवियों में संजय पाठक 'स्नेही' ने सुंदर संचालन किया।

### कुटियातू में घर-घर जाकर बांटे 151 तिरंगा

**नामकुम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घर घर तिरंगा अभिययान को लेकर सोमवार को नामकुम के कुटियातु पंचायत के राजधानी चैक पर भाजपा नेता सह जिप सदस्य राम अवतार केरकेटटा के नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच 151 रास्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री केरकेटटा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आह्वान पर आगामी स्वतंत्रता दिवस पर घर घर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगे का सम्मान भारत का सम्मान है।

## चान्हो में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त मोटरसाइकल से सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई इस यात्रा का नेतृत्व मंडल युवा मोर्चा महामंत्री राजीव गुप्ता और अध्यक्ष मुकेश सोनी ने किया। यह तिरंगा यात्रा माण्डर विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में निकाली गई। बीजूपाड़ा स्थित शहीद स्मारक सोमा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समाप्त हुआ। यात्रा का मकसद के बारे बतलाते हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालने और स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। सभी कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की । यात्रा में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी एस टी मोर्चा के प्रो रामनारायण भगत भी शामिल हुए। लगभग 100 मोटरसाइकिल से भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् का नारा लगाते



हुए इस यात्रा में शामिल हुए। मौके पर भाजपा नेत्री नीतू कुजुर, मंडल अध्यक्ष विजय महतो, किसान मोर्चा के कैलाश प्रसाद गुप्ता, अरविन्द सिंह, आशीष वर्मन, शशिकांत सिंह, विजय सोनी, रिद्धि राज, आशीष वर्मन, सतानंद सिह, मंडल अध्यक्ष विजय महतो, दीपक पांडेय, सुनील उरांव, पुण्य उरांव, राजू उरांव व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## कोल डंप से रैयतों को लाभ नहीं मिला तो बंद होगा : पीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** अशोका पिपरवार परियोजना पदाधिकारी ने विस्थापित प्रभावित रैयत ग्रामीणों की मांग पर पीओ कार्यालय में चर्चा किया गया। ग्रामीणों ने पीओ से चर्चा करते हुए कहा कि अशोका पिपरवार में संचालित कोल डंप से कुछ डंप समिति सदस्य लोग ही लाभान्वित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण प्रभावित विस्थापित ग्रामीणों को लाभ से वंचित रखा गया है। वही उत्पाद कंपनी एवं ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों में मजदूरो की बहाली में 75 प्रतिशत ग्रामीणों के भागीदारी होनी चाहिए। इस मंथन पर पीओ



ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि परियोजना अंतर्गत कोल डंप संचालित से प्रभावित ग्रामीणों के लाभ के लिए शुरू किया गया था। ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है तो यह बहुत ही चिंता की विषय हैं। पीओ ने अपने स्तर से गम्भीरता से जाँच करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों को कोल डंप से कोई लाभ नहीं हो रहा हैं तो डंप बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन समस्या का समाधान नही करते है तो आंदोलन के मध्य होंगे।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर बालेश्वर गंझू, नरेश गंझू, फागू उरांव, कुलदीप गंझू, महेश गंझू,नरेश कुमार गंझू,महेंद्र गंझू,संजय गंझू, रणथू गंझू, राकेश गंझू, सिकेंद्र गंझू, जावेद अंसारी, मनोज कुमार, अजय कुमार गंझू, पिंटू कुमार, सलेंद्र महतो, सुनील गंझू, समीम अंसारी, कृष्णा महतो, अरविंद महतो, मोहित कुमार गंझू, विशाल पासवान, देवा भोगता, सुलेंद्र कुमार,प्रिंस गंझू, बब्लू कुमार, जानकी गंझू, दीपक गंझू,रवि कुमार सहित क्षेत्र के रैयत और अन्य लोग मौजूद थे।

### चौथी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़े शिवभक्त

**सोनाहातू /राहे।** सावन का महीना हिंदू धर्म लंबियों के लिए एक पवित्र महीना होता है। सावन के महीने में शिव की कृपा पाने का खास महीना माना जाता है। सावन के चौथी सोमवारी को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिव मंदिरों में शिव भक्त की लंबी कतारे देखने को मिला। राहे प्रखंड के प्रसिद्ध बिसना बाबा पहाड़ी मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ रही। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां स्थापित तीन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने आये। प्रखंड के शिव टंगरा मंदिर पुरानानगर-महेशपुर में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही।

## एक नजर में

### जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** सावन की चौथे सोमवारी पर मानगो पारडीह शिव शक्ति सेवा समिति ने पारडीह इंद्र नारायण कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से मानगो स्वर्णरेखा नदी और मानगो स्वर्णरेखा नदी से 500 महिलाओं ने कलश में जल भरकर पुनः शिव मंदिर पारडीह आकर भगवान शिव पर जलभिषेक के कार्यक्रम एवं मानगो श्री कृष्णा नगर, गोड़ बस्ती में श्री सार्वजनिक मनोकामना शिव एवं हनुमान मंदिर से 301 महिलाओं के द्वारा निकाली गई कलश यात्रा में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सावन मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है। सच्चे मन से शिव की उपासना करने वाले भक्तों की भोले नाथ सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। इस दौरान ईश्वर सिंह, राकेश दास, मनोज भगत, नितेश सिंह, तारक पॉल, अपुरबा पॉल, जीवनसिंह, बलवंत सिंह, चंदन सिंह, वीरेंद्र सिंह, बीके सिंह, मनोज पांडेय, राजेश चौधरी, गोलू मिश्रा, विनय कुमार, श्री हरि चौधरी, संतोष ठाकुर उपस्थित थे।

### सीपीएस आदित्यपुर के विद्यार्थियों ने किया आयकर विभाग का शैक्षणिक भ्रमण



**आदित्यपुर।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने आयकर विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ एक सफल शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न किया। इस भ्रमण के दौरान, विद्यार्थियों ने आयकर विभाग के कार्यालय में सिद्धार्थ पांडेय (आईटीओ), सत्येंद्र कुमार (आईटीओ) और विजय कुमार (आयकर आयुक्त) के साथ संवाद किया और विभिन्न विषयों पर कोन्सलिंग प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान, अधिकारियों ने विभाग के विभिन्न पहलुओं और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये। मौके पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार सिंह और शिक्षक अनिश त्यागी ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रूप से तैयार किया और विभाग के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जो कि अत्यंत सराहनीय है। इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं और उन्हें व्यावसायिक क्षेत्र के बारे में गहरी समझ प्रदान करती हैं। विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह के अनेक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करेगा, जो विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और पेशेवर मार्गदर्शन में सहायक होंगे।

### एसडी सिंह की स्मृति में 30 रोगियों का नेत्र ऑपरेशन



**जमशेदपुर।** स्व एसडी सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में रेड क्रॉस के 732वां नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन एसडी सिंह मेमोरियल एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन दिवाकर सिंह ने रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल तथा समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह के साथ संयुक्त रूप से ऑपरेशन थियेटर का फीता काटकर किया। इसके पश्चात नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ पूनम सिंह, डॉ राशि वर्मा ने 30 नेत्र रोगियों के आंखों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण संपन्न किया। शिविर में रेड क्रॉस कार्यकर्ता अशोक कुमार सिंह, अशोक कुमार घोषाल, विधायक विश्वास, प्रकाश मिश्र, दीपक कुमार शर्मा, राजेश मोहन प्रसाद, ज्योतिष शर्मा, किशन कुमार अग्रवाल ने शिविर में नेत्र रोगियो की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कल सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच के पश्चात उन्हें आवश्यक चश्मा, दवा प्रदान करने के साथ ऑपरेशन कराये आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर विदा किया जायेगा।

### भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रेम-पप्पू का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर की नवगठित कमेटी में गोलमुरी मंडल निवासी प्रेम झा को मीडिया प्रभारी एवं पप्पू उपाध्याय को गोलमुरी मंडल के भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। रविवार को गोलमुरी क्षेत्र के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर शुभकामनाएं व्यक्त की। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार मौजूद रहे। उन्होंने नवमनोनीत पदाधिकारियों को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त दी। इस दौरान भाजपा गोलमुरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रोबिर चटर्जी राणा, युवा कार्यकर्ता रंजीत सिंह, दीपक प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, राकेश राव, समरेश शुक्ला, हेमंत अग्रवाल, दीपक सिंह, पंकज अग्रवाल मौजूद रहे।

### आदित्यपुर की सड़क के बीचोंबीच गढ़े, धनरोपनी

**आदित्यपुर।** आकाशवाणी चौक के समीप जर्जर हुए सड़क की मरम्मती कार्य शुरू नहीं करने के विरोध में जर्जर सड़क के गड्ढों में धनरोपनी की गयी। पूर्व में ही एक प्रतिनिधि मंडल इस जर्जर सड़क के मरम्मती हेतु 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। यह सड़क आकाशवाणी चौक से आरआईटी क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है जो कोलकाता बाजार के पास काफी जर्जर हालत में है वहां बड़े बड़े गढ्ढे हर पल दुर्घटना को दावत दे रहे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## स्पीड न्यूज

### प्रखंड कार्यालय में शोक सभा आयोजित



**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शोक सभा कर नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पंचायत सचिव संदीप सिंह के आकस्मिक निधन पर श्रद्धाजंलि दी गयी। दो मिनट का मौन रख मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। सीओ सुनील सिंह ने कहा कि स्व सिंह प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिव थे। वे सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव के धनी थे। उनकी कार्यकुशलता को भुलाया नहीं जा सकता। शोक सभा मे सीआई रितेश रंजन तिवारी, मुखिया अरविंद शुक्ला गीता देवी, गुड्डी देवी, बीपीआरओ राजीव रंजन पांडे भी थे।

### पिकेट प्रभारी से हाथापाई में एक को जेल



**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना के डबरा पिकेट प्रभारी संतोष सिंह ने लेस्लीगंज थाना में आवेदन देते हुए बताया कि रविवार को सूचना मिली कि डबरा पिकेट से पटखोलिया तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य बाधा उत्पन्न करते हुए कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। कार्यस्थल पहुंचा तो पाया कि अरुण सिंह पिता स्व लक्ष्मी नारायण सिंह ग्राम डबरा अपनी गाड़ी (जेएच 05 सीएस 6040) से आकर रोड में काम कर रहे मुंशी रविंद्र कुमार एवं अन्य के साथ गाली गलौज कर बोले कि किससे पूछ कर रोड बनवा रहे हो एवं तुरंत काम बंद करो। ऐसा करने से मना करने पर अरुण गाली गलौज कर वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगे। साथ ही हाथापाई करने लगे। उन्होंने उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि उपरोक्त मामले में कांड संख्या 91/2024 दिनांक 11/08/2024 में प्राथमिकी दर्ज कर यू/एस-115/132/352 बीएनएस 2023 धारा में अभियुक्त अरुण को गिरफ्तार कर भेज दिया गया है।

### दिव्यांग बच्चों के बीच हुई प्रतियोगिता



**विश्रामपुर (पलामू)।** समाजसेवी शिक्षा के तहत विश्रामपुर प्रखंड संसाधन केंद्र में सरकारी स्कूल के दिव्यांग बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें दिव्यांग बच्चों ने अपनी कला दिखायी। पेंटिंग, आर्ट व क्राफ्ट में तो बच्चों ने पेंटिंग चार्ट पर एक से बढ़कर एक पेंटिंग उकेरी। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सतीश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण जल्द होगा। प्रखंड रिसोर्स प्रभारी प्रशांत चौबे ने बताया कि प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभाओं को जिला और प्रदेश स्तर के प्रतियोगिता में भेजा जायेगा।

### मृतक के परिजन से मिले दलित व मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** प्रखंड के धंगरडीहा निवासी चुकान भुइयां की मौत वज्रपात से हो गयी। इस दुखद खबर सुनते ही दलित कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह मृतक के घर पहुंचे। परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए मृतक के क्रिया-कर्म के लिए सहयोग राशि दी। शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे परिजनों के साथ सदैव रहेंगे। मौके पर विनय पासवान, उज्ज्वल रजक, अखिलेश कुमार, लव सिंह, राकेश दुबे समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### कुल 110 वारंटी और अपराधी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने पलामू जिले में चार से 10 अगस्त तक समकालीन अभियान चलाया। इसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों में विभिन्न अपराधों के मामले में कुल 110 वारंटी/ अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चार को 15, पांच को 23, छह को 25, सात को छह, आठ को 20, नौ को 12, 10 को नौ और कुल 110 अपराधी व वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

### सभी पंचायत में लग रहे उत्तराधिकार म्यूटेशन से संबंधित कैंप : सीओ



**पाटन पलामू।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर सभी पंचायत में उत्तराधिकार म्यूटेशन से संबंधित दाखिल खारिज के मामलों के निष्पादन के लिए कैंप लग रहे हैं। 9 अगस्त से शुरू यह कैंप 18 तक रहेगा। पाटन अंचल के सिरमा और किशनपुर पंचायत में कैंप लगाये गये। पाटन सीओ प्रवीण सिंह ने कहा कि उत्तराधिकार म्यूटेशन से संबंधित कोई भी व्यक्ति संबंधित पंचायत भवन के कैंप में इस सेवा का लाभ ले सकता है।

### पाटन प्रमुख ने जारी की समय सारणी



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में पाटन प्रमुख शोभा देवी ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक की। प्रमुख ने झंडोत्तोलन को लेकर समय सारिणी जारी की। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह साढ़े आठ, राउमवि प्रखंड कॉलोनी में 8:50, रामवि में 9:05, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:20, थाना परिसर में 9:35, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:50 बजे झंडोत्तोलन होगा। बैठक में पाटन सीओ प्रवीण सिंह, जीपीएस अहमद अंसारी, पाटन उवि के प्राचार्य संतोष कुमार, मुखिया जैनुल सिद्दीकी, बीओ संतोष कुमार, पीयूष तिवारी, चितरांगद कुमार भी थे।

### पूर्व के दुकानदारों को दुकान नहीं मिली तो करेंगे अनशन : ओंमकारनाथ

**तरहसी पलामू।** प्रखंड में जिप से निर्मित दुकान को पूर्व के दुकानदार और स्थानीय दुकानदार को आवंटन में वरीयता नहीं मिली, तो डीसी ऑफिस का घेराव करेंगे। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। श्री जायसवाल जिप से निर्मित दुकान के दुकानदारों के साथ बैठक की। उन्होंने दुकानदारों की समस्या सुनी। कहा कि तरहसी थाना के बगल में जो नवनिर्मित दुकान है उसमें अभी तक दुकान निर्माण भी अधूरा पड़ा है।

# तिरंगा वितरण कार्यक्रम से लोगों में काफी उत्साह : अरुणा शंकर

- प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रामगढ़ बाजार एरिया में घूम घूमकर किया तिरंगा झंडा का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



तिरंगा वितरण कार्यक्रम में लोगों के साथ प्रथम महापौर।

**रामगढ़ पलामू।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सोमवार को रामगढ़ बाजार एरिया मे घूम घूमकर तिरंगा झंडा का वितरण किया। श्रीमती शंकर ने कहा कि हर घर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम सतबरवा से शुरू किया था आज दूसरे दिन रामगढ़ प्रखंड तिरंगा झंडा वितरण का कार्यक्रम मे भी काफी उत्साह देखा गया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर हम भाजपा के सिपाही एक-एक घर तिरंगा वितरण का कार्य कर रहे ताकि हमारे देश की शान तिरंगा हर घर में लहरा सके। प्रथम महापौर ने कहा कि तिरंगा वितरण कार्यक्रम में लोगों में काफी उत्साह है। बड़े, बूढ़े, युवा, महिलाएं इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। प्रथम महापौर ने स्वयं रामगढ़ बाजार एरिया मे घूम घूम कर तिरंगा वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू राम, रामगढ़ मुखिया उमा शंकर प्रसाद, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, मनू, कपिल देव प्रसाद, नवाज शरीफ, जाबिर अंसारी साजिद अंसारी एवं महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

# विधायक कोटे की राशि से क्षेत्र के विकास कार्यों में गति प्रदान की जायेगी : डॉ मेहता

- विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने तीन करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से किया 68 योजनाओं का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** क्षेत्र की जनता के आग्रह पर योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए शिलान्यास किया गया है। पहले विधायक कोटे की राशि का बंदरबांट हो जाता था। पहले लोग विधायक कोटे को जानते तक नहीं थे। हमने पूरी पारदर्शिता के साथ विधायक कोटे की राशि का जनहित में सदुपयोग किया है। भविष्य में भी विधायक कोटे की राशि से क्षेत्र में विकास कार्यों में गति प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के मामले में अन्य प्रखंडों से सबसे आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के आग्रह पर क्षेत्र में योजनाएं संचालित की जा रही है। क्षेत्र में सड़क, पुल पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य, बिजली, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने समेत कई कार्य किये गये हैं। मौके पर निजी सहायक सरोज चटर्जी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, समाजसेवी कमेश यादव, सुनील कुशवाहा, सुंदरलाल यादव, रंजय ठाकुर, लोहरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, सगालिम पंचायत मुखिया सुनील प्रजापति, रंजय भुइयां, पिंटू यादव, सुरज कुमार आदि थे।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर के अपने मौर्या फार्म हाउस में विधायक कोटे से लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से कुल 68 योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि विधायक मद से 68 योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें भवन, बांध, अंबेडकर भवन, प्रतिमा स्थापना पार्क समेत अन्य योजनाएं शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनता का मान सम्मान करते आ रहे हैं।

### टीम अंजू अभिमन्यु का विश्रामपुर में खुला प्रखंड स्तरीय कार्यालय

# विकास के लिए राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत है : अभिमन्यु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यालय का उद्घाटन करते अभिमन्यु सिंह।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर मुख्यालय में सोमवार को टीम अंजू अभिमन्यु का प्रखंड स्तरीय कार्यालय खुला। कार्यालय का उदघाटन वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने फीता काट कर किया। इससे पहले उन्होंने पूजा अर्चना करते हुए नारियल भी फोड़ा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता टीम अंजू अभिमन्यु के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा व संचालन मीडिया प्रभारी राहुल दुबे ने किया। मौके पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि हम जात धर्म की बात नहीं करते हैं। हम सिर्फ विकास की बात करते हैं। विकास के लिए विश्रामपुर मझिआंव विस क्षेत्र में राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत है जिसके लिए इस बार जनता भी तैयार भी बैठी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को इस बदलाव का वाहक बनाना चाहिए। इसके अलावा समारोह को कन्हाई मेहता,वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी और अली अहमद ने भी संबोधित किया। मौके पर उस्मान अंसारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामचंद्र साव, गुड्डू शुक्ला, सोनू खलीफा, हरिहर पाल, सूर्यदेव यादव, विनोद विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# अबतक की सभी राज्य सरकारों ने सिर्फ ओबीसी को छला: ब्रह्मदेव प्रसाद

- ओबीसी एकता अधिकार मंच ने लोगों से किया जनसंवाद, संघर्ष का फूंका बिगुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बीडी प्रसाद।

**विश्रामपुर (पलामू)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद के नेतृत्व में विश्रामपुर विस क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जनसंवाद के माध्यम से पिछड़े समाज के लोगों को राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक व आरक्षण जैसे विभिन्न मुद्दों पर एकजुट और जागरूक किया जा रहा है। सरकारी और गैरसरकारी सेक्टरों में जनसंख्या के आधार पर भागीदारी सुनिश्चित करने का मांग भी उठाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को बिश्रामपुर विस क्षेत्र अंतर्गत उंटारी बाजार स्थित मां भगवती मंदिर प्रांगण में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। मौके पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी की आबादी 60 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद भी सरकार ओबीसी वर्ग को मात्र 14% आरक्षण दे रही है जो कतई न्यायोचित नहीं है। राज्य के पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग को जातीय जनगणना के आधार पर 52% आरक्षण मिलना चाहिए लेकिन हक सिर्फ मांगने से नहीं मिलता। हक पाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील सामाजिक व राजनीतिक लोग हैं, फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए हक और अधिकार से वंचित रखा गया है।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर कैंडल मार्च आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सीबीसी डालटनगंज द्वारा योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में लगायी जायेगी दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी
- विभाजन का दंश झेल चुके पीड़ितों का होगा सम्मान
- हर घर तिरंगा रैली का होगा आयोजन, आम लोगों से तिरंगा फहराने की अपील
- रंगोली, पेंटिंग्स एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं के जरिये विद्यार्थी दिखायेंगे प्रतिभा
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया जायेगा पौधरोपण

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज, मेदिनीनगर में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी दिनांक 14 एवं 15 अगस्त को किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में विभाजन की पीड़ा झेल चुके लोगों या उनके वंशजों का सम्मान भी किया जायेगा। 13 अगस्त को विभिन्न जागरूकता एवं प्रतियोगी कार्यक्रम भी किये जायेंगे। साथ ही विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर मेदिनीनगर शहर में राष्ट्र के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सायं सात बजे से कैंडल मार्च निकाला जायेगा।

**तिरंगा रैली में की जायेगा तिरंगा फहराने की अपील :** आम लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने एवं भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाल कर हर घर तिरंगा फहराने की अपील की जाएगी। रैली में आम लोगों के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

**देशभक्ति गीत, रंगोली एवं पेंटिंग्स में विद्यार्थी दिखायेंगे विभाजन का दंश :** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विद्यार्थियों के बीच देशभक्ति गीत, रंगोली एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिताएं की जायेगी। इन प्रतियोगिताओं में सभी छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। रचनात्मक कृतियों/प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र के साथ-साथ पुरस्कृत भी किया जायेगा।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत होगा पौधरोपण :** विश्व पर्यावरण दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के साथ ही दुनियाभर के लोगों से अपील करते हुए कहा था कि वे अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगायें। उन्होंने इससे जुड़ी तस्वीर नेट पर एक पेड़ मां के नाम के साथ जरूर साझा करने की भी बात कही थी। इसी के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 14 अगस्त को किया जायेगा।

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बारे में :** राष्ट्र के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को उचित श्रद्धांजलि के रूप में, सरकार ने हर साल 14 अगस्त को उनके बलिदान को याद करने के दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से देशवासियों की वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेले गये दर्द और पीड़ा की याद आएगी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य विभाजन के दौरान हुई त्रासदी को याद रखना और उन लोगों को श्रद्धांजलि देना है।

### दूसरी बार नगर अध्यक्ष बनने पर किया सम्मानित



**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा नेता बबन राम को लगातार दूसरी बार पार्टी का विश्रामपुर नगर अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। इसके अलावा कई पार्टी कार्यकर्त ओं ने उन्हें सम्मानित किया। वरीय नेता शिवबंश मिश्रा ने सोमवार को नवनियुक्त नगर अध्यक्ष बबन को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बबन ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर करने की प्रेरणा देगा। मौके पर रामानंद तिवारी, संतोष राम मौजूद थे।

### ताली में किराना दुकान से नगद सहित 40 हजार रुपये के सामान की चोरी

**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के ताली चौक के पास स्थित राघवेन्द्र तिवारी के दुकान से चोरों ने नगद सहित करीब 40 हजार के सामानों की चोरी कर ली। घटना रविवार रात की बतायी जा रही है। दुकानदार राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि रोज की तरह रविवार की शाम में वे दुकान बंद कर घर गये थे। सोमवार की सुबह आये तो देखा कि दुकान की छत का करकट टूटा हुआ है। राघवेन्द्र ने चैनपुर थाना में चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार



**नावा बाजार पलामू।** थाना की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के फरार अभियुक्त महेंद्र चौधरी के घर पर इश्तेहार साटा है। पुलिस ने बताया कि बिश्रामपुर थाना कांड संख्या 60/2000, आर्म्स एक्ट तथा353/307/34 भादवि के अभियुक्त महेंद्र चौधरी पिता मुटुर चौधरी ग्राम रजदीरिया थाना नावा बाजार के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत इश्तहार को विधिवत तामिल किया गया। पुलिस ने कहा कि अभियुक्त समय पर जल्द न्यायालय में हाजिर हो नहीं तो आगे की भी कार्रवाई की जायेगी।

### हेमंत ने राज्य में किये कई विकास कार्य : राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** परिसदन भवन में झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा और केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और अन्य योजनाओं की जानकारी दी। श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना सहित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने और उसके महत्व के बारे में बताया। कहा कि हइउम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में कई विकास कार्य किये गये और जारी हैं।

## ओबीसी आरक्षण की मांग उठाना बहुत ही जरूरी है : ब्रह्मदेव प्रसाद

- ओबीसी एकता अधिकार मंच ने उंटारी बाजार में जनसंवाद कर फूंका बिगुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उंटारी रोड पलामू।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद के नेतृत्व में रांची से चलकर पलामू जिला के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम कर पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों का राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक, आरक्षण जैसे विभिन्न जरूरी क्षेत्रों में जनसंख्या के आधार पर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एकजुटता प्रदर्शित किया जा रहा है।

इसी क्रम में श्री ब्रह्मदेव ने बिश्रामपुर विस क्षेत्र अंतर्गत उंटारी रोड, उंटारी बाजार में स्थित मां भगवती मंदिर प्रांगण में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान हजारों की संख्या में ओबीसी समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर एकजुट होकर अपने हक अधिकारों के लिए आवाज उठाया।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**पंडवा पलामू।** पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर विभिन्न सरकारी कार्यालयों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया है। कहा कि पंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 8:30 बजे, पंडवा थाना में नौ बजे, पंडवा प्रखंड के सभी विद्यालयों में साढ़े नौ बजे, सभी बैंक में 10 बजे व सभी पंचायत सचिवालय में 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। बीडीओ ने समय सारणी संबंधित पत्र की प्रतिलिपि सभी संबंधित कार्यालय प्रधान, प्रमुख, उप प्रमुख, सभी पंचायत समिति व ग्राम पंचायत को भेजा है।

## अटल स्मृति भवन में किया गया शिव चर्चा का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के अटल स्मृति भवन में भव्य शिवचर्चा की गयी। शिव भक्त गुरू धनंजय राय के नेतृत्व में आयोजित शिव चर्चा में गुरु भाई धनंजय राय ने बताया कि जगत गुरू शिव की शिष्यता ही अब एक मात्र विकल्प है, शिव जन-जन के गुरू हैं। इन्हें अपनाकर जीवन सफल बना सकते हैं। बताया कि वर्तमान समय में मानवीय गुण प्रायः लुप्त हो गया है। इसके अभाव में आज सत्मार्ग की राह गुरू से ही संभव है। बिना गुरू, प्राणी, खासकर मानव अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकता। गुरू मात्र परमात्मा शिव है इन्हें आदि गुरू व जगत गुरू भी कहा गया है।

# महापुरुषों के व्यक्तित्व-कृतित्व को बताकर समाज को जगाना महान कार्य : नामधारी

- गोस्वामी तुलसीदास एवं पंडित रामदीन पाण्डेय की जयंती मनायी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते और दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते नामधारी।

**खास बातें :** मौके पर पूर्व स्पीकर श्री नामधारी ने कहा कि तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना कर दुनिया को जीवन की सही राह दिखाई है। तुलसीदास की रामराज्य परिकल्पना को साकार कर सर्वत्र खुशहाली व शांति लायी जा सकती है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए डॉ सत्यकेतु संजय की सराहना करते हुए कहा कि महापुरुषों के व्यक्तित्व व कृतित्व को बताकर समाज को जगाना महान कार्य है। मौके पर पांकी विस क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि उनके पिता स्व. विदेश सिंह ने जैतुखाड़ मोड़ के पास पंडित रामदीन पाण्डेय के नाम से तोरणद्वार बनवाकर उनकी अद्वितीय विद्वता को सम्मान दिया है। हम इस कार्य को आगे बढ़ायेंगे। नेता श्याम नारायण दूबे ने गोस्वामी तुलसीदास को दुनिया का मार्गदर्शक तथा पंडित रामदीन पाण्डेय को प्रकाश पुंज बताकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पत्रकार गोकुल बसंत ने कहा कि पंडित रामदीन पाण्डेय की पुस्तकों के पुनर्प्रकाशन के साथ उनके अप्रकाशित पांडुलिपियों की खोज कर प्रकाशित कराना चाहिए। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक हरिवंश प्रभात ने एक गीत के माध्यम से पंडित रामदीन पाण्डेय की महानता का बखान किया।

**मेदिनीनगर।** पंडित रामदीन पाण्डेय शोध संस्थान के तत्वावधान में बेलवाटिका स्थित बंधन मैरिज हाल में गोस्वामी तुलसीदास की 527 वीं एवं पंडित रामदीन पाण्डेय की 129 वीं जयंती मनायी गयी। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर इंदरसिंह नामधारी एवं पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसकी अध्यक्षता ज्योतिर्विद विजयानंद सरस्वती ने की जबकि संचालन संयोजक डॉ सत्यकेतु संजय ने किया। स्वागत भाषण अधिवक्ता शिवनाथ अग्रवाल ने किया।

# भोलेनाथ की पूजा-अर्चना से सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं : हरि किशोर

- सोमवारी को करमड़ी शिव मंदिर में हुआ जलाभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कार्यक्रम के दौरान रूद्राभिषेक करते लोग।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्थित कोयल अमानत नदी के संगम पर करमड़ी स्थित बाबा भोलेनाथ के प्रांगण में समाजसेवी हरीकिशोर दुबे के द्वारा सावन माह में सोमवारी को रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। मौके पर चैनपुर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह जन कल्याण ट्रस्ट के संचालक मुखिया संतोष दुबे उर्फ पपलू दुबे, जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, वरिष्ठ सदस्य संतोष दुबे, सेवानिवृत शिक्षक श्याम किशोर दुबे, उमाकांत दुबे, पूर्व बिहार विकास समिति के अध्यक्ष शिशिर दुबे, धमार्चार्य पंडित गोपाल मिश्रा के द्वारा पूजा का कार्य संपन्न हुआ। मौके पर मुखिया संतोष दुबे ने कहा कि यह मंदिर कोयल नदी अमानत की संगम पर बाबा भोलेनाथ का काफी मनभावन है। यहां पर लोग आस्था के साथ आते हैं और उनकी मनोकामना और मनो सिद्ध दोनों परिपूर्ण होता है। अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने बताया कि मंदिर का प्राचीन इसी गांव स्वर्गीय अगस्त दुबे के द्वारा यह मंदिर का कार्य शुरुआत की गयी थी। इस पावन बेला पर लक्ष्मी नारायण यज्ञ का भी आयोजन पूर्व में किया गया था। यहां महाशिवरात्रि के मौके पर मेला का भी आयोजन किया जाता है। जनकल्याण ट्रस्ट के माध्यम से इस मंदिर प्रांगण को अधूरे कार्य को पूरा करने का भी निर्णय लिया गया। समाज सेवी हरीकिशोर दुबे ने कहा कि सावन माह में रुद्राभिषेक, पूजा अर्चना व हवन से मन को शांति मिलती है।

# जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न, घर-घर जाकर होगी कुष्ठ मरीजों की खोज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2024 अंतर्गत जिला समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक में सीएस डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जिले में 28 अगस्त से 13 सितंबर तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान का संचालन किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के संपूर्ण आबादी का शत प्रतिशत कुष्ठ रोग से संबंधित शारीरिक जांच किया जाएगा। इसके लिए पूरे जिले में 1408 खोजी दल बनाए गए हैं। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ कौशल सहगल ने बताया कि कुष्ठ रोग बहुत ही धीरे फैलने वाली संक्रामक बीमारी है, जिसका समय से इलाज न करने पर शरीर में विकलांगता की समस्या आ जाती है। आंख और हाथ बुरी तरह प्रभावित हो जाते हैं। बताया कि पूरे जिले में यह अभियान चलाया जाना है, जिसमें स्वास्थ्य सहिया और एक पुरुष कार्यकर्ता द्वारा प्रत्येक घर के लोगों की शारीरिक जांच की जाएगी तथा लोगों को कुष्ठ रोग तथा इसके रोकथाम व समुचित इलाज की जानकारी से भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के लगभग 1684520 लोगों की कुष्ठ रोग से संबंधित स्क्रीनिंग के लिए 1408 खोजी दल का गठन किया गया है, जो अपने-अपने आवंटित क्षेत्र के सभी घरों में जाकर रोगियों को चिन्हित करते हुए कुष्ठ रोग एवं इसके उन्मूलन का संदेश देंगे। साथ ही चिन्हित रोगियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपुष्टि के लिए भेजी जाएगी, जहां पर चिकित्सकों के द्वारा उन लोगों का जांच किया जाएगा और रोग की संपुष्टि होने पर समुचित इलाज प्रारंभ किया जाएगा।

डीसी श्री जमुआर ने कहा कि कुष्ठ रोगी खोज अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी प्रखंडों में समन्वय समिति की बैठक आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें। खोजी दल के सदस्यों को प्रशिक्षण सामग्रियों का वितरण स्क्रीनिंग एवं अन्य कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला कुष्ठ समन्वयक डॉ भारत भूषण, फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।


बैठक करते डीसी।

## मंत्री ने विभिन्न गांवों में जनसंवाद कर सुनी ग्रामीणों की समस्या, किया निदान

# साढ़े चार वर्षों में गढ़वा ने विकास का कीर्तिमान स्थापित किया : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा प्रखंड को विभिन्न गांवों में जनसंवाद आयोजित कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मंत्री ने मौके पर ही कई समस्याओं का निदान किया। जबकि शेष समस्याओं का निदान यथा शीघ्र करने की बात कही। इस दौरान मंत्री गढ़वा प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत के बरवा टोला में शब्बीर आलम खां व हाजी रऊफ के घर के समीप, ग्राम पिपरा में मदरसा के समीप, बना मोड़ के समीप, लापो में बुधन खां के घर के समीप, ग्राम बाएं में शिव मंदिर के समीप, गांगी खुर्द बर पेड़ के समीप, गांगी कला में देवी धाम के समीप, गरनाहा में कविता देवी के घर के समीप आयोजित जन संवाद में ग्रामीणों से मिले।


ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड राज्य बनने के बाद से पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में चैतरफा विकास हो रहा है आजादी के बाद से अब तक गढ़वा के इतिहास में जो विकास कार्य नहीं हो सका था वह अब हो रहा है। काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा ने विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता ने पूर्व में किसी को 17 साल, किसी को 10 साल मौका दिया। लेकिन सभी ने अपने-अपने तरीके से सिर्फ धोखा ही दिया। लोग सिर्फ चुनाव के समय आते थे और जैसे-तैसे चुनाव जीत कर गायब हो जाते थे। इन्हीं लोगों की देन है कि गढ़वा की स्थिति काफी बदतर बनी हुई थी। मंत्री ने कहा कि आप सभी ने वर्ष 2019 में मुझे आशीर्वाद देकर अपना सेवक चुना। उसके बाद से लगातार दिन-रात एक करके मैं गढ़वा के विकास में लगा हुआ हूं। तब आज गढ़वा के कोने-कोने में विकास की किरण दिखाई पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि कौन जनता का हितैसी है और कौन जनता के साथ धोखेबाजी करता है। आने वाले समय में सभी लोग सोच विचार कर विकास करने वाले व्यक्ति को अपना बहुमूल्य वोट दें एवं हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनकर अपना एवं राज्य का भला करने का मार्ग प्रशस्त करें। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चैबे, हुसैन अली, संजय कांस्यकार, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, अंसार खां, राजेंद्र पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने किया सर्वे

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अल्पसंख्यक बहुल्य मुख्य बस्ती तक जाने के लिए सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण कार्य विभाग गढ़वा के कनिय अभियंता संजीव कुमार ने धुरकी में पीडब्ल्यूडी पथ (गुलशन चैक) से मस्जिद होते दिलवर मीयां के घर से नदी तक पथ निर्माण के लिए सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। बता दें कि गत एक सप्ताह पूर्व कांग्रेस के गढ़वा जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर धुरकी मुख्य बस्ती तक जाने के लिए सड़क निर्माण के लिए मंत्री को आवेदन सौंपकर सड़क निर्माण के लिए मांग किया था। इसके बाद ग्रामीण कार्य विभाग गढ़वा के द्वारा उक्त सड़क का निर्माण के लिए सर्वे कर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है।


जांच करते विभाग के लोग।

## जिला अभियंता कार्यालय ने निकाला टेंडर, जिप सदस्यों में नाराजगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** जिला परिषद के निधि से कराई जाने वाली उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण एवं कई जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारे जाने के लिए बगैर जिला परिषद सदस्यों की बोर्ड की बैठक में पारित किए जिला अभियंता कार्यालय द्वारा टेंडर निकाल दिया गया। जिसको लेकर जिला परिषद सदस्यों में काफी नाराजगी व्यक्त किया जा रहा है। इस संबंध में सभापति स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति तथा महिला, शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति सह जिला परिषद के जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव अपने पूरे जिला परिषद सदस्यों के साथ एक लिखित आवेदन उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक अभियंता जिला परिषद गढ़वा को एक लिखित आवेदन देकर निकल गई निविदा रद्द करने की मांग किया है।

आवेदन में कहा गया है कि जिला परिषद सदस्यों की बोर्ड की बैठक में बगैर अनुमोदन के संबंधित विभाग कार्यालय द्वारा टेंडर निकाला गया है। उस सभी टेंडर को रद्द करने की मांग किया है और साथ ही कहा गया है। जो भी निविदा प्रकाशित हो उसे बोर्ड के बैठक में नियमानुसार पारित कर ही निकाला जाए। साथ ही क्षेत्र के चर्चित अखबार में उसे निविदा को प्रकाशित किया जाए। ताकि अधिक से अधिक संख्या में संवेदक भाग ले सकें। ताकि अधिक से अधिक सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो सके। जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लिए बगैर एवं पार्षदों की सहमति बिना अवैध तरीके से निविदा निकाली गई है। जो निरस्त करने योग है। उन्होंने कहा कि जारी किए गए टेंडर की संबंधित कार्यालय के मिली भगत से निम्न स्तर के अखबारों में संभवत निविदा को प्रकाशित कर खानापूर्ति की गई है। ताकि अपने मन चाहे संवेदक को टेंडर दिलाया जा सके। जबकि जिले में प्रदेश के चर्चित समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि संबंधित विभाग के द्वारा भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि इसके पूर्व जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीडा का संवर्धन कार्य का टेंडर निकाला गया है। वो भी इसी तरह से निकाली गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पूर्व एवं वर्तमान में निकाली गई निविदा को रद्द नहीं किया गया तो हम सभी जिला परिषद सदस्य अपनी चटानी एकता का परिचय देते हुए जिला परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर मजबूर हो जाएंगे।

# वाल्मीकिनगर के तमसा नदी में फंसे 69 श्रद्धालुओं को एसएसबी और एपीएफ ने सुरक्षित निकाला

**पश्चिम चंपारण।** वाल्मीकिनगर स्थित भारत-नेपाल सीमा पर 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कार्यक्षेत्र एफ समवाय वाल्मीकि आश्रम के कार्मिकों और एपीएफ नेपाल के कर्मियों ने वाल्मीकि आश्रम (नेपाल) में दर्शन करने आए लगभग 69 श्रद्धालुओं को तमसा नदी के तेज धार में बहने से सकुशल बचाते हुए पार कराया। बताया गया है कि सोमवार की सुबह लगभग पांच बजे 69 श्रद्धालु भारत से वाल्मीकि आश्रम (नेपाल) दर्शन करने गये थे। वापसी में तमसा नदी में तेज बहाव के साथ पानी के स्तर में वृद्धि होने लगा, जिससे कुछ श्रद्धालु नदी में फंस गए और चीख-पुकार करने लगे। एफ समवाए के समवाय प्रभारी को और एपीएफ नेपाल के पोस्ट कमांडर को इसकी सूचना मिली। दोनों प्रभारियों ने तत्परता दिखाते हुए अपने-अपने कर्मियों के साथ नदी के पास पहुंचे और मानव श्रृंखला बनाकर 31 पुरुषों, 29 महिलाओं और 09 बच्चों को सकुशल तमसा नदी से बाहर निकाला।



## सारण में अज्ञात बीमारी से दो बच्चों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में अज्ञात बीमारी से दो बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि कोरैया गांव निवासी गोलू कुमार के तीन पुत्र देवेश, गणेश, और अमितेश रात में खाना खाकर सो रहे थे। अचानक ही उनके पेट में दर्द हुआ। इसके बाद बच्चों को उल्टी और दस्त हुआ। परिजन बच्चों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। सदर अस्पताल ले जाने के दौरान देवेश और गणेश की मौत हो गयी।

# 20 करोड रुपए की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण, झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति

## गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों से विरोधियों की पैरों तले जमीन खिसक गई है : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रखंडों में लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले के मेराल, रंका एवं रमकंडा प्रखंड में साढ़े सोलह किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मेराल प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ अरंगी से उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरंगी, उच्च विद्यालय एवं पंचायत भवन होते हुए अरंगी सीमा तक छः करोड़ 84 लाख 60 हजार 800 रुपए की लागत से 6.3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जबकि रमकंडा प्रखंड में चोरवा सेमर से उदयपुर पंचायत भवन तक आठ करोड़ 40 लाख 51 हजार 900 रुपए की लागत से 6.3 किमी तथा रंका प्रखंड में चुटिया बलीगढ़ पीएमजीएसवाई रोड से पंचायत भवन तक चार करोड़ 83 लाख 37 हजार 700 रुपए की लागत से 3.8 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सड़कें अति महत्वपूर्ण हैं। इन सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन सड़कों से दोपहिया वाहनों को भी गुजरने में काफी कठिनाई हो रही थी। क्षेत्र के ग्रामीण काफी लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने इन सड़कों की खस्ताहाल देखकर ग्रामीणों से शीघ्र निर्माण करने का वादा किया था। वह वादा अब पूरा हो गया है। जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन का लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा का कोई भी गांव, कोई भी टोला बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। वे पूरे गढ़वा का ब्लूप्रिंट तैयार कर विकास कार्यों को किया जा रहा है। मंत्री ने कहा गढ़वा में हो रहे चैतरफा विकास से विकास विरोधियों की पैरों तले जमीन खिसक गई है। जो लोग खुद अपने कार्यकाल में कोई भी विकास कार्य नहीं कर सके वे अब झूठ फरेब का सहारा लेकर पुनः क्षेत्र में भटक रहे हैं।


मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

## स्पीड न्यूज

### बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा : शकील




**किशनगंज।** कांग्रेस जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में विधायक सह किशनगंज प्रभारी डॉ शकील अहमद ने कहा कि डेवलपमेंट के इंडेक्स में बिहार पीछे है। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। तभी बिहार का विकास संभव है। बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर बिहार के सभी जिलों में एक साथ प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि डिवाइड एंड रूल से राज्य व देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास होना चाहिए। ग्रामीणों को गांव से शहर आने में काफी परेशानी होती है। गांव में पुल व पुलिया का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में विधि व्यवस्था की स्थिति बेहतर नहीं है। दान की चीज पर अंकुश लगाना बेहतर नहीं है। डॉ शकील अहमद ने कहा कि देश मे नफरत का बाजार ज्यादा दिन तक नहीं चलेगा। देश की जनता सब समझती हैं। वक्फ बोर्ड पर जो बिल आया है इसमें सूबे के मुख्यमंत्री को बोलना चाहिए। प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू, वरीय नेता साहेब आलम, इला देवी, उपाध्यक्ष तौसीफ अंजर, नगर अध्यक्ष सजल कुमार साहा, शंभु यादव, किशनगंज प्रखंड अध्यक्ष बादल, अतुल कुमार, आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने की महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई

**फारबिसगंज/अररिया।** स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत अररिया जिला और अररिया नगर के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को महिला मोर्चा के नगर अध्यक्षा रीना जेन की अध्यक्षता में अररिया शहर के कई महापुरुषों के प्रतिमा और उसके आसपास स्वच्छता कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बीजेपी जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, नगर अध्यक्ष संजय अकेला, निवर्तमान जिला अध्यक्ष संतोष सुराना, जिला मंत्री सुष्मिता ठाकुर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश राज महिला मोर्चा के जिला महामंत्री ज्योति भगत युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दीपक मंडल महिला मोर्चा के प्रवक्ता कनकलता झा वाजपई नगर अति पिछड़ामोर्चा के अध्यक्ष संजय मंडल अंकित सेन पूर्व नगर अध्यक्ष विजय जेन रामानंद यादव सुरजानंद यादव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले थाना चौक स्थित रेनू जी के प्रतिमा उसके बाद सुभाष चौक स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा इसके उपरांत अनुमंडल पदाधिकारीके सामने स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा एवं उसके आसपास साफ सफाई किया।

### हर जिले में होगी हमारी भागीदारी: राजू तिवारी

**किशनगंज।** विधानसभा चुनाव में हर जिले में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं। चुनाव को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है। सोमवार को शहर के खगड़ा में स्थित सम्राट अशोक भवन में पार्टी के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में यह बातें लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कही। इससे पूर्व स्व. रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

## खबर एक नजर में

### नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में एक और अभियुक्त को मिली जमानत

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में आज जेल में बंद एक और अभियुक्त को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया वहीं गिरफ्तार एक अन्य अभियुक्त को आठ दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी रिंकू की अदालत में याचिका दाखिल कर इस मामले के जेल में बंद अभियुक्त मुकेश कुमार की ओर से उसे मुक्त किए जाने की प्रार्थना की गई थी। दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इस अभियुक्त को दस-दस हजार रुपये के दो जमानतदारों के साथ इसी राशि का बंध पत्र दाखिल करने पर जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने 01 अगस्त 2024 को दाखिल किए गए अपने आरोप पत्र में इस अभियुक्त को आरोपित नहीं किया है। समान परिस्थितियों में इस अदालत ने इससे पूर्व दो अन्य अभियुक्तों को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया था।

### नीतीश ने लालू और तेजस्वी का राजनीतिक भाग्य संवारा : भाजपा

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव का राजनीतिक भाग्य संवारा है इसलिए दोनों को हमेशा उनका आभारी रहना चाहिए। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार ने राजद से हाथ मिलाकर श्री लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव का राजनीतिक भाग्य संवारा है। उन्होंने कहा कि यदि श्री कुमार ने राजद से हाथ नहीं मिलाया होता तो यह पार्टी दुबारा नहीं खड़ी हो पाती।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा।** केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' थीम से सोमवार को यहां जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन के अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्री रोशन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा है कि नशा नाश का जड़ है। इसीलिए प्रत्येक लोग अपने परिवार से, अपने घर से, समाज से एवं अपने जिले से नशा को हटाने के लिए कृत संकल्पित हो। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पहले से ही इस बात के लिए कृत संकल्पित है। बिहार में मद्यनिषेध की नीति लागू है ताकि समाज को नशा मुक्त बनाकर बेहतर बिहार बनाने के लिए प्रयास हो सके।

### राजद कभी नहीं रहा मुसलमानों का हितैषी : जन सुराज

**पटना।** जन सुराज ने राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) पर मुस्लिमों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया और कहा कि लालू प्रसाद यादव की पार्टी कभी मुसलमानों की हितैषी नहीं रही है। जनसुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने सोमवार को यहां कहा कि बत्तीस वर्षों से मुस्लिम भाइयों से बंधुआ मजदूरी कराने वाले राजद सुप्रीमो श्री यादव को आज मुस्लिमों की याद आयी है। राजद नेता तेजस्वी यादव घड़ियाली आंसू तब बहा रहे हैं जब उन्हें यह एहसास हो गया है कि उनके लालटेन से तेल बनकर जलने वाले मुस्लिम भाई जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार तथा सुप्रसिद्ध गांधी वादी प्रशांत किशोर के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए तेजी से शामिल हो रहे हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा का वितरण किया गया

**सहरसा।** स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर मुहिम चलाया जा रहा है ।वही तिरंगा ध्वज का वितरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ नें इस अभियान को सफल बनाने हेतु लोगों के बीच तिरंगा ध्वज वितरित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। श्री सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा फहराने को लेकर सफल अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का तिरंगा झंडा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। इस राष्ट्रीय ध्वज के लिए वीर शहीद क्रांतिकारी के साथ-साथ अनेक महापुरुषों ने अपना बलिदान दिया है ।आजादी के अमृत वर्ष में तिरंगा झंडा को घर-घर फहराया जाने को लेकर लोगों में काफी उमंग देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा सभी गुलामी के कानून को समाप्त कर हर्ष और उल्लास के साथ तिरंगा ध्वज फहराये जाने को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी डाकघर में तिरंगा झंडा सस्ते दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं खाद्यी ग्रामउद्योग सहित विभिन्न प्रतिष्ठान द्वारा भी तिरंगा झंडा की बिक्री की जा रही है। इस क्रम में एमएलटी कॉलेज के गेट पर रोशन झा के द्वारा तिरंगा वितरण किया गया। इस अवसर पर हर्ष वर्मा, कन्हैया मिश्रा, राकेश कुमार, सार्थक यादव, चंदन कुमार, मनोज गुप्ता, संजय गुप्ता, संहित अन्य उपस्थित रहे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा और हमले बडी साजिश का हिस्सा : प्रवीण



**अररिया।** महजबी कट्टरपंथी ताकतों द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर जारी हिंसक हमले, अत्याचार, मठ मंदिरों में तोड़फोड़, महिलाओं के साथ बलात्कर की घटना को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने अक्षम्य कृत्य बताया और बड़ी साजिश का हिस्सा करार देते हुए कड़ी निंदा की है। साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले मामले में भारत मे कांग्रेस सहित विपक्षी दलों की चुप्पी पर सवाल खड़े किए। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने जिलाध्यक्ष उमेश राणा एवं जिला संयोजक संदीप कुमार के साथ ये बातें प्रेस वार्ता में कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने बांग्लादेश में जारी कृत्य पर रोक लगाने के साथ हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार सहित यूएनओ से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दू, बौद्ध एवं अन्य अल्पसंख्यक की सुरक्षा पर जोड़ देते हुए कहा कि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों को सिर्फ गाजा और फिलस्तीन की चिंता है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार की नही। प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने बांग्लादेश की हिंदुओं की मानवाधिकार स्थिति पर चिंता जताते हुए भारत सरकार से भारत और बांग्लादेश की 4096 किलोमीटर लंबी सीमा की सुरक्षा को पाकिस्तान की सीमा के समान मजबूत करने पर बल दिया।

### जम्मू-कश्मीर में जवान दीपक यादव के शहीद होने पर नीतीश मर्माहत

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में बिहार के सारण जिला के रहनेवाले सेना के जवान दीपक यादव के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने सोमवार को कहा कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। उन्होंने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

खबर एक नजर में

## भारत के मुस्लिम नेता करें बांग्लादेश के नेताओं से हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग : शान्ता कुमार

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत की सरकार एवं जनता ने पूरा समर्थन दिया था, उसी बांग्लादेश में आज हिन्दुओं का जीवन खतरे में हैं। हिन्दुओं के घरों को जलाया जा रहा है और उन सब की हत्या करने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्बंध में पूरी दुनिया में भारतवासी अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत सरकार को इस सम्बंध में अतिशीघ्र हर संभव तरीके से बांग्लादेश के हिन्दुओं की रक्षा करनी चाहिए। भारत सरकार को अन्तरराष्ट्रीय मंच पर भी इस ज्वलंत प्रश्न को उठाना चाहिए। शान्ता कुमार ने सोमवार को कहा कि भारत हिन्दु बहुसख्यंक देश है परन्तु यहां सभी अल्पसंख्यक पूरे सम्मान और सुरक्षा के साथ रहते हैं। परन्तु पड़ोसी बांग्लादेश में हिन्दुओं का जीवन आज खतरे में है। भारत के मुस्लिम नेताओं का यह परम कर्तव्य है कि वे बांग्ला देश के नेताओं से बड़े जोर से यह कहे कि जब भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक को पूरी सुरक्षा दी जाती है तो बांग्लादेश में भी हिन्दू अल्पसंख्यक हिन्दुओं को पूरी सुरक्षा मिलनी चाहिए। बांग्लादेश की राजनीति की स्थिति अस्थिर है। लम्बे समय तक यह अस्थिरता रहेगी। भारत सरकार को बांग्लादेश के हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए युद्ध स्तर पर अतिशीघ्र कदम उठाने चाहिए।

## जलशक्ति मंत्री ने कहा- बीजीसीसी कम्पनी पर होगी कार्रवाई, दोषी जाएंगे जेल

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जल निगम ग्रामीण के नवीन सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि झांसी, जालौन में धीमी गति से कार्य करने वाली बृज गोपाल कंस्ट्रक्शन अर्थात बीजीसीसी कम्पनी पर कार्रवाई होगी। कम्पनी के जिम्मेदार लोगों की प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव जांच करायें एवं जिससे दोषियों को जेल भेजा जाएगा। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि इसके अलावा सोनभद्र में भी धीमी रफ्तार है, वहां के इंजिनियरों और एजेंसियों को अपनी रफ्तार बढ़ानी चाहिए। परियोजना की गुणवत्ता और गति पर ध्यान दिया जाए। समीक्षा बैठक में सीतापुर, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता को स्वतंत्रदेव सिंह ने फटकार लगाई गई। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी इंजिनियर के खिलाफ बिल रोके जाने की शिकायत मिलती है, तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। पाइपलाइन का काम पूरा नहीं हुआ है, सड़कें खुदी हुई हैं। पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई कार्य समाप्त होने के बाद तुरंत सड़कों की मरम्मत का काम पूरा कराएं। जिन जगहों पर एक या डेढ़ साल से काम चल रहा है, अगर वहां गड्ढ़ा मिला तो दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## मजार पर आई महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या।** गांव में मजार पर सजदा करने गई एक महिला के साथ एक व्यक्ति ने दुराचार किया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। आरोप है रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की सुबह करीब 7 बजे कर्बला की एक मजार पर रोज की तरह सजदा करने गई लगभग 33 वर्षीय अविवाहित मुस्लिम महिला को गांव निवासी दो बच्चों का पिता लगभग राम अनुज वर्मा ने जबरन दबोच कर पास के एक आम की बाग में खींच ले गया और दुराचार किया। महिला के विरोध पर उसे मारा पीटा और किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। आपबीती घर आकर महिला ने परिजनों को बताया और जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पीड़िता के परिजनों ने पहले सूचना 112 पर पुलिस को दी।

# डाक्टरों की हड़ताल से देशभर में चिकित्सा सेवा बाधित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में एक महिला रेजिडेंट डाक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में सोमवार से देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

हड़ताल का आयोजन फेडरेशन आफ आल इंडिया रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने किया है रेजिडेंट या जूनियर डाक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए देश के सभी सरकारी अस्पतालों ने व्यापक प्रबंध किये हैं जिससे आपातकालीन सेवायें बाधित नहीं हो। सभी वरिष्ठ डाक्टरों के अवकाश और दौरे रद्द कर दिये गये हैं और उन्हें संबंधित अस्पतालों के विभागों में पहुंचने को कहा गया है।




राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार ओपीडी, आपरेशन और अन्य सेवाओं को बहाल रखने के लिए उचित उपाय किये हैं। लोक नायक अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और वार्ड सेवा पूरी तरह से बंद नहीं होंगी। सफदरजंग अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर, विशेषज्ञ काम करेंगे। शिक्षकों को भी काम करने के लिए कहा गया है।

रेजिडेंट डाक्टर दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। इस बीच कोलकाता के संबंधित अस्पताल के प्रमुख ने त्यागपत्र दे दिया है। चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर महासंघ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और मृतक डॉक्टर के लिए शीघ्र न्याय और देश भर में सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के लिए सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की हैं।

## रविवार तक आरजी कर मामले में पुलिस की जांच पूरी नहीं हुई सीबीआई को सौंप देंगे : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार और हत्या के मामले में पुलिस को जांच जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने रविवार तक जांच पूरी नहीं होने पर मामले को सीबीआई को सौंपने की चेतावनी दी है। आरजी कर अस्पताल की चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल में शुक्रवार को एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार कर हत्या करने की घटना सामने आई। हालांकि, इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और जांच जारी है। राज्य सरकार ने अस्पताल के छात्रों की सुरक्षा सुनिि्त करने के निर्देश भी दिए हैं।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दोपहर में उस महिला डॉक्टर के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार से मुलाकात के बाद कहा कि अगर पुलिस रविवार तक जांच पूरी नहीं करती है, तो मामला सीबीआई को सौंपा जाएगा। उन्होंने इस घटना को दुखद और असहनीय बताते हुए कहा कि दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ममता ने पहले भी इस मामले में दोषियों के लिए फांसी की सजा की बात की थी और कहा था कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है जैसे उन्होंने अपने ही परिवार के किसी सदस्य को खो दिया हो। आरजी कर अस्पताल में हुई इस घटना के बाद मुख्यमंत्री ने फोन पर पीड़िता के परिवार से बात की थी।

# मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर

## इजरायल पर अटैक की तैयारी में ईरान, पनडुब्बी तैनात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ता जा रहा है। माना जा रहा है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला कर सकता है। वहीं तेल अवीव तेहरान बेरूत अम्मान और एरबिल के लिए सभी उड़ानें 21 अगस्त तक रद्द कर दी गई है। तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना भी मिडिल ईस्ट पहुंच गई है और अपने पनडुब्बी की तैनाती भी कर चुका है। हमास के राजनीतिक चीफ इस्माइल हानिया की हत्या के बाद से ईरान गुस्से में है। वह बस इजरायल से बदला लेने की फिराक में है। इधर, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स ने तेल अवीव और बेरूत से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया है। 21 अगस्त तक कोई भी फ्लाइट नहीं चलेगी। वहीं, इजरायल-ईरान तनाव के बीच अमेरिका ने भी सार्वजनिक रूप से मिडिल ईस्ट में पनडुब्बी भेजने का एलान कर दिया है।

**यूएएस ने स्ट्राइक ग्रूप किया तैनात :** अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने मिसाइल पनडुब्बी की तैनाती का आदेश दिया है। ऑस्टिन ने इसको लेकर अपने इजरायली समकक्ष से बात की। तनाव के बीच अमेरिका ने अब्राहम लिंकन स्ट्राइक ग्रुप को क्षेत्र में अपनी तैनाती में तेजी लाने का आदेश दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की रक्षा करो

## भारत की मशहूर हस्तियों ने लिखा ओपन लेटर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर भारतीय काफी चिंतित हैं। देश के कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने एक खुला पत्र जारी कर भारतीय संसद से इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। अपने पत्र में, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को एक गंभीर खतरा बताते हुए चिंता व्यक्त की है।.

उन्होंने पत्र में हाल ही के दिनों में मेहरपुर में इस्कॉन सेंटर और देश के अन्य इलाकों में मंदिरों को जलाने और नुकसान पहुंचाने का जिक्र किया है। इसके साथ ही पत्र में बताया कि वहीं पर दंगाई हिंदुओं को मारने-पीटने के बाद जश्न मना रहे हैं। जो काफी पीड़ादायक है। बांग्लादेश में काफी लंबे वक्त से हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा चल रही है। साल 2013 से अब तक वहां पर 36 हजार से अधिक हिंदुओं पर हिंसा की घटनाएं हो चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक वहां की सेना ने हिंदुओं को आश्वासन दिया कि वो हर कीमत पर उनकी रक्षा करेंगी लेकिन हिंदुओं की रक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। इस पत्र लिखने वालों में लेखक अमिश त्रिपाठी, लेखक आनंद रंगनाथन और जानेमाने वकील जे साई दीपक जैसे मशहूर लोग शामिल हैं।

# इस 15 अगस्त को खास रिकॉर्ड बनायेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 11वीं बार तिरंगा फहराकर देश को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वह लालकिले की प्राचीर से लगातार 11वीं बार देश को संबोधित करने वाले तीसरे प्रधानमंत्री बन जायेंगे। इससे पहले देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के नाम यह उपलब्धि थी। नरेंद्र मोदी ने 9 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश को स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 17 बार संबोधित किया था। वहीं, जनवरी 1966 से लेकर 1977 तक और फिर जनवरी 1980 से लेकर अक्टूबर 1984 तक प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी ने 16 बार देश को संबोधित किया था। इंदिरा गांधी ने भी प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार 11 बार देश को संबोधित किया था।

### मनमोहन को पीछे छोड़ देंगे

पीएम मोदी जब गुरुवार को लालकिले से देश को संबोधित करेंगे, तब वह पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को पीछे छोड़ देंगे। मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में 10 बार स्वतंत्रता दिवस पर भाषण दिया था। ऐसा पहली बार है कि कोई गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री लगातार 11वीं बार देश को लालकिले से संबोधित करेगा। इससे पहले



यह रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम था। उन्होंने 6 बार देश को लालकिले से संबोधित किया था। नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने पहले स्वतंत्रता दिवस के भाषण में स्वच्छ भारत और जनधन खातों जैसी बड़ी योजनाओं की शुरूआत की थी। उसके बाद से लगातार उनके भाषण में किसी न किसी मुद्दे की चर्चा जरूर होती है।

### सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड

पीएम मोदी के नाम स्वतंत्रता दिवस पर सबसे लंबा भाषण देने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। उनके भाषणों की औसत अवधि 82 मिनट की रही है जो भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री से अधिक है। पूर्व प्रधानमंत्री आइके गुजराल 71 मिनट के औसत के साथ दूसरे स्थान पर हैं। यह आंकड़ा उनके 1997 में दिए गए एकमात्र भाषण पर आधारित है। मोदी के भाषणों की अवधि अलग-अलग रही है। 2017 में उनका सबसे छोटा भाषण 55 मिनट का था जबकि 2016 में उनका सबसे लंबा भाषण 94 मिनट का था। 1947 में नेहरू का पहला भाषण केवल 24 मिनट का था। मोदी से पहले इंदिरा गांधी के नाम सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड था। उन्होंने 1972 में 54 मिनट का भाषण दिया था।

### इसबार विकसित भारत थीम

स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के लिए विकसित भारत की थीम रखी गई है। इस थीम का लक्ष्य है कि आजादी के 100 साल पूरे होने पर भारत को विकसित देश बनाना है। बता दें कि बीते साल 2023 में स्वतंत्रता दिवस पर 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' की थीम रखी गयी थी।

## राजस्थान के सवाईमाधोपुर में बांध टूटा

**जयपुर।** राजस्थान में गुजरे कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। जयपुर समेत सात जिलों धौलपुर, करौली, भरतपुर, दौसा, टोंक, सवाई माधोपुर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बीते 24 घंटों में बूंदी के नैनवां व टोंक के दूनी व माशी टैंक में अतिभारी बरसात हुई है। सवाई माधोपुर में बांध टूटने से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। टोंक में जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे पर दो फीट तक पानी भर गया है। भारी बारिश के चलते जयपुर, कोटा, करौली, धौलपुर और दौसा के स्कूलों में मंगलवार को छुट्टी घोषित कर दी गई है।

## बेटी का इब्राहिम से अफेयर? श्वेता तिवारी ने तोड़ी चुप्पी



**अभिनेत्री** श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान एक दूसरे को डेट करने की चचाएं चल रही हैं। इन दोनों स्टारकिड्स को अक्सर पार्टीज और इवेंट्स में साथ देखा जाता है। इतना ही नहीं पलक इब्राहिम और उनकी मां, बहन के साथ गोवा ट्रिप पर भी गई थीं। इस बीच अब इस सारी चर्चा पर श्वेता तिवारी ने चुप्पी के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

दिए एक इंटरव्यू में श्वेता तिवारी ने कहा, "पलक एक बहुत मजबूत लड़की है लेकिन कौन जानता है कि वह कल भी वैसी ही होगी। आप नहीं जानते कि उसके दिमाग में कब कोई टिप्पणी, कोई लेख या कुछ ऐसा आ जाएगा जो उसे हिलाकर रख देगा।" आत्मविश्वास यही मेरा डर है। वह अभी जवान है। लोग हर पल उसके बारे में लिखते हैं कि उसका अफेयर चल रहा है। श्वेता ने ये भी कहा कि पलक इन चचाओं का सिर्फ मजाक उड़ाती हैं। लेकिन कभी-कभी ये बातें उन्हें हैरान भी कर देती हैं। भले ही लोग उनके स्लिम फिगर के बारे में खूब बातें करते हों, लेकिन वह इसका असर खुद पर नहीं पड़ने देतीं। पहले तो वह इन सब बातों की परवाह करती थी लेकिन अब वह जानती है कि ऐसी कई लड़कियां हैं जो उसकी तरह दिखना चाहती हैं। पलक श्वेता और राजा चौधरी की बेटी हैं। श्वेता और राजा का 2007 में तलाक हो गया था। पलक अभी भी अपने पिता के संपर्क में हैं।








वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड।

सार्वजनिक सूचना

प्रायः यह सूचना प्राप्त होती रही है कि राँची जिला (विशेषकर शहरी क्षेत्र में) कई व्यक्तियों के द्वारा जमीन के कागजातों का फर्जीवाड़ा/बल का प्रयोग कर गलत एवं अवैध तरीके से भूमि का हस्तांतरण किया जा रहा है/पूर्व में किया गया है। इस कुकृत्य के निराकरण हेतु पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा एक विशेष जाँच दल का गठन किया गया है।

एतद् के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जमीन का फर्जीवाड़ा करने वाले माफिया, जमीन दलाल/माफिया एवं जमीन दलालों को सहयोग करने वाले व्यक्तियों का नाम/पुलिस–सरकारी कर्मी जो जमीन फर्जीवाड़े में सम्मिलित हो का नाम/अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति की सूचना/जमीन के फर्जीवाड़े में सम्मिलित कार्यालय एवं विभाग से संबंधित सूचना अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड के निम्नांकित ई–मेल आईडी/व्हाटसएप नं0/दूरभाष नं0 के माध्यम से दी जा सकती है। यदि कोई व्यक्ति चाहे तो अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर भी संबंधित अभिलेखों को जमा करा सकते हैं।

e-mail id - <ig-orgcid@jhpolice.gov.in> (IG, OC, CID)
WhatsApp No.- 9771432105 (IG, OC, CID),
9771432106 (Addl. SP, CID)
Telephone No.- 0651-2910660 (Addl. SP, CID)

PRNO 332596 (CID) IPRD 24-25

निवेदक :– अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड।